चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 137, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं 14
तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने 13

# ठेकेदार रमेश गंगवार के ठिकानों पर छापे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली, लखनऊ और काशीपुर से 6-7 ठिकानों पर छानबीन, पार्टनरों के यहां भी पहुंची टीमें**
- **देर रात तक चली जांच, करोड़ों की टैक्स गड़बड़ियां पता चलने की सुगबुगाहट, दस्तावेज कब्जे में लिए**

**अमृत विचार :** दिल्ली और लखनऊ की आयकर टीमों ने बुधवार को सत्य साईं बिल्डर्स नाम की फर्म चलाने वाले प्रमुख ठेकेदार रमेश गंगवार और उनके कुछ पार्टनर के बरेली, लखनऊ और काशीपुर के कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। देर रात तक सभी ठिकानों आयकर टीमें छानबीन में जुटी हुई थीं। आयकर अधिकारियों ने आधिकारिक रूप से तो कोई जानकारी नहीं दी लेकिन बताया गया कि अब तक की छानबीन में करोड़ों की टैक्स गड़बड़ियों का पता चला है। टीमों ने कई दस्तावेज भी कब्जे में लिए हैं।

बरेली में रमेश गंगवार के प्रेमनगर इलाके में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सामने स्थित ऑफिस, इसी से सटे आवास के साथ नवाबगंज में उनके गांव दलेलनगर स्थित घर पर अलग-अलग आयकर टीमें बुधवार सुबह करीब 11 बजे पहुंचीं। बरेली के आयकर विभाग को इस कार्रवाई में शामिल नहीं किया गया। सभी जगह मौजूद लोगों के मोबाइल फोन जमा करा लिए गए और गेट बंद कराकर आने-जाने पर भी पाबंदी लगा दी गई। पता चला कि कुल मिलाकर 6-7 जगह छापा मारा गया है लेकिन आधिकारिक तौर पर साफ नहीं हो सका कि कुल मिलाकर कितनी जगह छानबीन की जा रही है। शहर में रात 10 बजे तक आयकर टीमें जांच में जुटी रहीं।

बताया जा रहा है कि काशीपुर में आयकर टीम को रमेश गंगवार का मकान बंद मिला। लखनऊ के गोमतीनगर के सरस्वती अपार्टमेंट में उनके ठिकाने से भी कुछ हासिल न हो पाने की सूचना है। बताया जा रहा है कि रमेश गंगवार पर सरकारी ठेकों से हुई कमाई में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का शक था। इससे पहले जीएसटी ने रमेश गंगवार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी।

**चार कलस्टरों की 17 सीटों पर भाजपा की कोर कमेटी के साथ की चर्चा**

# चुनाव जीतना मकसद नहीं, अभी कई बड़े काम करने हैं : शाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, एमएलसी सतपाल सैनी, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया।

- **कहा, जनता के बीच पार्टी को सर्वस्पर्शी बनाएं**

**इन सीटों की हुई समीक्षा**
शाह की अध्यक्षता में मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल, पीलीभीत, अलीगढ़ और मथुरा सहित 17 सीटों की समीक्षा हुई।

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारा मकसद चुनाव जीतना नहीं है बल्कि अभी कई बड़े काम करने हैं। इसलिए जनता के बीच पार्टी को सर्वस्पर्शी बनाएं। अब विकास को नई ऊंचाई देने का काम तीसरी बार सत्ता में आने पर मोदी सरकार करेगी। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य सभी के सहयोग पूरा होगा। इसके लिए बड़े विजन वाले नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

गृहमंत्री शाह मुरादाबाद में रामपुर रोड स्थित होटल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले, दूसरे व तीसरे चरण में होने वाले चार कलस्टरों की 17 लोकसभा सीटों पर पार्टी कार्यकताओं में जोश भरने आए थे। उन्होंने बूथ प्रबंधन पर खास जोर देते हुए कहा कि बूथ कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुखों की चुनाव जीतने में अहम भूमिका है। उन्होंने बैठक में विरोधियों के दुष्प्रचार का पार्टी के सोशल मीडिया सेक्टर से जवाब देने को कहा। उन्होंने ईमानदारी से बूथ प्रमुखों, पन्ना प्रमुखों, लोकसभा संयोजकों सहित कोर कमेटी के सभी सदस्यों को जीत के लिए पूरी ताकत से जुटने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गन्ना मूल्य भुगतान में रिकार्ड काम हुआ है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाएं। केंद्रीय गृहमंत्री ने पदाधिकारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि उनके सामने जनता के आशीर्वाद से बड़ी जीत पाने की चुनौती है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, गन्ना व चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, कपिल देव अग्रवाल, बलदेव सिंह औलख, शिक्षामंत्री गुलाब देवी, संदीप सिंह, दिनेश, सोमेंद्र तोमर के अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, छत्रपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, मोहित बेनीवाल, लक्ष्मीकांत वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

**रमज़ान मुबारक**
(बदायूं)
04 अप्रैल 2024 चौबीसवां रोज़ा इफ्तार 6:37
05 अप्रैल 2024 पच्चीसवां रोज़ा सहरी 4:33
(कासगंज)
04 अप्रैल 2024 चौबीसवां रोज़ा इफ्तार 6:36
05 अप्रैल 2024 पच्चीसवां रोज़ा सहरी 4:36
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

# 29 तस्कर सुरक्षाकर्मियों को धक्का दे एयरपोर्ट से भागे

## शारजाह से एक अप्रैल को आए थे 36 सोना तस्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- **एक तस्कर हुआ बेहोश, हंगामा कर भटकाया ध्यान**
- **सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट, टीमें गठित**

**अमृत विचारः** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत में लिए 36 में से 29 आरोपियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को धक्का देकर भागने का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने बुधवार को सरोजनीनगर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमें लगाई गई हैं।

अमौसी एयरपोर्ट पर 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली कि शारजाह से लखनऊ आ रही फ्लाइट से तस्कर 3.5 करोड़ का सोना और सिगरेट ला रहे हैं। टीम ने फ्लाइट से उतरे 36 यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। छह यात्रियों ने पेट में सोना होने की बात कुबूली। जबकि बाकी 30 यात्रियों से मंगलवार को पूछताछ हुई। 29 यात्रियों ने भी पेट में सोना होने की बात कही। जबकि महिला यात्री ने सोना होने से इनकार किया। दोपहर बाद सभी रमजान की बात कह हंगामा करने लगे। एक तस्कर बेहोश हो गया, जिसका इलाज कराने की मांग कर अन्य धमकी देने लगे। कर्मियों का ध्यान भटकाकर 29 आरोपी सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर भाग गए। इसकी जानकारी डायल 100, चौकी प्रभारी अमौसी एयरपोर्ट और उप कमांडेंट सीआईएसएफ को दी गई। बीमार यात्री को अस्पताल से वापस लाया गया, जहां बचे 6 तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

**बीमार तस्कर की जांच में सब ठीक मिला**
बीमार तस्कर की कस्टम अधिकारियों ने अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर से जांच कराई। डॉक्टर को बेहोश तस्कर का पल्स और शुगर लेवल ठीक मिला, लेकिन वहां मौजूद दूसरे यात्री उसे उठाकर चिल्लाने लगे। कस्टम टीम का कहना है कि पकड़े तस्करों ने रोजा रखा था। इफ्तारी के बाद सोना निकालने का प्रयास करने वाले थे। इसी को लेकर यात्रियों को खाने-पीने का सामान दिया था। सोमवार को सभी ने नमाज पढ़ रोजा खोला था।

# आतिशी को भाजपा ने मानहानि नोटिस भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

**आतिशी ने कहा था- भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा**

भाजपा दिल्ली इकाई ने आप नेता आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा और अपने करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के दावे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा है। आतिशी ने एक दिन पहले दावा किया था कि उनके सहित आप के चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आतिशी ने यह भी दावा किया था कि उन्हें या तो भाजपा में शामिल होने या फिर एक महीने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया था।

वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा गया है और उनसे अपने दावे के लिए माफी मांगने को कहा गया है। आतिशी सबूत देने में विफल रहीं कि उनसे किसने, कब और कैसे संपर्क किया था। वह हताशा में इस तरह के झूठे और निराधार आरोप लगा रही है, लेकिन हम उन्हें बचकर नहीं जाने देंगे। सचदेवा ने आतिशी से अपने दावे को साबित करने के लिए अपना फोन जांच एजेंसी को सौंपने को कहा। भाजपा दिल्ली इकाई के वकील ने कहा कि पार्टी ने आतिशी को अपना बयान वापस लेने के लिए मानहानि नोटिस भेजा है।



**केजरीवाल का वजन घटा : आतिशी**
आप नेता आतिशी ने दावा किया कि 21 मार्च को गिरफ्तार के बाद से मुख्यमंत्री केजरीवाल का वजन घट रहा है। आतिशी ने भाजपा पर केजरीवाल को जेल में रखकर स्वास्थ्य को खतरे में डालने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि सीए की सेहत के संबंध में कानूनी मदद लेगी। तिहाड़ जेल प्रशासन ने आतिशी के दावों को खारिज करते हुए कहा केजरीवाल सामान्य है।

**जेल से बाहर आए संजय सिंह, सुनीता से मिले**



नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के एक दिन बाद बुधवार को आप सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल से बाहर आए। सिंह मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास के लिए रवाना हो गए, जहां उन्होंने उनकी पत्नी सुनीता से मुलाकात की। वहीं कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह को बुधवार को निर्देश दिया कि वह आबकारी घोटाला मामले में सबूतों से छेड़छाड़ न करें या गवाहों को प्रभावित न करें।

IMS
Trusted for Success
2023 में बरेली मंडल का सबसे ज्यादा Selections देने वाला संस्थान।
DU/NLU/IIM - Just after XII
IMS है तो Possible है
Exclusive Batch Starts
CLAT/AILET 2024-25 — 08.04.2024 (Monday)
CUET 2024 (Crash Course) (Comm/Law/Sci./Humanities) — 05.04.2024 (Friday)
IPMAT/JIPMAT 2024 (Crash Course) 2025 (One Year Course) & 2026 (Two Year Course) — 08.04.2024 (Monday)
Exclusive Batches for XI & XII - Applied Maths also available
CUET/CLAT/IPMAT Achievers of 2023 (IMS-Bareilly)



Miraya Goel CUET 100%iler
Bharat CUET 100%iler
Sarvangi Agarwal CUET 100%iler
Gunpreet Kaur CUET 100%iler
Ayush Saxena CUET 100%iler
Bhumika Anand AIR 373 NCHMCT - JEE
Manya Agarwal IPMAT IIM - BODHGAYA
Ananya Agarwal NLU - NAGPUR
IMS, Near Janakpuri Gurudwara, Opposite R.K. Nursing Home, Bareilly
Mob. 7500121333, 9690369077, 7055113300

# छह माह की बच्ची की रस्सी से गला दबाकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



**अमृत विचारः** मां के साथ ननिहाल में रह रही छह माह की बच्ची की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गई। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम से हुई है। बच्ची के पिता ने ससुराल पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले तरीर नहीं दी गई। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उल्लिया के शिवम की शादी बंडा थाना क्षेत्र के गांव सिंघापुर पमई की राजबेटी पुत्री राजेंद्र प्रसाद से हुई थी। छह माह पहले राजबेटी ने बेटी हुई। 20 मार्च को झगड़े के बाद वह बेटी निहारिका संग मायके चली गई। मंगलवार सुबह साले चंद्रपाल ने फोन किया कि निहारिका की तबीयत खराब और 15 मिनट बताया कि उसकी मौत हो गई है। बेटी के गले पर रस्सी के निशान थे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने रीवा के रिसोर्ट में 300 अभ्यर्थियों को बैठाकर पेपर पढ़ा था। ग्वालियर में एनआरएचएम घोटाले से जुड़े प्रकरण और यूपी में टीईटी पेपर लीक के आरोप में भी वह कौशांबी से जेल जा चुका है।

## कांग्रेस ने निरुपम को 6 साल के लिए निष्कासित किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व सांसद संजय निरुपम को पार्टी विरोधी बयानों और अनुशासनहीनता के आरोप में छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसको मंजूरी दी। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बैठक के बाद कहा था कि कांग्रेस ने निरुपम का नाम स्टार प्रचारकों की सूची से हटाकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**रामनवमी की व्यवस्था** | रामानंदीय संप्रदाय के संतों ने बताया अनुचित, विरोध में उठे स्वर

# रामलला को तीन दिन जगाए रखने को लेकर बखेड़ा



अयोध्या कार्यालय


**अमृत विचारः** सीएम के निर्देश के बाद रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं को चैत्र शुक्ल नवरात्रि के अष्टमी, नवमी और दशमी को 24 घंटे दर्शन कराने की योजना पर मंथन हो रहा है। यह तिथियां 16, 17 और 18 अप्रैल है। दर्शन लगातार होंगे तो रामलला आराम नहीं कर पाएंगे। इस पर बखेड़ा खड़ा हो गया है। रामानंद संप्रदाय के संत धर्माचार्य इसे अनुचित बताते हुए इस विरोध कर रहे हैं। बालरूप में भगवान को इतनी देर जगाना ठीक नहीं है। रामनवमी पर रात्रि 11 से सुबह चार बजे तक भगवान को शयन करने दिया जाए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दर्शन की व्यवस्था बनाने का भरोसा दिया है।

**सुबह 4 से रात 10 बजे तक की है परंपरा**



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास का कहना है कि रामानंद संप्रदाय में किसी भी मंदिर में रात्रि में भगवान को कई दिनों तक जगाए जाने की परंपरा नहीं है। विशेष आयोजनों के दौरान एक दिन के लिए जागरण व धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। वैष्णो संप्रदाय में सुबह 4 से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या की परंपरा है और रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रक्रिया को शामिल नहीं किया गया है।

**किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं**



रामकथा वाचक पूर्व सांसद डॉ. राम विलास दास वेदांती ने कहा कि संप्रदाय के तहत भगवान की दिनचर्या पर ट्रस्ट विचार करेगा। शास्त्र अनुसार श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, भागवत महापुराण, स्कंद पुराण में भगवान के दिनचर्या का वर्णन है। प्रात: ब्रह्म बेला में स्नान के बाद राग भोग, आरती व दोपहर में भोग और शयन और सायं में संध्या आरती फिर शयन आरती की परंपरा है। इसी अनुसार उनकी सेवा हो रही है। किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं है।

**भीड़ के कारण परंपरा में न करें बदलाव**
महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि रामलला को 24 घंटे जगाए रखना सनातन धर्म और उपासना पद्धति के विरुद्ध है। अगर ट्रस्ट तीन दिन 24 घंटे दर्शन कर जाने की योजना पर निर्णय देता है तो इसका विरोध करते हैं। रामलला शिशु सामान हैं। उन्हें समय पर जगाने, उनकी आरती व भोगराज की व्यवस्था करना सही है। भीड़ बढ़ने से उनकी परंपरा में बदलाव नहीं करना चाहिए।

**एक दिन जगाना उचित लेकिन 3 दिन नहीं**
दशरथ महल के महंत बिंदु गद्दाचार्य देवेंद्र प्रसाद आचार्य ने कहा कि भक्तों को दर्शन देना भगवान के बस में है। तीन दिन तक 24 घंटे दर्शन करने के मामले में टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन यह जरूर है कि ट्रस्ट रामानंद संप्रदाय की परंपरा और उसके नियमों का पालन करते हुए फैसला ले। भगवान को 24 घंटे एक दिन के लिए जगाना तो उचित हो सकता है, लेकिन तीन दिन तक इस प्रकार से दर्शन की व्यवस्था करना न्याय संगत नहीं है। श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए रात्रि 12 से सुबह 4 बजे तक शयन की अवधि जरूर निर्धारित करें।

## अक्षय तृतीया पर न होने दें बाल विवाह एडीएम ने दिए निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को रोके जाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारियों आदि विभिन्न अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अक्षय तृतीया के दिन अपने अधिकार क्षेत्र में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए अपने अधिनस्थों को निर्देशित करें, ताकि जनपद में उक्त दिवस को बाल विवाह रूपी सामाजिक कुरीतियों को रोकने में सफल हो सके।

उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की कोई घटना घटित होती है तो, इसकी सूचना संरक्षण अधिकारी रवि कुमार, चाइल्ड हेल्प लाइन के परियोजना समन्वयक कमल शर्मा व वन स्टाप सेंटर को दें।

# नवादा फीडर पर बदले गए जर्जर तार शहर व गांवों की बिजली हो गई गुल

## सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक शहर और आसपास के गांवों में नहीं आई बिजली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नवादा फीडर पर बुधवार को हुई मरम्मत के कारण पांच घंटे तक शहर और आसपास के गांवों में विद्युत सप्लाई ठप रही जिससे लोग पेयजल को भी परेशान रहे। गर्मी होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर एक बजे बिजली आपूर्ति शुरू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

बुधवार को नवादा फीडर पर जर्जर तार और केबिल बदले गए इसलिए सुबह आठ बजे से बिजली सप्लाई बंद कर दी गयी। इसी तरह शहर की ढाक वाली जियारत स्थित विद्युत उप केन्द्र पर भी जर्जर तार बदले गए, जिससे इस केन्द्र से जाने वाले गांवों में भी करीब पांच घंटे तक बिजली सप्लाई ठप रही। आंवला रोड स्थित नवादा फीडर पर मरम्मत कार्य शुरू हुआ। पुराने जर्जर तार और केबिल हटा कर नए तार डाले गए। कई बोर्ड हटाए गए वहां पर नए बोर्ड लगा कर बिजली के तार जोड़े गए। बिजली सप्लाई देने वाली बेस को दुरुस्त किया गया। इसी तरह ढाक वाली जियारत स्थित बिजलीघर पर मरम्मत कार्य किया गया जिससे करीब दो दर्जन गांवों की बिजली ठप रही।

नवादा फीडर पर मरम्मत कार्य होने के कारण पूरे शहर की एवं करीब पचास गांवों की बिजली सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक ठप रही। एक बजे कार्य पूरा कर लेने के बाद बिजली विभाग ने सप्लाई शुरू कर दी। पांच घंटे तक बिजली नहीं मिलने से गर्मी में लोगों को भारी परेशानी हुयी। पेयजल की समस्या से जूझ रहे लोगों को काफी दूर से पानी लाना पड़ा। कूलर पंखे बंद रहने से गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ा। गर्मी के कारण महिलाएं घर से बाहर टहलती रहीं। एक बजे जब सप्लाई शुरू की गयी तो उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

- **पेयजल और दिनचर्या के कामों के साथ गर्मी से परेशान रहे लोग दोपहर बाद आपूर्ति हुई बहाल**

> गर्मी के मौसम में बिजली कटौती और ट्रिपिंग रोकने के लिए शासन स्तर से निर्देशित किया गया है जिससे बिजली घरों की मरम्मत की जा रही है। मरम्मत के समय सप्लाई रोकी जाती है जिससे कार्य पूरा कर लिया जाए। बुधवार सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक कार्य किया गया उसके बाद बिजली सप्लाई शुरू कर दी गयी।
> – **अखिलेश कुमार** – अधीक्षण अभियंता।

### 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के निर्देश

शासन के निर्देश हैं कि शहर व देहात क्षेत्र में 24 घंटे बिजली सप्लाई दी जाए। उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए। लोक सभा चुनाव तक 24 घंटे बिजली देने के आदेश दे दिए गए हैं। इसलिए बिजली की समस्या नहीं रहेगी। यदि कहीं खराबी आती है तो शिकायत करने पर तुरंत ठीक की जाएगी।

## बच्चों को किया सम्मानित


छात्र को सम्मानित करतीं शिक्षिका।

**बदायूं, अमृत विचार :** ब्लूमिंगडेल स्कूल की शाखा ब्लूमस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके तहत कक्षा द्वितीय के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम प्रदान किया गया एवं परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया। परीक्षा परिणाम पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे। यहां आए अभिभावकों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता एवं श्वेता मेंहदीरत्ता, प्रधानाचार्या शोभा आदि ने बच्चों की सराहना की।

## अधिग्रहण के लिए 2858 वाहनों के मालिक को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। मंडी समिति से पोलिंग पार्टियां पोलिंग बूथ के लिए रवाना की जाएंगी। जिसके लिए बड़े और छोटे वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। परिवहन विभाग ने अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिग्रहण के लिए 2858 वाहनों के मालिकों को अधिग्रहण नोटिस जारी किया गया है। चार मई को निर्धारित स्थित पर वाहनों को भेजने का निर्देश दिया है।

चुनाव कराने को मतदान बूथ तक अधिकारी और कर्मचारियों को भेजने के लिए लगभग चार हजार वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें तीन हजार एलएमवी और एक हजार बड़े वाहन शामिल रहेंगे। यह वाहन अधिकारी और कर्मचारियों को पोलिंग बूथ तक ले जाएंगे और वापस भी लाएंगे।

- **चार मई को इस्लामियां इंटर कॉलेज और मंडी समिति में खड़े किए जाएंगे वाहन**

> लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लगभग ढाई हजार से ज्यादा वाहनों को अधिग्रहण नोटिस जारी किया गया है। वाहन मालिक निर्धारित तिथि को हाफिज सिद्दीकी इस्लामियां इंटर कॉलेज और मंडी समिति परिसर में अपने वाहन भेजेंगे।
> – **अंबरीश कुमार**, एआरटीओ प्रवर्तन।

अधिग्रहण के लिए परिवहन विभाग ने 2100 एलएमवी, 620 बस और 138 निजी वाहनों के मालिकों को नोटिस जारी किया है। एलएमवी और निजी वाहन हाफिज सिद्दीकी इस्लामियां इंटर कॉलेज और बस और ट्रकों को शहर की मंडी समिति में चार मई तक खड़ा कराया जाएगा। निर्धारित तिथि व समय पर वाहन न भेजने पर वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में बच्चों से कराईं शारीरिक क्रियाएं

संवाददाता, सहसवान


एक दिवसीय बाल शिविर में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रमोद संस्कृत महाविद्यालय में जिला प्रचारक राजीव के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक दिवसीय बाल शिविर का आयोजन किया। इसमें कक्षा 5 से 8वीं तक के लगभग सौ शिक्षार्थियों ने भाग लिया। शिविर में बाल स्वयंसेवकों को शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण दिया गया। सह नगर संघचालक राम अवतार ने बाल स्वयंसेवकों को बौद्धिक मार्गदर्शन दिया। सह जिला शारीरिक प्रमुख विपुल ने रुद्र, सह खंड कार्यवाह अंकित व सह नगर कार्यवाह योगेंद्र उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं के साथ संघ स्थान पर शाखा लगाकर शारीरिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद व योगासन कराए। सत्र समापन पर जिला संघचालक योगेश ने समय का अनुशासित उपयोग करने के लिए उचित दिनचर्या का निर्माण कर गलत शब्दों का प्रयोग न करने, नशीले पदार्थ से बचने और सावधान रहने के लिए सूचित किया। नगर संघचालक आलोक माहेश्वरी व नगर कार्यवाह गोपाल चाणक व सामाजिक समरसता नगर प्रमुख राम खिलाड़ी ने नगर कार्यकारिणी के साथ मिलकर व्यवस्था कराईं।

- **प्रमोद संस्कृत महाविद्यालय में लगा एक दिवसीय बाल शिविर**

## ईद के लिए नामित किए गए मजिस्ट्रेट

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने अवगत कराया है कि चन्द्र दर्शन के अनुसार ईद-उल-फितर का पर्व 11 अप्रैल को मनाया जायेगा तथा रमजान के अंतिम शुक्रवार (अलविदा) 5 अप्रैल को होगी। ईद-उल-फितर व जुमे की अलविदा के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं तथा 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट आरक्षित रखे गए हैं। उन्होंने विभिन्न संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्य संपादित कराने हेतु निर्देशित किया है। जनपद मुख्यालय कलेक्ट्रेट में स्थित कोविड कमांड कंट्रोल रूम स्थापित है, उन्होंने समस्त थाना, निकाय विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित कराकर कर्मचारियों की तैनाती करें।

# मौसम में गर्माहट, अस्पताल में बढ़े सांस के मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेदर्द मौसम इस बार बीमारी परोस रहा है जिससे श्वास रोगियों को परेशानी बढ़ गई है। बुखार और खांसी कम नहीं होने पर मरीज टीबी क्लीनिक पर बलगम की जांच करा रहे हैं। जिला अस्पताल में बुधवार को करीब दो सौ मरीज पहुंचे। इस कारण यहां लंबी लाइन लगी रही।

करीब पन्द्रह दिन से मौसम में गर्मी देखने को मिल रही है। दिन में तेज धूप और रात को मौसम ठंडा रहता है। दिन में गर्मी और रात को ठंडक होने से श्वास रोगियों को अधिक परेशानी हो रही है। जबकि अन्य लोगों को सर्दी जुकाम और बुखार हो रहा है। बुखार की दवाएं लेने पर ठीक नही होने वाले मरीज टीबी क्लीनिक पहुंच रहे हैं। वहां पर बलगम की जांच करा रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल स्थित क्षय रोग चिकित्सक डॉ. विनेश कुमार के यहां 197 मरीज आए। सुबह से दोपहर तक मरीजों की लाइन लगी रही। यहां मरीजों की बलगम की जांच की गई। इनमें 40 प्रतिशत दमा रोगी व श्वास रोगी रहे।

क्षय रोग अधिकारी डा. विनेश कुमार ने बताया कि पन्द्रह दिन से मरीज बढ़ रहे हैं। 160 से 200 मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। इनमें करीब 80 मरीज श्वास के हैं। उन्हें ठंड के चलते श्वास लेने में परेशानी हो रही है। उन मरीजों का बलगम टेस्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे मौसम में दो या तीन टीबी के मरीज मिल रहे हैं। टीबी के मरीजों को अलग से दवाएं दी जाती हैं जबकि बुखार और खांसी में दूसरी दवाएं दी जाती हैं। पिछले सप्ताह 49 लोगों के बलगम के सैंपल जांच को भेजे गए जिसमें से दो लोगों में टीबी के लक्षण सामने आए हैं। इसलिए साफ है कि इस मौसम से टीबी के मरीजों में वृद्धि हो रही है।

- **जिला अस्पताल के टीबी वार्ड में लगी रही मरीजों की लंबी लाइन**
- **बलगम की हुई जांच, ओपीडी में बढ़ी बुखार के मरीजों की संख्या**

### बीमारियों से बचाव को दी सलाह

लोगों को इस मौसम में बचाव के लिए ठंडे पेय पदार्थ नहीं लेने हैं। कपड़े भी ठीक पहनने हैं हालांकि गर्मी है फिर भी कुछ दिन तक गर्म कपड़े पहने जिससे इस तरह की बीमारियों से बचा जा सके। इधर, फिजिशियन डा. अलंकार सोलंकी ने बताया कि इस समय बुखार के मरीज अधिक आ रहे हैं जब तक मौसम सामान्य नहीं होगा तब तक यही स्थिति बनी रहेगी।

# सीसी रोड निर्माण में बरती जा रही मनमानी, प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार:** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव उसैता में सांसद निधि से सीसी रोड डाला जा रहा है। रोड को बनाने में ठेकेदार द्वारा मनमानी किया जा रहा है। अब इस के विरोध में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि अगर नियमानुसार रोड नहीं डाला गया तो उनके घरों में बरसात के दौरान जलभराव होगा, जिससे सुविधा के विपरीत उनकी परेशानी बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने डीएम से मानक अनुसार रोड डलवाने की मांग की है।

गांव निवासी सुरेश, प्रेमपाल, नरेश, मुनेश, राहुल, नेत्रपाल, भिखारी लाल आदि ने बताया की गांव में सांसद निधि से लगभग 96 मीटर सीसी रोड बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार अपनी मनमर्जी से सीसी रोड का निर्माण कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है मानक के अनुसार रोड का निर्माण ठेकेदार नहीं कर रहा है। रोड की ऊंचाई मानक के अनुरूप नहीं है। इससे बरसात के दौरान उनके घरों में जलभराव होगा। उन्होंने नियमानुसार रोड डालने की मांग की है। इस संबंध में जेई जितेश सेंगर ने बताया की सांसद निधि से गांव में सीसी रोड डाली जा रही है। ठेकेदार नियमानुसार रोड नहीं बना रहा तो मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखा जाएगा।

- **ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया आरोप, कहा- नियमानुसार सीसी रोड न बनाए जाने से घरों में होगा जलभराव**

## सड़कों पर पशु बांधकर अतिक्रमण

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर की अधिकांश गलियों में अवैध रूप से खूंटे लगाकर पशुओं को बांधकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसको लेकर पर्यावरण प्रेमी प्रशांत कुमार जैन ने इसकी शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है। सीएम को भेजे पत्र में कहा है कि नगर के मोहल्ला संख्या आठ साहबगंज स्थित मन्दिर वाली गली, मोहल्ला संख्या तीन और पांच में इन दिनों लोगों द्वारा सड़कों पर पशुओं को बांधकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे इधर से गुजरने वाले लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि इसको लेकर नगर पालिका परिषद प्रशासन को कई बार अवगत कराया है। मगर किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है जिससे रोष है। इधर पालिका के ईओ अनूप राय ने बताया कि शिकायत की जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


सड़क पर बंधे पशु।

# शिक्षकों के रिटायर होने पर स्टाफ ने दी विदाई


सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई देते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** बुधवार को नगर के नोटिफाइड एरिया (एनए) इंटर कॉलेज में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज के प्रवक्ता मुकेश बाबू शर्मा एवं विमल कुमार के सेवानिवृत्ति होने पर स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी।

प्रधानाचार्य रामवीर सिंह समेत स्टाफ ने दोनों लोगों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कवि नरेंद्र गरल एवं आशीष वशिष्ठ ने काव्य पाठ कर दोनों के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति कभी रिटायर नहीं होता है बल्कि उनकी जिम्मेदारियां सेवानिवृत्त होने के बाद बढ़ जाती हैं। हम उनके अनुभवों को हमेशा ग्रहण कर सकते हैं। इसके अलावा प्रवक्ता मुन्नालाल शाक्य, अंकुर श्रीवास्तव, योगेश पटेल, नीलेश कुमार, राजनाथ यादव आदि ने अपने भी विचार रखे। इस मौके पर श्वेता सिंह, मनोहर लाल शर्मा, लता शर्मा, सुमन कुमारी, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

- **कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा- कोई भी शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता, बढ जाती हैं जिम्मेदारियां**

## पीजीआरपी में पांच थानों को प्रदेश में मिला पहला स्थान

**बदायूं, अमृत विचार :** पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल (पीजीआरपी) के प्रार्थना पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के मामले में मार्च 2024 का मूल्यांकन किया गया। इसमें जिले के पांच थानों ने प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक लखनऊ के ड्रीम प्रोजेक्ट पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल पर परिश्रम, निष्ठापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से फीडिंग करते हुये त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण का मूल्यांकन पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं द्वारा किया गया था। प्रदेश के नौ जिलों को संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला। इसमें सदर कोतवाली के कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित कुमार, सिविल लाइन के रवि कुमार, उझानी के राजकुमार, दातागंज की सोनिया, सहसवान की रश्मि सिसौदिया को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। उनके उत्साहवर्धन के लिए नगद पुरस्कार दिया गया है। जिला मुख्यालय से पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल (पीजीआरपी) की मॉनिटरिंग सिपाही संजीव चौधरी द्वारा की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान पर दिया जोर



**बदायूं।** प्रधानमंत्री मोदी के मेरा बूथ सबसे मजबूत के अंतर्गत शक्ति केंद्र स्तर पर वर्चुअल संवाद कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ध्यान पूर्वक सुना। प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी दिनेश शर्मा ने भाजपा कार्यालय पर कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक ऊर्जा देगा। साथ ही कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम भी मोदी के मन की बात कार्यक्रम की तरह अनूठा है। यह कार्यक्रम हमारी सकारात्मक राजनीति को एक नया संकल्प और एक नई शक्ति प्रदान करेगा। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बूथों पर सक्रियता बढ़ाने को जोर दिया। इस अवसर पर शैलेंद्र मोहन शर्मा, अमित सिंह, डॉ. आशीष शर्मा, प्रशांत कश्यप, राजेश्वर सिंह पटेल, संदीप चौहान, ज्ञानेंद्र चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सहसवान में दुर्विजय सिंह का किया स्वागत



**सहसवान।** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य बुधवार को अनुज माहेश्वरी के कार्यालय पर पहुंचे। उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने सपा प्रत्याशी बदले जाने की चर्चा पर चुटकी ली। फिर उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का नौजवान अब पलायन की बजाय स्टार्टअप स्थापित कर रहा है। इसके बाद सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। इस मौके पर डीके भारद्वाज, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव, ब्लॉक प्रमुख शिशुपाल सिंह यादव, शैलेश पाठक, शिवम भारद्वाज, मौजूद रहे।

### सुंदरकांड के साथ नया शैक्षणिक सत्र आरंभ



**बिल्सी।** स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ हो गया। बाबा इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों का पहले और दूसरे दिन तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम स्कूल में सुंदरकांड का पाठ कराया गया। इसमें शिक्षकों और बच्चों ने भगवान से नए सत्र के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया और विद्या की देवी सरस्वती का वंदन किया। इसमें कामना की गई कि मां शारदा सबको सद्बुद्धि दें, विभिन्न कलाओं में विजय प्राप्त कराए। विद्यालय के डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय एवं साधना वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने कहा कि प्रतिवर्ष नए सत्र का आरंभ सरस्वती पूजा तथा हवन से करवाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आस्था तथा आत्मबल की स्थापना तथा सदविचारों को जागृत करना है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर राजकुमार गुप्ता एवं प्रशासक अमित माहेश्वरी उपस्थित रहे।

**लेटलतीफी** जिला अस्पताल में 31 तक तैयार होना था दस बेड का यूनिट

# तय समय में तैयार नहीं हो सका डायलिसिस यूनिट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मरीजों का डायलिसिस करने को जिला अस्पताल में पिछले साल जुलाई महीने में तीन बेड का डायलिसिस यूनिट लगाया गया था। यूनिट का विस्तारीकरण करने को मार्च तक का समय दिया गया था लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी दस बेड का डायलिसिस यूनिट नहीं लग सका है।

पिछले साल सरकार से स्वीकृति मिल जाने के बाद जिला अस्पताल में एक प्राइवेट कंपनी ने तीन यूनिट का डायलिसिस यूनिट लगाया था। यह यूनिट अगस्त में चला तो कुछ समय बाद कुछ समस्याओं के चलते बंद हो गया। उसके बाद अस्पताल प्रशासन ने स्वास्थ्य निदेशालय से बात की जिसके बाद कंपनी को उसका भुगतान शुरू हो सका। तीन बेड का डायलिसिस यूनिट नौ महीने से चल रहा है। अब उक्त कंपनी ने दस बेड का यूनिट लगाने के लिए अस्पताल में एक बड़ा हाल बनवाया। इस बड़े हाल को अस्पताल प्रशासन ने खुद तैयार कराया है। लगभग दस लाख की कीमत से तैयार हुए वार्ड में दस बेड का डायलिसिस यूनिट लगाया जाना है। इस वार्ड में सभी आधुनिक सुविधाएं दी गयी हैं। तीन रूम के वार्ड में मशीन लगाने को अलग जगह दी गयी है। डायलिसिस यूनिट के मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि मार्च तक दस बेड का यूनिट चालू करके देना था जो किन्हीं कारणों से अभी नही लग पाया है। कंपनी ने दस बेड के डायलिसिस यूनिट लगाने के लिए तैयारियां तो कर ली हैं। केवल डायलिसिस की मशीन और बेड आने हैं। अभी करीब एक महीना और लग सकता है।

जनरेटर लगाने की तैयारी दस बेड का डायलिसिस यूनिट के लिए वार्ड के निकट ही जनरेटर रखने को फाउंडेशन बनाया गया है। डायलिसिस यूनिट चलाने को कंपनी का जनरेटर लगाया जाएगा जिससे बिजली कटौती की समस्या नहीं रहेगी।

- **ठेकेदार की लापरवाही के कारण एक माह और बढ़ा समय सीमा**

> दस बेड का नया वार्ड बन कर तैयार है। उसमें आधुनिक संसाधन लगाए गए हैं। कंपनी को 31 मार्च तक दस बेड का डायलिसिस यूनिट लगाना था जो अभी तक नहीं लग सका है। दिल्ली की डीसी कंपनी द्वारा डायलिसिस यूनिट लगाया गया है। अभी एक महीना का समय और लग सकता है।
> –**डा. कप्तान सिंह** – सीएमएस।



आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


रमज़ान मुबारक
04 अप्रैल 2024 चौबीसवां रोज़ा इफ्तार 6:37
05 अप्रैल 2024 पच्चीसवां रोज़ा सहरी 4:33
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूं
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# दुकानों पर बिक रहे बिना चेसिस नंबर के ई-रिक्शा, खुली पोल

## परिवहन विभाग से शिकायत के बाद दो ई-रिक्शा के मामले आए सामने

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले में फर्जी तरीके से ई-रिक्शा बेचने का खेल चल रहा है। डीलर लोगों को बिना चेसिस नंबर, कंपनी के नाम और रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शा बेच रहे हैं। ऐसे ही दो ई-रिक्शा सामने आए हैं। परिवहन विभाग द्वारा ई-रिक्शा को फर्जी बताते हुए जुर्माना लगाने पर एक व्यक्ति ने अपना ई-रिक्शा कबाड़ में कटवा दिया और अधिकारियों से शिकायत की जबकि दूसरे ई-रिक्शा मालिक ने संचालन बंद कर दिया है।

- **एक ने ई-रिक्शा कबाड़ में कटवाया तो दूसरे ने बंद किया संचालन, अब शुरू होगी जांच**

> शिकायत सामने आई है कि कुछ डीलर लोगों को फर्जी ई-रिक्शा बेच रहे हैं। एक व्यक्ति ने बिना चेसिस वाले ई-रिक्शा बेचने की शिकायत की है। जिसकी जांच कराई जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – रमेश प्रजापति, पीटीओ।

एक ई-रिक्शा के मालिक कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव बसोमा निवासी सदा किशन ने एआरटीओ से शिकायत करके बताया कि उन्होंने कस्बा की एक दुकान से ई-रिक्शा खरीदा था। जिसपर चेसिस नंबर नहीं है और न ही कंपनी का नाम है। ई-रिक्शा खरीदने के बाद पक्का बिल भी नहीं दिया जाता है। अशिक्षित होने की वजह से ई-रिक्शा खरीदते समय लोग इसपर गौर नहीं करते। ई-रिक्शा खरीदने के बाद नंबर प्लेट न मिलने पर उन्होंने साथी ई-रिक्शा चालकों से पूछा। जिन्होंने बताया कि जिसके पास ई-रिक्शा का पक्का बिल, चेसिस नंबर होगा। उसपर ही एआरटीओ की ओर से नंबर प्लेट लगाई जाएगी। जिसके बाद सदा किशन ने संबंधित विक्रेता से नंबर प्लेट के बारे में जानकारी की।

उसने बहाना बनाया कि यह बिना चेसिस नंबर वाला ई-रिक्शा है। इसपर नंबर प्लेट नहीं लग सकती। उसने पक्का बिल देने से मना कर दिया। एआरटीओ कार्यालय जाकर पता किया तो बताया कि यह ई-रिक्शा फर्जी है। फर्जी होने की वजह से इसपर नंबर प्लेट नहीं लग सकती। चेसिस नंबर न होने की वजह से उनपर जुर्माना लगाया जाएगा। जिसकी वजह से सदा किशन ने अपना ई-रिक्शा कबाड़ी को बेचकर कटवा दिया लेकिन कई अन्य लोग यह फर्जी ई-रिक्शा चला रहे हैं।

## हिसार में बदायूं के व्यक्ति की मौत

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की हरियाणा में खंभे से जमीन पर गिरने से मौत हो गई। कार्यदायी संस्था में एंबुलेंस में शव रखकर युवक को गांव भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास निवासी वीरपाल (55) पुत्र मान सिंह हरियाणा के जिला हिसार क्षेत्र के गांव कुंदनापुर में रहकर मजदूरी करते थे। मंगलवार सुबह वह गांव के पास बिजली का खंभा लगाने गए थे। वह खंभे से जमीन पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ में काम कर रहे मजदूर उन्हें अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बिजली के खंभे लगवाने वाली कार्यदायी संस्था के ठेकेदार ने युवक के परिजनों को सूचना दी। एंबुलेंस में शव रखवाकर गांव खेड़ादास भेज दिया। मंगलवार आधी रात शव गांव पहुंचा। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस गांव पहुंची। परिजनों ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# खेत में मिला युवक का शव


खेत की गूल में युवक का शव मिलने पर मौके पर मौजूद पुलिस।

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव के पास खेत की गूल में युवक का शव मिला। युवक के सिर पर चोट थी। खून पानी में बह गया था जिससे हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके घर में दादी ही रहती हैं।

- **कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव अगौल के पास खेत की गूल में मिला शव, हत्या की आशंका**

बिल्सी क्षेत्र के गांव अगौल निवासी जितेंद्र शाक्य (23) पुत्र रोहिताश शाक्य खेती करते थे। उनके माता-पिता की मौत हो चुकी है। वह अपनी दादी के साथ रहते थे। ग्रामीणों के अनुसार वह कुछ दिनों से शराब पीने के आदी हो गए थे। बुधवार सुबह लोगों ने उन्हें गांव में घूमता देखा था। रात लगभग साढ़े आठ बजे गांव से तकरीबन आधा किलोमीटर दूर काली माता के मंदिर के सामने एक खेत की गूल में युवक का शव मिला। ग्रामीण ने उनकी दादी और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक कमलेश मिश्रा मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से जानकारी की और आला अधिकारियों को अवगत कराया। सीओ सुशील कुमार भी मौके पर आ गए। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक का शव मिला था। पोस्टमार्टम कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी निवासी व्यक्ति की दो साल की बेटी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने विवेचना पूरी कर ली है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है।

गांव निवासी एक व्यक्ति सात मार्च की दोपहर खेत पर गया था। उनकी पत्नी छत पर काम कर रही थी। पड़ोस निवासी संजय उनकी दो साल की बेटी को पॉपकॉर्न दिलाने के बहाने ले गया। काफी देर तक बच्ची के न मिलने पर उसके पिता ने पुलिस से शिकायत की। तलाश में वह खेत पर एक गड्ढे में खून से लथपथ मिली। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने आरोपी संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। रात में मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार किया। आरोपी के पैर में गोली लगी थी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने विवेचना की। बच्ची की मां को गवाह बनाया। जांच में आरोपी के खिलाफ साक्ष्य एकत्र किए। 60 पेज का आरोप पत्र तैयार किया और कोर्ट में दाखिल कर दिया।

## सपा कार्यालय में जेब कटी, उड़ाए 30 हजार

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के बाईपास मार्ग स्थित सोलंकी धर्मशाला में खुले सपा कार्यालय में एक युवक की जेब काटकर 30 हजार की नगदी उड़ा दी। पीड़ित ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी है। थाना क्षेत्र के गांव बरनी ढकुपरा निवासी विश्राम सिंह पुत्र रुम सिंह बुधवार की दोपहर कार्यालय के उद्घाटन में शामिल होने के लिए आए थे। तभी भीड़ में किसी ने उनकी जेब में रखे 30 हजार की नगदी उड़ा दी। जब उन्होंने जेब में हाथ डालकर देखा तो नगदी गायब थी, जिसके बाद उनके होश उड़ गए। उन्होंने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी है। पुलिस जांच कर रही है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी बाइक, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर उझानी कोतवाली क्षेत्र के गंगोरा मोड़ पर एक बाइक ट्रॉली में घुस गई। बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

- **बरेली-मथुरा राजमार्ग पर हुए हादसे में दो लोग घायल**

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला शर्की निवासी अनमोल उर्फ छोटू (22) पुत्र दुलार सिंह, प्रिंस (19) पुत्र दुर्गा प्रसाद और शौर्य (21) पुत्र उमेश सिंह बुधवार दोपहर लगभग चार बजे उझानी की ओर से एक बाइक पर बैठकर वापस गांव जा रहे थे। बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव गंगोरा मोड़ पर सड़क पर मुड़ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसे। बाइक सवार तीनों युवक राजमार्ग पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मय ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से भाग गया। राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तीनों घायलों को उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने अनमोल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे।

## अवकाश पर आए फौजी की हार्टअटैक से मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सादातपुर नाचनी निवासी भूवेंद्र सिंह भारतीय सेना में हवलदार के पद पर अरुणाचल प्रदेश के मेनचुका में तैनात थे। 12 मार्च को वह एक महीने का अवकाश लेकर घर आए थे। 10 अप्रैल तक उन्हें वापस ड्यूटी पर लौटना था लेकिन मंगलवार रात अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल गए। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों को अचानक हुई मौत पर अचरज हुआ तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फौजी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है।

# झोलाछाप ने लगाया इंजेक्शन तो हाथ उठना हुआ बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बुखार की दवा लेने गई महिला को झोलाछाप ने इंजेक्शन लगा दिया जिससे महिला का एक हाथ उठना बंद हो गया। पीड़ित महिला ने डीएम से शिकायत की जिस पर डीएम ने सीएमओ को कार्रवाई को आदेशित किया फिर भी चार महीने तक कोई जांच नहीं की गयी है जिससे महिला अब फिर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कह रही है।

थाना सहसवान क्षेत्र के गांव कुड़े कुठिया निवासी अमरजीत की पत्नी गंगा देवी को पिछले साल 8 दिसम्बर को बुखार आया था। बुखार की दवा लेने को गंगा देवी सहसवान में एक झोलाछाप के पास पहुंची। आरोप है कि झोलाछाप ने महिला को इंजेक्शन लगा दिया और कुछ दवाएं देने के बाद घर भेज दिया। महिला ने बताया कि करीब एक सप्ताह बाद उसका एक हाथ उठना बंद हो गया। जिसके बाद महिला परिजनों के साथ फिर उसी के पास शिकायत करने पहुंची तो उक्त झोलाछाप ने उसे डांट फटकार कर भगा दिया। झोलाछाप की डांट से क्षुब्ध महिला ने अपने परिजनों के साथ आकर एसएसपी और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। महिला की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ डा. अब्दुल सलाम खान को जांच कराने को आदेशित किया। तब उन्होंने इस प्रकरण को डा. पंकज शर्मा को सौंप दिया और जांच कर रिपोर्ट देने को कहा। करीब चार महीने तक इस मामले में न तो कोई कार्रवाई की गयी और न ही झोलाछाप की जांच की गई इसलिए पीड़ित महिला अपने वकील के साथ बुधवार को फिर सीएमओ कार्यालय पहुंची। महिला के पहुंचने से पहले ही सीएमओ निकल चुके थे। अन्य कर्मचारियों ने महिला का शिकायती पत्र ले लिया। पीड़िता का कहना है कि यदि इस मामले में सीएमओ कार्यालय से कोई कार्रवाई नही की गयी तो वह मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज कर मामले की जांच कराएगी।


सीएमओ कार्यालय में अपना हाथ दिखाती पीड़ित महिला।

- **कुछ दिन पहले बुखार आने पर झोलाछाप के पास गई थी सहसवान निवासी महिला**
- **इंजेक्शन लगाने के बाद हुआ विपरीत असर, डीएम के आदेश के बाद नहीं हुई जांच**

> एक महिला का शिकायती पत्र जिलाधिकारी द्वारा भेजा गया था। इसमें जांच के लिए डा. पंकज शर्मा को आदेशित किया गया था। पंकज शर्मा ने क्या जांच की। इस बारे में उन्होंने कोई रिपोर्ट नहीं दी है। फिलहाल डा. पंकज शर्मा छह महीने की ट्रेनिंग पर लखनऊ गए हैं। उनकी जानकारी की जाएगी और किसी दूसरे से जांच कराई जाएगी।
> – डॉ. अब्दुल सलाम खान – सीएमओ।

# तानों से तंग आकर की दिल्ली निवासी युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव में दिल्ली निवासी युवक की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से आलाकत्ल, फावड़ा, लकड़ी का दो भाग में बंटा डंडा बरामद किया।

- **हत्यारोपी की बेटी के युवक से संबंध होने की वजह से ताने देने लगे थे ग्रामीण**
- **पुलिस ने गिरफ्तार किया एक आरोपी, आलाकत्ल फावड़ा, टूटा डंडा बरामद**

मूल रूप से जिला अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के गांव सैद आलमपुर और वर्तमान में पूर्वी दिल्ली के थाना हर्ष बिहार क्षेत्र के मोहल्ला प्रताप नगर निवासी डालचंद्र उर्फ डल्लू पुत्र बदन सिंह के तहेरे भाई अजय की ससुराल मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव में है। डालचंद्र का तहेरे भाई की साली से प्रेम प्रसंग हो गया था। जिसकी वजह से युवती के परिजन डालचंद्र से रंजिश मानते थे। एक अप्रैल को युवती के परिजनों ने लाठी-डंडे से पीटकर और धारदार हथियार से डालचंद्र की हत्या कर दी। मृतक के पिता बदन सिंह की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

हत्या मामले में पुलिस ने बुधवार सुबह लगभग 10 बजे एक आरोपी जगदीश पुत्र पीतम को गुलड़िया तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। जगदीश ने बताया कि उन्होंने 2020 में अपनी बेटी की शादी की थी। उसके चचेरे देवर डालचंद्र का उनके घर पर आना जाना था।

साल 2023 में डालचंद्र उनकी बेटी को फुसलाकर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनके बेटी घर पर रह रही थी। इसके बाद भी डालचंद्र का उनके घर पर आना जाना था। उसके गांव आने की वजह से ग्रामीण तरह-तरह की बातें करते थे। बेइज्जती हो रही थी। वह ग्रामीणों के तानों से तंग आ गए थे। जिसके चलते उनके भाई रामवीर उर्फ गौतम ने कहा कि डालचंद्र को बुलाकर खेल ही खत्म कर दो। 31 मार्च को उन्होंने युवती से शादी कराने के बहाने डालचंद्र को बुलाया। डालचंद्र अपने बहनोई राजकुमार के साथ गांव आ गए। एक अप्रैल को डालचंद्र और उसके बहनोई को जगपाल के घर ले गए। जहां उन्होंने अपने सम्मान के लिए डालचंद्र को पीटा। राजकुमार मौके से भाग निकला। ज्यादा पिटाई होने की वजह से डालचंद्र की मौत हो गई। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने आलाकत्ल फावड़ा, टूटा डंडा बरामद कर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, सिपाही अर्जुन सिंह, महीपाल सिंह, नजबुल हसन रहे।

## खुले कराने के बहाने 17 हजार लेकर फरार

**मुजरिया, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव मुजरिया निवासी एलकार पुत्र जय सिंह की गांव में दिल्ली राजमार्ग पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। एक व्यक्ति उनकी दुकान पर सीमेंट और बजरफुट लेने आया। उसने अपना मकान मुजरिया चौराहे के पास थाने के पीछे बताया। उस दौरान दुकान पर रुपये तुड़ाने को लेकर बात चल रही थी। दुकानदार को सौ-सौ के नोट की आवश्यकता थी। उस व्यक्ति ने कहा कि उसके घर पर खुले रुपये रखे हैं। दुकानदार ने सामान के साथ ट्रैक्टर चालक को 17 हजार में सौ-सौ के नोट में बदलवाने को भेजा। चालक उसके बताए स्थान पर पहुंचा। व्यक्ति ने उससे 17 हजार लिए। घर के भीतर पये निकालकर लाने की बात कहकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

# हत्या कर कट्टे में शव रखकर फेंकने वाला तीसरा आरोपी दबोचा गया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव उगनपुर निवासी युवक होली के दिन से लापता था। जिसकी सरिया से वार करके और गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। शव रामगंगा में कट्टे में रख फेंक दिया गया था। पुलिस ने एक महिला, उसके पति और पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था जबकि अगले तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

- **होली के दिन लापता हुआ था युवक, 31 मार्च को रामगंगा में मिला था शव**

गांव उगनपुर निवासी अमित उर्फ सुमित पुत्र राम सिंह एक महिला पर उससे बात करने का दबाव बना रहा था। उसे बार-बार फोन करके परेशान कर रहा था। उल्टी बातें करता था। महिला ने अपने पति मुकेश कुमार और पिता राजपाल को जानकारी दी। राजपाल ने बेटी और दामाद को होली के अवसर पर घर बुलाया। तीनों ने मिलकर अमित को सबक सिखाने का प्लान बनाया। उसकी हत्या करने की योजना बनाई। महिला ने अमित को फोन करके बुलाया। गांव में प्राथमिक विद्यालय के पीछे ले जाकर राजपाल ने अमित के सिर पर लोहे की सरिया से वार किया। महिला और उसके पति ने अमित का गला दबाया था। अमित का शव साड़ी में लपेटकर कट्टे में रखा और बाइक से ले जाकर गांव मुड़ा पुख्ता के पास रामगंगा में फेंक दिया। अमित की पहचान न हो। इसके लिए उसका आधार कार्ड ले लिया और मोबाइल रामगंगा में फेंक दिया। हत्या में प्रयुक्त सरिया राजपाल ने अपनी झोपड़ी में छिपाया था। पुलिस आरोपी महिला और उसके पति को गिरफ्तार कर चुकी है। बुधवार को तीसरे आरोपी को भी पड़ेली तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राजस्व टीम ने पकड़े अवैध मिट्टी खनन के ट्रैक्टर, कुछ देर बाद छोड़ा

संवाददाता, मुजरिया

**अमृत विचार :** क्षेत्र में मिट्टी खनन का काम जोरों पर चल रहा है। बुधवार को मुजरिया चौराहे पर राजस्व टीम ने मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया। परमिशन दिखाने को कहा गया तो खनन माफिया ने परमिशन पत्र दिखा दिया जिसके कुछ देर बाद ही उसे छोड़ दिया गया। वहीं स्थानीय लोग इस परमिशन को फर्जी बता रहे हैं। ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ने के बाद छोड़ देने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।


राजस्व विभाग की टीम द्वारा पकड़े गए ट्रैक्टर ट्रॉली। ● अमृत विचार

- **राजस्व टीम ने बढ़ाई सक्रियता, कुछ देर रोक कर की पूछताछ**

बताते हैं कि खनन विभाग द्वारा लिखा गया परमिशन पत्र होना अनिवार्य है। लेखपाल श्याम सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर वाले भट्ठे की परमिशन दिखाकर काम कर रहे है, जिसकी जानकारी अधिकारियों को भी दे दी गई है।

## पुजारी से साइबर ठगी की कोशिश, शिकायत

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव नवादा निवासी मनोज कुमार शर्मा मोहल्ला ब्रह्मपुर स्थित मंदिर में पुजारी हैं। मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले नंबर पर सीबीआई का लोगो लगा था। कॉल में सामने वाले व्यक्ति ने मनोज से कहा कि उनके बेटे समेत चार लोगों को दुष्कर्म के मामले में पकड़ा है। चाहो तो मामला निपटा लो वर्ना जेल भेज दिया जाएगा। वह डर गए और अपने बेटे को फोन किया। बेटे ने इसे साइबर ठगी की घटना बताया। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने कहा कि शिकायत पर कार्रवाई होगी।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पोक्सो दीपक यादव ने किशोरी को फुसलाकर ले जाने के पांच साल पुराने मामले में आरोपी को दोषी पाया है। दोषी को 10 साल की सजा और 60 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

- **पत्रावली के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानकर सुनाई सजा**
- **60 हजार रुपये लगाया जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी आधी धनराशि**

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 4 जून 2018 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 3 जून की सुबह लगभग 9 बजे उनकी नाबालिग बेटी घास लेने के लिए खेत पर गई थी। इसी दौरान टिंकू उर्फ भगवान सिंह खेत पर पहुंच गया। किशोरी से शादी करने की नीयत से उसे फुसलाकर साथ ले गए। घटना को शिकायतकर्ता के बड़े भाई ने देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने किशोरी की तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। व्यक्ति को डर था कि कहीं आरोपी उनकी बेटी के साथ अप्रिय घटना न कर दें। व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश गौतम ने विवेचना करके साक्ष्य संकलित किए। साक्ष्यों के साथ कोर्ट में आरोपी टिंकू के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में चार्जशीट दाखिल की। न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी को दस वर्ष और 60 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई गई। इसमें से आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया गया है।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर बंदी को जमानत

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव पुसवली निवासी अजय वीर पुत्र भोपाल बरेली जेल में सजा काट रहे थे। सभी पक्षों को सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद साजिद ने बंदी को जमानत पर रिहा कर दिया है। हाईकोर्ट से निर्देश जारी होने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश व विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सारिका गोयल ने बताया था कि दोष सिद्ध बंदी जिनके रिहाई की याचिका को छह महीने बीत चुके हैं। उनकी याचिका सक्षम अधिकारी को भेजी गई थी। केंद्रीय कारागार से बंदी के संबंध में आख्या मंगवाकर उसे जमानत दी गई है।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार न मिलने पर किया हंगामा

## प्रदर्शन कर महिलाओं ने डीएम से जांच कर कार्रवाई की मांग की

संवाददाता, विजय नगला


पोषाहार न मिलने पर आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

- **कहा- पात्रों को नहीं उपलब्ध हो रहा पोषाहार**

> आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खिलाफ हंगामा किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। केंद्र पर पोषाहार न बांटने की शिकायत गंभीर मामला है। आरोपियों को किसी तरह बचाया नहीं जाएगा।
> –**दुर्गा प्रसाद**, खंड विकास अधिकारी।

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवतियों को पौष्टिक पोषाहार नहीं मिलने पर महिलाओं ने प्रदर्शन किया और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर आरोप लगाया कि पोषाहार का बंदरबांट किया जा रहा है जिससे पात्रों को पोषाहार का लाभ नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं ने जिलाधिकारी से जांच कराने की मांग की है।

ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत चन्दौरा में बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती व नवजात शिशुओं को सरकार से आने वाला पोषाहार वितरण हो रहा था। यहां महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा एक दलिया का पैकेट ही दिया जा रहा था। जिसका यहां मौजूद महिला दयावती, फूल कुमारी, कुशमा, गुड्डी देवी, नंद रानी, भगवान श्री, मोनिका, मंजू आदि महिलाओं ने विरोध कर दिया और आरोप लगाया कि प्रत्येक माह गर्भवती धात्री व नवजात शिशुओं को आने वाल पोषाहार वितरण ठीक तरीके से नहीं किया जाता है, जो कभी-कभार ही वितरण किया जाता है। सरकार के द्वारा दाल, रिफाइंड तेल आदि सामग्री वितरण के लिए आती है। गर्भ धात्री महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा दलिया और अन्य सामग्री भी प्रदान की जाती है। अनियमितता के चलते मात्र दलिया का एक पैकेट ही दिया जाता है। कभी-कभार वो सामग्री भी नहीं बांटा जाता। कई बार ऐसा हो चुका है जिसकी शिकायत भी की जा चुकी है, फिर भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। यही नहीं छोटे बच्चों को कई तरह का सामान सरकार द्वारा मिलता है। उसको भी हजम कर लिया जाता है। बुधवार को भी इसी तरह आधा अधूरा सामान बांटा गया, जिसके बाद महिलाओं ने हंगामा कर दिया।

**जिम्मेदारों की शह पर बंदरबाट:** महिलाओं का आरोप है कि विभाग के जिम्मेदारों की शह पर पोषाहार का बंदर बांट किया जा रहा है। चंदौरा आंगनबाड़ी केंद्र पर जब हंगामा बढ़ गया तो अधिकांश ग्रामीण पहुंच गए। सभी ने बंदरबांट करने वालों के खिलाफ आवाज उठाई। ग्रामीणों ने इस मामले में जिलाधिकारी को पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# उसावां में सफाई अभियान दवा का कराया छिड़काव


सफाई कार्य का जायजा लेतीं चेयरमैन प्रियंका सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसावां

- **संचारी रोगों की रोकथाम को उठाया गया कदम**
- **चेयरमैन ने निरीक्षण कर देखी सफाई व्यवस्था**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका अनिल सिंह चौहान ने बुधवार को नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक में एंटीलार्वा छिड़काव, फॉगिंग एवं अन्य सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। इसके अलावा संचारी रोगों की रोकथाम अभियान के तहत नगर के वार्ड नंबर एक में चल रहे साफ-सफाई के कार्यों का भी निरीक्षण कर निर्देश दिए।

अभियान की सफलता के लिए बेहतर प्रयास करने को भी कहा। साथ ही जल भराव वाले स्थलों एवं गंदगी वाले स्थानों पर एंटीलार्वा का छिड़काव तथा नियमित रूप से फॉगिंग कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संचारी रोगों से बचाव के लिए अभियान के दौरान किए जाने वाले कार्यों को समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा छिड़काव फॉगिंग अभियान जिले में सबसे पहले नगर पंचायत उसावां में शुरू हुआ है जो कि नगर के हर वार्ड में प्रत्येक दिन नियमित रूप से चलेगा, जिसकी शुरुआत नगर के वार्ड नंबर एक से की गई है। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह सभासद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, नगर के संभ्रांत नागरिकों में नन्हे सिंह, किशोर सिंह, अंश प्रताप सिंह, अर्जुन कश्यप व नगर पंचायत के समस्त कार्मिक मौजूद रहे।

# व्यापारियों की समस्याओं पर की चर्चा

**बदायूं।** टेंट व्यापारी एसोसिएशन द्वारा होली मिलन व सम्मान समारोह एक गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। बदायूं से अशोक खुराना के नेतृत्व में अब्दुल नईम, सुनील शर्मा, रवि गुप्ता ने प्रतिभाग किया। इस समारोह के दौरान एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी सभा भी हुई, जिसमें एसोसिएसन चेयरमैन व समाजसेवी अशोक खुराना ने व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए 14 व 15 सितंबर को प्रस्तावित अधिवेशन पर चर्चा की। प्रांतीय अध्यक्ष अशोक चावला ने टेंट आदि पर लगने वाले टैक्स में कम करने की मांग की।

# सिलहरी में दूसरे दिन भी दहशत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


गश्त करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- **ग्रामीण रात को कर रहे पहरेदारी नहीं मिले जानवर के पगचिह्न**
- **वन विभाग की टीम गश्त के नाम पर कर रही खानापूर्ति**

**अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम सिलहरी में किसी जानवर के होने की आशंका के चलते बुधवार को दूसरे दिन भी वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ खेतों में कांबिंग की। गेहूं ओर ईख के खेतों को खंगाला गया मगर कोई जानवर नही मिला। वन विभाग का कहना है कि तेंदुआ है ही नहीं। केवल भ्रम फैलाया जा रहा है। फिर भी कांबिंग की जा रही है।

मंगलवार को सिलहरी निवासी युवक ने बताया कि वह रात को खेत पर था तभी किसी जानवर ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुआ होने की बात पर जब पुलिस और वन विभाग की टीम उक्त युवक से पूछताछ करने पहुंची तो उसने बताया कि तेंदुआ तैसा ही कोई बड़ा जानवर था जिसने उस पर हमला किया था। उधर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि एक जगह पर तीन पिल्लों को किसी जानवर ने निवाला बना लिया। एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि उसने खुद तेंदुआ देखा था। इसके बाद गांव के लोगों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया। वन विभाग के वन दरोगा अशोक कुमार सहित पांच कर्मचारी इस गांव के खेतों में कांबिंग कर रहे हैं। दो पुलिस वाले भी रोड पर गश्त करते रहे। बुधवार को ग्रामीणों के साथ विभाग की टीम खेतों पर पहुंची। किसी भी जानवर के पगचिह्न नहीं दिखे। ग्रामीणों ने बताया कि वह लोग भय के कारण खेतों पर भी नहीं जा रहे हैं। वन विभाग के लोग कुछ समय के लिए आते हैं और घूम कर चले जाते हैं। पुलिस भी रोड पर ही गश्त करती है।

### सलारपुर क्षेत्र के लोगों में अब भी बरकरार है तेंदुए का खौफ

भय के कारण रात को लोग घरों से सावधानी पूर्वक बाहर निकल रहे हैं। सलारपुर फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी भी रात को बाहर नहीं निकल रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र में अब तेंदुआ नहीं है। ग्रामीण खुद मानते हैं कि तेंदुआ कहीं चला गया है फिर भी भय बना रहता है। चूंकि सलारपुर और सिलहरी के बीच मात्र आठ किमी. का फासला है।

# आरोपियों को पकड़ने को दरोगा पर दो हजार लेने का आरोप

**विजय नगला, अमृत विचार :** आलू बेचने बरेली मंडी गए दिव्यांग किसान से चार व्यापारियों ने मारपीट की और उसके रुपये नहीं दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो वह जनप्रतिनिधियों के पास गया। एसएसपी से भी शिकायत की। तब चार व्यापारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई। दरोगा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पीड़ित से गाड़ी का इंतजाम करने को कहा। जिसके लिए दो हजार रुपये ले लिए। बाद में पांच हजार रुपये की मांग हुई। पीड़ित और दरोगा की फोन पर बहस हुई तो दरोगा ने दो हजार रुपये वापस लौटने की बात कही। जिसका ऑडियो वायरल हुआ है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव चंदन नगर निवासी दिव्यांग किसान शिशुपाल सिंह ने 9 फरवरी को बरेली के डेलापीर स्थित मंडी ले जाकर 45 हजार रुपये में अपनी आलू की फसल बेची थी। व्यापारी इरफान, दिलशाद, फैजान और आकिल ने उनके आलू के रुपये नहीं दिए। एक कोल्ड स्टोरेज के पास मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जनप्रतिनिधि और एसएसपी से शिकायत के बाद बिनावर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ 21 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज की है। दरोगा और पीड़ित की बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# घर में आतिशबाजी भंडारण करने का आरोपी पकड़ा गया


इस्लामनगर पुलिस की गिरफ्त में आतिशबाज असगर अली।

संवाददाता, इस्लामनगर

- **एक अप्रैल को घर में हुआ था विस्फोट, मां-बेटा की हुई थी मौत, दूसरे आरोपी की तलाश जारी**

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के कस्बा के मुख्य मार्ग पर घर में रखी आतिशबाजी में विस्फोट हो गया था। धमाके से मलबा गिरा और मां-बेटे की मौत हो गई थी। आतिशबाजी के अवैध भंडारण की वजह से आतिशबाज असगर अली और उनके बेटे अख्तर अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपी असगर अली को बिसौली मार्ग से गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया है। पुलिस ने कोर्ट में आतिशबाजी बनाने वाली सामग्री, बने और अधबने बम, सिलेंडर पेश किया। आरोपी को जेल भेजा गया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

इस्लामनगर कस्बा के मोहल्ला मोहाली निवासी अख्तर अली के घर में रखी आतिशबाजी में एक अप्रैल को विस्फोट हो गया। धमाके के साथ दो मंजिल मकान जमींदोज हो गया। हादसे में अख्तर अली की पत्नी सलामत और बेटा तैमूर की मकान के मलबा में दबकर मौत हो गई थी और उनकी दो अन्य बेटी अर्शी व तमन्ना बच गई थीं। उपनिरीक्षक मुनेंद्र ने अख्तर अली और उनके पिता असगर अली के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम आदि आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी असगर अली को गिरफ्तार कर लिया।

### 27 साल से जुड़े थे इस कारोबार से

पुलिस के अनुसार असगर अली के पास 27 साल से आतिशबाजी बनाने और बेचने का लाइसेंस था। पिछले साल मार्च 2023 को उनके लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ था। असगर अली ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उनका बेटा अख्तर अली भी आतिशबाजी का काम करता था। पिछले साल लाइसेंस का नवीनीकरण न होने की वजह से बेटे अख्तर अली के घर में आतिशबाजी का भंडारण कर दिया था। इसमें विस्फोट हो गया। पुलिस ने आरोपी असगर अली को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया। उनके बेटे अख्तर अली की तलाश की जा रही है।

खबरें पेज सात पर भी...

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि) ● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना ● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी ● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि ● बवासीर, फिशर ● मानसिक रोग (डिप्रेशन) ● चेहरे के कील, मुहांसे ● मिर्गी ● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द) ● ब्लड प्रेशर, शुगर ● सियाटिका का दर्द ● मानसिक दुर्बलता ● मोटापा ● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग ● साइनस ● टॉसिल का बढ़ जाना ● थायराइड ● जोड़ों का दर्द ● गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः–
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :– ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान
डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

# क्रय केंद्रों पर शुरू हुई गेहूं की खरीद

## क्रय केंद्र पर आने वालों का माला पहनाकर स्वागत, 50 क्विंटल गेंहू किया क्रय

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। किसानों को माला पहनाकर स्वागत किया जा रहा है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना में गेहूं क्रय नीति के अनुसार किसानों को सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचने हेतु विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

यह पंजीयन कृषक स्वयं अथवा जनसूचना केन्द्र के माध्यम से अथवा साइबर कैफे व राजकीय क्रय केन्द्र के माध्यम से कराया जा सकेगा। जिला खाद्य वितरण अधिकारी नंदकिशोर ने अवगत कराया कि बुधवार को मण्डी समिति एटा में स्थित गेहूं क्रय केन्द्र पर कृषक महीपाल सिंह का 40 क्विंटल क्रय किया गया एवं माला और शॉल पहनाकर स्वागत किया गया हैं। इसी प्रकार जलेसर मण्डी में खाद्य विभाग के गेहूं क्रय केन्द्र पर कृषक श्री पन्ना लाल से 10 क्विंटल टन गेहूं क्रय किया गया एवं कृषक को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया है। इसमें समस्त कृषक नाईयों से अनुरोध किया गया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए गेहूं केन्द्र पर साफ करके एवं सुखाकर लायें। इस अवसर पर मंडी सचिव अरुण कुमार आदि रहे।



क्रय केन्द्र पर गेहूं लेकर पहुंचे किसानों का माला पहनाकर स्वागत करते कर्मचारी।

# नंद घर आनंद भयौ जय कन्हैया लाल की

- श्रीमद्भागवत कथा में झूम उठे भक्त, लगते रहे जयकारे

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार:** कस्बा के जवाहर नगर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का वृतांत सुन श्रोता भाव-विभोर हो गए। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्म का मंचन भी किया गया।

कथावाचक आचार्य सल्दीप कृष्ण भारद्वाज ने व्यासपीठ से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया। फूल मालाओं से सजे पंडाल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही बधाई बजने का सिलसिला भी शुरू हुआ। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही देवकी और वासुदेव के बंधन खुल गए। वासुदेव ने बाल कृष्ण को नंद के यहां गोकुल पहुंचाया। लोगों को नंद के घर बालक होने की खबर लगते ही बधाइयां गाई जाने लगीं। नंद के आनंद भयौ जय कन्हैया लाल की गीत गाए गए। देर शाम तक भजन-कीर्तन हुए। लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती की। इस दौरान बाबूराम सविता, प्रेम चन्द्र, सुरेश साहू, डा. पवन माथुर, डा. हरिओम साहू, आकाश गुप्ता सर्राफ, दीपक सविता, कृष्णा आर्य, कैलाश शाक्य, रिषभ साहू, रोहित राकेश, कान्हा, अकित, मोनू आदि मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

### छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज

एटा। जसरथपुर क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया है कि उसकी बेटी घर में मौजूद थी। आरोप है कि तभी गांव नगला उम्मेद निवासी आलोक पुत्र अग्रसेन आ गया, उसने घर में घुसकर पीड़ित की पुत्री के साथ छेड़खानी की, विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए धमकी दी है।

रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ
उत्तर प्रदेश व भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
महेन्द्र गायत्री नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी कालेज
धनवन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
फतेहगंज पश्चिमी, बरेली मो. 7599203105
G.N.M. A.N.M. B.Sc. Nursing
DIPLOMA O.T. ❖ DPT ❖ D.OPT.
योग्यता-इण्टरमीडिएट, मैथ या बायो ग्रुप
D. Pharma 12th Pass Science Side
B.A.M.S.
● उच्च शिक्षा ● उच्च प्रैक्टिस ● उच्च क्लीनिक ट्रेनिंग

### आदिनाथ नवमी पर कार्यक्रम आयोजित



**अवागढ़ , अमृत विचार :** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर, युगप्रवर्तक, षटकर्म उपदेशक, आदि तीर्थंकर प्रजापति, ऋषी बनो या कृषि करो के प्रणेता प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान के जन्म तप कल्याणक आदिनाथ नवमी पर धर्मनगरी अवागढ़ में दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर पर धार्मिक आयोजन किए गए। प्रात :काल भगवान का अभिषेक, शांतिधारा संपन्न हुई। तत्पश्चात प्रभु की भक्ति-आराधना करते हुए श्रावकों ने श्री भक्तामर स्तोत्र विधान का पंडित विकास जैन शास्त्री के निर्देशन में पाठ किया गया। इसके बाद नगर में बैंड बाजे के साथ धूमधाम से भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमे धर्मावलंबियों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ प्रतिभाग किया। दोपहर में महिला मण्डल के सौजन्य से मंदिर में भगवान के भजन स्तुति संपन्न हुई। सांय काल की बेला में 48 रजतमयी दीपकों के साथ रिद्धि मंत्र युक्त श्री भक्तामर स्तोत्र का पाठ संपन्न हुआ। अरुण जैन, दीपक जैन, मुकेश जैन, रजत जैन, बासु जैन, सुनील जैन, पारस जैन, तरुण जैन,परमिल जैन सेठी, राकेश जैन, अंकुश जैन, शगुन जैन, अभी जैन, अतिशय जैन, विकास जैन, मगन जैन, अमित जैन, यतेंद्र जैन, स्वदेश, पवन जैन, योगेश जैन, अंकित जैन, राजीव , अनुज जैन, आदि थे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician
● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384

### दो ट्रकों की भिड़ंत में दोनों के चालक घायल

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अलीगंज रोड स्थित चांदपुर जिंदाहार के समीप दो ट्रकों की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में शाहजहांपुर के सदर थाना क्षेत्र के किल्ला निवासी राशिद पुत्र जम्मू खान और जसरथपुर थाना क्षेत्र के गांव महाराजपुर निवासी उपेन्द्र पुत्र बृजेश कुमार घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी ओर नयागांव थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमगंज निवासी लेखराज पुत्र रतिराम को बाइक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसको उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। आरोपी बाइक सवार चालक युजवेन्द्र पुत्र शंकरलाल के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है।

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)
धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

फ्री डेन्टल इलाज
स्थान:- डेन्टल कॉलेज
पीलीभीत वाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराह के पास विचपुरी मोड
(रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस)
प्रस्तुत करता है
स्वच्छ दंत अभियान
एक और कदम स्वच्छता की ओर
दिनांक :- 02 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ 06 अप्रैल 2024 को समापन
सुविधाऐं
★ मुफ्त परामर्श, ★ मुफ्त रजिस्ट्रेशन
★ मुफ्त दातों की सफाई
★ मुफ्त दातों का निकालना
अन्य इलाज सस्ते दरों पर
नोट - बच्चों के दाँतो के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाऐं उपलब्ध है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

### सेवानिवृत्त फौजी से 40 हजार रुपए की टप्पेबाजी

एटा। शहर के एक बैंक से रुपए निकालकर घर जा रहे सेवानिवृत्त फौजी को चकमा देकर टप्पेबाज 40 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली नगर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मलावन क्षेत्र के रहने वाले सेवानिवृत्त फौजी महावीर सिंह बुधवार को दोपहर करीब 1 बजे कोतवाली नगर क्षेत्र में कचहरी रोड स्थित एसबीआई के मुख्य शाखा से 40 हजार रुपए निकालकर बैग में रखकर घर जाने के लिए जीटी रोड की तरफ पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से पैदल आ रहे दो युवकों ने उनके कपड़ों पर बिस्कुट को घोल बनाकर डाल दिया और बाद कहा कि ताऊ तुम्हारे कपड़े गंदे हो गए। फौजी ने कहा कि आग नल है उस पर साफ करता हूं। वह दोनों युवक पीछ पीछे आने लगे। महावीर सिंह ने रुपयों से भरा बैग नल के पास रखकर कपड़े साफ करना शुरू कर दिए, इसी दौरान दोनों युवक बैग लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने लूट की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर जांच पड़ताल की और आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चुकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध | YouTube पर Search करें | गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

# महिलाओं के डीप फेक वीडियो और फोटो बनाकर वायरल करने वाला गैंग पकड़ा

## टेलीग्राम पर काली रातें नाम का ग्रुप चला रहे एडमिन समेत आठ लोग गिरफ्तार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** महिलाओं के डीप-फेक तकनीक से वीडियो और फोटो वायरल करने के आरोपी ग्रुप एडमिन समेत आठ लोगों को जलेसर पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है।

सकरौली निवासी एक युवती ने थाना जलेसर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा था कि वह जलेसर क्षेत्र में बच्चों को कोचिंग देने जाती है। अपने व्हाट्सएप को चेक करने पर उसे ज्ञात हुआ कि कुछ लोगों ने उसका डीपफेक वीडियो बनाया है जिसमें सिर्फ उसका चेहरा है धड़ किसी और का लगाकर एक व्हाट्स एप ग्रुप में डाला है। जिसका लिंक वायरल कर दिया है। इस तरह पीड़िता व उसके परिवार की छवि खराब करने की कोशिश की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।



आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसएसपी राजेश कुमार सिंह व अन्य।

थाना जलेसर पुलिस द्वारा 3 अप्रैल को पंजाब के जिला संगरूर, थाना दिरवा गांव दिरवा निवासी अरबाज पुत्र बिट्टू एडमिन, जितेंद्र सिंह पुत्र लखपत सिंह निवासी पायदापुर थाना सकरौली, देवजीत पुत्र महिपाल सिंह निवासी बेल पीपरी थाना सकरौली, अजय पुत्र सुरेंद्र पाल निवासी बाबुल गढ़ी थाना सकरौली, धर्मेंद्र सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासी बारा समसपुर थाना सकरौली, अमन पुत्र जब्बीर खा निवासी बारा समसपुर थाना सकरौली, सौरभ पुत्र शशिकांत निवासी बारा समसपुर थाना सकरौली, अभिषेक पुत्र शशिकांत निवासी बारा समसपुर थाना सकरौली को गिरफ्तार कर उक्त मामले का खुलासा किया। आरोपितों के कब्जे से नौ मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अरबाज टेलीग्राम पर ग्रुप काली रातें का एडमिन है, जिस पर अश्लील कंटेन्ट डाला जाता था। पीड़िता के अनुसार उसी ग्रुप पर उसका डीप-फेक वीडियो बनाकर उसका लिंक अपलोड किया गया था। कुछ लोगों द्वारा टेलीग्राम के उस लिंक को स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर कर दिया गया। पुलिस को शिकायत मिलने पर अभियुक्त धर्मेन्द्र द्वारा एडमिन से व्हाट्सएप चैट कर उक्त वीडियो लिंक को डिलीट करा दिया गया। पुलिस को अभियुक्त धर्मेन्द्र के फोन से उक्त सभी डिलीट की गयी चैट के स्क्रीनशॉट व वीडियो लिंक बरामद हुआ छानबीन तथा विवेचना से घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्त भी प्रकाश में आए जिन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा बरामद मोबाइल फोन को और अधिक गहनता से जांच किए जाने हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा जाएगा।

# पेड़ पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, एटा

- पति को छोड़ दो साल से प्रेमी के साथ रह रही थी महिला

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के कमसान स्थित हजारा नहर पुल के पास झाड़ियों में खड़े खजूर के पड़ पर बुधवार को एक महिला का शव लटकता मिला। शिनाख्त होने के पश्चात पिता ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जांच पड़ताल की जा रही है।



मृतका शिवादेवी

बुधवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव कमसान स्थित हजारा नहर पुल के पास झाड़ियों में खड़े खजूर के पेड़ पर दुपटटा से फंदे पर एक महिला का शव लटकने की सूचना इलाका पुलिस को मिली। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और शिनाख्त कराने के लिए क्षेत्र में संदेश भेज दिया। लोगों द्वारा उसकी पहचान कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर निवासी 24 वर्षीय शिवादेवी के रूप में की। खबर लगते ही मायका और ससुराल के लोग भी आ गए। पिता नरेन्द्र सिंह गांव डुड़िया थाना निधौलीकलां ने बताया कि उसने बेटी शिवा की शादी गदनपुर निवासी रमन के साथ की थी। रमन के घर इसी गांव के रहने वाले सोनू उर्फ सरमन का आना जाना था। शिवा और सोनू में प्यार हो गया। शिवा ने पहले पति रमन को छोड़ दिया और दो साल से सोनू के साथ रह रही थी।

कुछ समय से सोनू शिवा को परेशान कर रहा था। 1 अप्रैल 2024 को शिवादेवी रहस्यमय ढंग से घर से गायब हो गई। पिता द्वारा 2 अप्रैल 2024 को कोतवाली देहात में गुमशुदगी दर्ज कराई थी और तलाश शुरू कर दी। बुधवार को खजूर के पेड़ पर एक महिला का शव लटकने की सूचना मिला, मौके पर जाकर शिवा की शिनाख्त की है। नरेन्द्र का आरोप है कि बेटी की सोनू ने हत्या कर शव फांसी पर लटकाया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# मारपीट की घटनाओं में कई घायल, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुईं मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती कराने के पश्चात आरोपितों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है।

निधौलीकलां थाना क्षेत्र के गांव पिपहरा निवासी भूपेश देवी पत्नी अलिंदरवीर सिंह का आरोप है कि गांव के निवासी सुति पुत्र राजबहादुर समेत दो लोगों ने पीड़िता के साथ मारपीट की घर में घुसकर सास ससुर से भी मारपीटकर चोटिल कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर जैथरा के गांव भिडईया निवासी उमेश चन्द्र पुत्र रामसेवक का आरोप है कि गांव के निवासी मोहन पुत्र रामशन समेत दो लोगों ने रास्ता रोककर मारपीटकर धमकी दी है। अलीगंज के गांव डिबईया निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र शेर सिंह का आरोप है कि गांव के निवासी विनीत कुमार पुत्र मान सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुसकर एकराय होकर पीड़ित व पुत्र के साथ लाठी डंडों से मारपीट की, गाली गलौज करते हुए धमकी दी। कोतवाली देहात के गांव बहादुरगढ निवासी रामअवतार सिंह पुत्र भरत सिंह का आरोप है कि गांव के निवासी आमोद कुमार पुत्र बृजनाथ सिंह समेत चार लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की सामान की तोडफोड कर दी गई।

## हनुमान जयंती महोत्सव 18 से 25 अप्रैल तक

**जलेसर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के सानिध्य में श्री राम नवमी दुर्गा नवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव का आयोजन नगर के प्रमुख हनुमान मंदिर महावीरगंज में 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित होगा 24 अप्रैल को भव्य कन्यादान समारोह होगा। श्री हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव के प्रमुख कार्यकर्ता पवन पुजारी ने बताया कि 18 अप्रैल से महोत्सव के दौरान कवि सम्मेलन कीर्तन सुंदरकांड का आयोजन होगा वही 23 अप्रैल को हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार एवं फूल बंगले का आयोजन 24 अप्रैल 7:30 बजे कन्यादान समारोह 25 अप्रैल को प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा कन्यादान समारोह के लिए 10 अप्रैल तक कन्या एवं वर को रजिस्ट्रेशन करना होगा।

# हादसे में घायल युवक की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** छह दिन पहले जैथरा थाना क्षेत्र के धुमरी पुल पर नीलगाय से बाइक टकराने के कारण एक युवक घायल हो गया था। उपचार के दौरान मंगलवार की देर रात आगरा में युवक की मौत हो गई। पिता ने दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।



मृतक संदीप

पुलिस के अनुसार बागवाला थाना क्षेत्र के गांव लोहाखार निवासी संदीप कुमार (25) पुत्र श्यामसिंह 28 मार्च 2023 को अपने दोस्तों के साथ बाइक से जा रहा था। जैथरा क्षेत्र के कस्बा धुमरी के पुल पर बाइक नीलगाय से टकरा गई। इस दुर्घटना में संदीप को गंभीर चोट आई। उसको स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया था। डाक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गई।

वहीं श्यामसिंह ने बताया कि डोरीलाल और राजू भट्टे पर लेबर देने की ठेकेदारी करता है। इन लोगों के साथ संदीप ने काम किया था, उस काम के डोरीलाल औ राजू पर कुछ रुपए हो गए थे, इस बात को लेकर संदीप और नामजद लोगों में कहासुनी हुई थी। इसी बात की रंजिश मानते हुए 28 मार्च को यह लोग भट्टा पर काम करने की बात कहते हुए संदीप को घर से बुलाकर ले गए थे और धुमरी पुल घायल कर मरणासन्न हालत में छोड़कर चले गए। उपचार के दौरान बेटा की मौत हो गई। आरोप है कि नामजद लोगों द्वारा संदीप की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वाहन से कुचलकर महिला की मौत

**एटा अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में जीटी रोड स्थित मानपुर ओवरब्रिज के पास बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे एक सड़क हादसा हो गया। क्षेत्र की टीपीनगर चौकी प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि इस दुर्घटना में एक 40 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हुई है। महिला का चेहरा बुरी तरह से कुचल गया है। इसलिए उसकी पहचान नहीं हो सकी। शव को पहचान कराने के लिए 72 घंटे के लिए मोरचरी में रखवा दिया गया है। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला है कि यह महिला मंदबुद्धि थी।

# आंख का ऑपरेशन रहा सफल अब दुनिया देख सकेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रोजेक्ट प्रकाश के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाति भारती के निर्देशन में विशेष नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन पिछले साल 11 अक्टूबर को जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्रों में आयोजित किए गए थे। इसमें दृष्टि दिव्यांग बच्चों की जांच डॉ. श्रॉफ हॉस्पिटल दिल्ली द्वारा कराई गई थी। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र सिंह ने बताया कि सर्जरी के लिए चिह्नित बच्चों को 31 मार्च को डॉ. श्रॉफ हॉस्पिटल के विशेष एम्बुलेंस से दिल्ली भेजा गया था, जहां छह बच्चों में भेंगापन और मोतियाबिंद की सफल सर्जरी हुई, सभी बच्चे वापस आ गए। अब यह बच्चे दुनिया देख सकेंगे।



ऑपरेशन के बाद परिजनों के साथ खड़े बच्चे। ● अमृत विचार

डॉ. श्रॉफ हॉस्पिटल दिल्ली में प्रोजेक्ट प्रकाश के सहायक प्रोग्राम प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि इन सभी बच्चों की 9 अप्रैल को जिला अस्पताल में पुनः एक बार जांच की जाएगी। आवश्यक सुरक्षा परामर्श की निगरानी में रहेंगे। सभी बच्चे महेश, उपकार बाबू, दीपा, मनीष, सार्थक, रामविलाश दिल्ली से आए है। दीपा के पिता श्यामपाल ने बताया कि बच्चे को अब दिखाई देने लगा है। उपकार बाबू के पिता वेदपाल ने भी डॉक्टरों की सराहना की।

# सीआरपीएफ जवान की पत्नी ने खाया जहर, मौत

बरेली कार्यालय

- शिकायत पर पुलिस ने पति को हिरासत में लिया
- बदायूं निवासी पिता बोले- दहेज के लिए बेटी को करता था परेशान

**अमृत विचार :** इज्जतनगर की सिल्वर स्टेट कॉलोनी में सीआरपीएफ के जवान की पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालात गंभीर होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने जवान को हिरासत में ले लिया है।

बदायूं के उझानी कस्बा निवासी सुधीर कुमार त्रिवेदी ने वर्ष 2020 में बेटी अंजलि की शादी इज्जतनगर की सिल्वर स्टेट कॉलोनी निवासी अभिनव तिवारी के साथ की थी। अभिनव सीआरपीएफ में सिपाही हैं। उनकी तैनाती राजस्थान के अजमेर में है। अभिनव कुछ दिन पहले एक माह के अवकाश पर आए थे। बुधवार को अभिनव और अंजलि के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोपहर तीन बजे अंजलि ने जहरीला पदार्थ खा लिया। अभिनव अंजलि को निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सुधीर त्रिपाठी परिजनों के साथ बरेली आ गए। उनका आरोप है कि बेटी को अभिनव व उनके परिजन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे, जिससे परेशान होकर अंजलि ने आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह ने बताया कि सुधीर त्रिपाठी की शिकायत पर दहेज हत्या में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। अभिनव को हिरासत में ले लिया गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

### जमीन का फर्जी बैनाम कराया, मारपीट

**एटा।** गांव ककराला निवासी मंजीत का आरोप है कि क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी भगवान सिंह यादव पुत्र चन्द्रपाल सिंह समेत छह लोगों ने एकराय होकर पीड़ित की जमीन का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा कर लिया। विरोध करने आरोपितों ने मारपीटकर जान से मारने की धमकी दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## सार-संक्षेप

### ईवीएम व सुपर मास्टर ट्रेनर्स का दिया गया प्रशिक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने विकास भवन सभागार में ईवीएम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ट्रेनर व सुपर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि ईवीएम व सुपर मास्टर ट्रेनर्स भली प्रकार प्रशिक्षण प्राप्त करें। कहीं भी कोई चीज समझ में न आए तो उसे ठीक से सम्बंधित से वार्ता कर समझ लें। ईवीएम मैनुअल का भी गहनता से अध्ययन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन व उसके साथ लगने वाले वीवीपैट मशीन का भली प्रकार प्रशिक्षण प्राप्त करें। मतदान को निर्विघ्न सुचिता पूर्ण व सकुशल ढंग से संपन्न करना सभी का नैतिक दायित्व है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ईवीएम इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की सीलिंग स्पेशल टैग लगाना वीवीपैट वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल को संचालित करना तथा वीवीपैट बैलेट यूनिट व कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार ईवीएम से जुड़े विभिन्न प्रकार की त्रुटियों का निराकरण किस प्रकार किया जाये आदि की विधिवत जानकारी प्रशिक्षण के दौरान दी, व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों व कार्मिकों की जिज्ञासाओं के अनुसार जानकारी उपलब्ध कराई। प्रशिक्षण में प्रत्येक कार्य की बारीकी से जानकारी ट्रेनर्स को उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्वेतांक पांडेय सहित अन्य अधिकारी ट्रेनर्स व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ट्रेनर्स मौजूद रहे।

### छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर दिया मतदान का संदेश

**बदायूं, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में स्वीप योजना, अवेयरनेस मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत छह सड़का पर नुक्कड़ नाटक एवं मतदाता शपथ का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने मतदाताओं को मतदान दिवस 7 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी सदर सुखलाल वर्मा ने प्राचार्यों ने छात्र-छात्राओं, नागरिकों से आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्र में जागरुकता कार्यक्रम चला कर अधिक से अधिक मतदाताओं को, ग्राम मोहल्लों के लोगों को जागरूक करके शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. स्मिता जैन ने मतदान का महत्व बताया। इसके पश्चात सभी लोगों को मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई गई। इसके लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

NOTICE
I, Basant Kumar Gangwar S/o Sri Arvind Kumar, R/o Faizullapur, Nawabganj, Bareilly, and my present address is 2193, Sector 12, Sonipat, Haryana has been informing to the general public that my year of birth was wrongly printed in my matriculation records i.e. 1967 in place of 1970. As per the birth certificate, PAN, Aadhaar Card, etc. my correct year of Birth is 1970. Please read accordingly.

बिकाऊ है
मकान बिकाऊ है, पूरब मुखी 100 गज दो मंजिला
Max City Colony, Nakatia, Near Jat Regiment Centre, Shahjahanpur Road, Bareilly
Tiles & Water Tanki Fitting
Modular Kitchen
Western Toilets
5 Rooms
False Ceiling in living area and kitchen
LOAN FACILITY AVAILABLE
PRICE 60 LAKH
Contact : 8445819999

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र उपदेश राजपूत को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **धर्मवीर सिंह पुत्र श्री बसंतलाल निवासी ग्राम जगमनपुर तहसील आंवला जिला बरेली।**

सूचना
मेरा हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1021955 वर्ष 2018 व इण्टरमीडिएट अंकपत्र/प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 215699394 वर्ष 2021 वास्तव में खो गये हैं। भूदेव पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम जगत पिपरथाना सरसवां तहसील तिलहर जिला शाहजहाँपुर 7054706614

REQUIREMENT
Wanted Experienced fluent in English
Receptionist, Counsellors
Accountant (Tally)
(Male / Female)
PRT, TGT, PGT
Commerce, English, Physics,
ST. XAVIER SCHOOL
Akansha Enclave, Near Munshinagar, Bareilly
stxc@rediffmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# जो लोग संविधान बदलना चाहते हैं, उनके निशाने पर हूं

## 2010 दंगे के केस में फरार घोषित आईएमसी प्रमुख ने जारी किया वीडियो संदेश

बरेली कार्यालय

- तौकीर ने कहा- भगोड़ा नहीं, हर संघर्ष का करूंगा सामना, मजबूरी में ली अस्पताल से छुट्टी

**अमृत विचार :** शहर में 2010 में हुए दंगे के केस में फरार घोषित किए जाने के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बुधवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा है कि वह उन लोगों के निशाने पर हैं जो देश का संविधान बदलना चाहते हैं। वह भगोड़े नहीं हैं। उन्हें चाहे फांसी पर चढ़ाया जाए या मुख्तार अंसारी की तरह जेल में जहर देकर मारा जाए, वह हर संघर्ष का सामना करने के लिए तैयार हैं।



मौलाना ने वीडियो में कहा है कि उनकी बदनामी की जा रही है और भगोड़ा बताकर तमाशा बनाया जा रहा है। इसी कारण उन्होंने मजबूरी में अस्पताल से छुट्टी ली है। डॉक्टर ने उन्हें सख्त ताकीद की है कि जब तक ओपन हार्ट सर्जरी नहीं हो जाए, तब तक उन्हें पूरी तरह आराम की जरूरत है। अगर उन पर जवाबदेही बनती है तो वह कोर्ट में हाजिर होने, गिरफ्तारी देने और फांसी पर भी चढ़ने को तैयार हैं। मुख्तार अंसारी की तरह जेल में जहर देकर मरना चाहते हैं तो उसके लिए भी तैयार हैं।

मौलाना ने कहा है कि वह भागने वालों में से नहीं हैं। ईमानदारी से काम होगा तो सहयोग करेंगे लेकिन बेईमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका अल्लाह जानता है कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। वह पूरी ईमानदारी से संविधान की हिफाजत की बात करते हैं। इसी कारण जो लोग संविधान को बदल देना चाहते हैं, वह उनके निशाने पर हैं। मौलाना ने गृहमंत्री अमित शाह के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि गृह मंत्री के 'निजाम' यानी नसीमुद्दीन, अशरफ अतीक, आजम से निजात दिलाने के बयान से साफ है कि अतीक, अशरफ और मुख्तार की हत्या कराई गई थी। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग को इसका संज्ञान लेकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराना चाहिए।

तौकीर ने कहा है कि अब तक सुप्रीम कोर्ट ही किसी भी तरह के दबाव से बचा हुआ है। कुछ जज रिटायर होकर सत्ताधारी भाजपा से फायदा लेना चाहते हैं। उनकी सुप्रीम कोर्ट से अपील है कि इसका संज्ञान ले क्योंकि पूरे देश का अब सिर्फ सुप्रीम कोर्ट पर ही विश्वास बचा है।

# प्रेमी से मिलने पर लगाई बंदिश तो फंदे पर लटक कर दे दी जान

शहाजहांपुर कार्यालय

**अमृत विचारः** प्रेम प्रसंग के चलते युवती ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों ने पुलिस को बिना सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चाएं आम हो रही है।

बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीया युवती का मोहल्ले के ही एक युवक से करीब एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से मिलते-जुलते रहते थे, जिसकी भनक परिवार के लोगों को लगी।

परिवार वालों ने एक दूसरे से मिलने पर बंदिश लगा दी। प्रेमी से नहीं मिल पाने की वजह से युवती ने मंगलवार को घर में बने कमरे के कुंडे में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों ने फंदे से उतार कर पुलिस को बिना सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इससे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोगों का कहना है युवती प्रेमी के साथ शादी करना चाहती थी लेकिन उसके परिवार वाले राजी नहीं हुए।

इसी के चलते युवती ने आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि सूचना नहीं दी गई है।

### नदी में अज्ञात शव मिला

**अल्हागंज।** कोठा मंझा गांव के बाहर एक अज्ञात का शव नदी में उतराता हुआ मिला। शव दो -तीन दिन पुराना बताया जाता है। अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव कोटा मंझा गांव के ग्रामीण मंगलवार की दोपहर जानवर लेकर रामगंगा नदी पर गए थे। वहां ग्रामीणों ने एक शव नदी में उतराता हुआ देखा। पुलिसने शव को बाहर निकलवाया। अज्ञात युवक की उम्र 29 साल होगी। मृतक नीले रंग की जींस की पैंट तथा टी शर्ट पीली रंग की छापेदारी पहने हुए था। एसओ ओमप्रकाश ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# निगरानी टीमों ने बरामद की 10.12 लाख की नगदी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव की दृष्टि से बनाए गए बैरियर पर एसएसटी/एफएसटी टीमों का कड़ा पहरा है। इन निगरानी टीमों ने कुल 10.12 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। यह वह नगदी है, जिसके संबंध में संबंधित लोग पुलिस टीमों को साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं। इस धनराशि को जिला कोषागार में सुरक्षित किया गया है।

नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले में 19 एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) और इतनी ही एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) बनाई गई हैं। टीमें जिले के बॉर्डर पर जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए यूपी-उत्तराखंड राज्य के बॉर्डर पर अंतरराज्यीय और मुरादाबाद जिले से सटे जिलों की सीमा पर कुल 55 बैरियर बनाए हैं। ये बैरियर सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं। बैरियर पर 24 घंटे की संपूर्ण गतिविधियों को कैमरों में रिकॉर्ड किया जा रहा है।

# सपाइयों को अखिलेश का निर्णय मानने की नसीहत

रामपुर कार्यालय

- लोस चुनाव के दौरान दोनों के बीच रार कम होने के संकेत
- सपा प्रत्याशी से आज हो सकती है जिलाध्यक्ष की मुलाकात

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्णय को मानने की नसीहत जिले के सपाइयों को दी है। इससे आजम खां और अखिलेश यादव के बीच रार कम होने के संकेत मिल रहे हैं। साथ ही जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान सपाइयों के एकजुट होने में मदद मिलेगी।



सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर मंगलवार को आजम खां से सीतापुर जेल में मिलने पहुंचे तो आजम ने उन्हें हिदायत दी। हालांकि जेल प्रशासन ने आजम खां के लिए तरबूज नहीं ले जाने दिया था। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनकी गुरुवार को लोकसभा प्रत्याशी से मुलाकात हो सकती है। बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामपुर से मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि आजम खां ने अखिलेश यादव से रामपुर से चुनाव लड़ने के लिए कहा था। बताया गया कि लोकसभा सीट के लिए पूर्व मंत्री आजम खां की पेशकश सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नहीं मानने पर तेवर तल्ख हो गए थे। आजम खां ने आसिम राजा को नामांकन पत्र जमा करने के निर्देश दे दिए थे। लेकिन, सिंबल नहीं मिलने के कारण नामांकन पत्र निरस्त हो गया। इसके बाद आजम खां का खेमा सुस्त हो गया। मंगलवार दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर सपा के जिलाध्यक्ष आजम खां से मिलने पहुंचे। वह अपने साथ आजम खां के लिए तरबूज, केले, सेब और खजूरे लेकर गए थे। जेल प्रशासन ने जेल नियमों का हवाला देते हुए तरबूज को जेल में नहीं ले जाने दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने तरबूज जेल के बाहर ही छोड़ दिया और सेब, केले और खजूरे लेकर आजम खां से मिलने पहुंचे। बताया कि करीब 90 मिनट की मुलाकात में आजम खां ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्णय मानने की नसीहत दी है। आजम खां को 22 अक्टूबर 2023 को सीतापुर जेल में रामपुर जेल से शिफ्ट किया गया था। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सपा के प्रत्याशी से उनकी मुलाकात नहीं हुई है। गुरुवार को दोनों की मुलाकात हो सकती है। इसके बाद चुनाव की आगे की रणनीति बनेगी।

# भूमि विवाद में पथराव, तीन पुलिस कर्मी चोटिल

शाहजहांपुर कार्यालय

- अल्हादादपुर में विवादित जमीन पर कोर्ट का फैसला आने के बाद निर्माण शुरू होने पर मारपीट
- पुलिस की गाड़ी का शीशा भी टूटा, मौके से 11 लोग लिए गए हिरासत में
- एसआई की तहरीर पर 14 लोगों पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

> सर अल्हादादपुर में पूर्व में राजस्व टीम द्वारा जमीन की नाप कर खूंटाबंदी की गई थी। बुधवार को एक पक्ष द्वारा थाने पर सूचना दी गई कि दूसरे पक्ष ने खूंटे हटा दिए हैं। इस सूचना पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो दूसरे पक्ष द्वारा विरोध किया गया और पथराव किया। इस मामले में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। 11 लोगों को हिरासत में लिया गया।
> 
> **- अमित चौरसिया,** सीओ सदर

**अमृत विचारः** विवादित जमीन पर कोर्ट का फैसला आने के बाद निर्माण शुरू होने पर विपक्षियों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। निर्माण कार्य नहीं रोके जाने पर विपक्षियों ने पुलिस के सामने ही ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। जिसमें महिला कांस्टेबल समेत तीन पुलिस कर्मी चोटिल हो गए और पुलिस की गाड़ी का शीशा भी टूट गया। थाने से पहुंचे पुलिस फोर्स ने मौके से 11 लोगों को हिरासत में ले लिया। मामले में एसआई की ओर से 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में लिए गए लोगों का चालान कर दिया।

गांव अल्हादादपुर निवासी सुखपाल जमीन संबंधी मामले में कोर्ट का फैसला आने के बाद बुधवार को राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी गांव में ही खाली पड़ी जमीन पर मकान बनवाने के लिए नींव भरवा रहे थे। तभी दोपहर करीब 2:30 बजे विपक्षी रामसरन, मेवाराम, सत्यपाल आदि व परिवार की तमाम महिलाएं आ गईं और जमीन पर अपना दावा जताते हुए निर्माण कार्य का विरोध करना शुरू कर दिया। जबकि सुखपाल का कहना था कि कोर्ट ने इस जमीन पर उसके पक्ष में फैसला दिया है और इसके बाद ही उसने जमीन पर निर्माण कराना शुरू किया है। पुलिस ने भी विपक्षियों को शांत करने की कोशिश लेकिन वह लोग पुलिस से भी बहस करने लगे और इसके बाद काम बंद नहीं होने पर विपक्षी रामसरन आदि और परिवार की महिलाओं ने ईंट पत्थर चलाने शुरू कर दिए। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। पथराव में एक महिला कांस्टेबल समेत तीन पुलिस कर्मी चोटिल हो गए। पुलिस की सरकारी गाड़ी का शीशा भी चटक गया। वहीं सुखपाल आदि ने भी मौके से भागकर अपनी जान बचाई। चोटिल पुलिस कर्मियों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। कुछ ही देर में इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह फोर्स के साथ गांव पहुंच गए और हमलावरों में शामिल 11 लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद सभी को निगोही थाने लाया। जानकारी मिलने पर सीओ सदर अमित चौरसिया भी जिला मुख्यालय से निगोही थाने पहुंचे और मामले की जानकारी कर हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार की तहरीर पर रामसरन समेत 14 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई और फिर हिरासत में लिए सभी 11 लोगों का चालान कर दिया गया। शेष की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दबिश दी गई।

### आग से छह घर जले, गोवंश की मौत

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा अलीगंज में मंगलवार की रातअनिल शर्मा के घर अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते परिवार के ही राजेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, बालगोविंद शर्मा, नीरज शर्मा और साहब लाल शर्मा के घरों को अपने आगोश में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि साहबलाल के घर जानवरों को खोलने का मौका नहीं मिला और एक गोवंश की जलकर मौत हो गई। इस आग से छह घरों से लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.50 लाख ठगे

मुरादाबाद कार्यालय

**अमृत विचारः** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.30 लाख रुपये की ठगी हुई है।

पीड़ित मोहम्मद रिजवान का कहना है कि आरोपी ने विदेश में उसकी इलेक्ट्रीशियन के पद पर नौकरी लगवाने का वादा किया था। नौकरी नहीं लगी तो वह आरोपी से अपने रुपये वापस मांग रहा है। आरोपी रुपये लौटाने के बजाय उसे जान से मार देने की धमकी देने लगा था। इस मामले में पीड़ित ने बुधवार को एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। इस प्रकरण में एसएसपी हेमराज मीना ने सीओ हाईवे को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ठगी के शिकार मोहम्मद रिजवान मूंढापांडे थाना क्षेत्र के सक्टूनगला के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वह स्नातक तक पढ़ाई करने के बाद बेरोजगार हैं। कहीं काम न मिलने से वह परेशान रहते हैं, जिसका फायदा आरोपी ने उठाया और उन्हें विदेश में इलेक्ट्रीशियन की नौकरी दिलाने का लालच देकर रुपये ठग लिए हैं। मोहम्मद रिजवान ने एसएसपी को बताया कि ठाकुरद्वारा निवासी युवक ने उसे दुबई में इलेक्ट्रीशियन की नौकरी लगवाने का लालच दिया था। यही नहीं, उसने कहा था कि दुबई में उसे हर महीने 35,000 रुपये सैलरी मिला करेगी। इसी नौकरी लगवाने के बदले में उन्होंने आरोपी को 1.50 लाख रुपये दिए थे और फिर उसने मोहम्मद रिजवान की अगले तीन माह के भीतर विदेश में नौकरी लगवाने की बात कही थी। समय बीतने के बाद भी जब आरोपी ने मोहम्मद रिजवान को नौकरी के लिए विदेश नहीं भेजा है।

# कोतवाली में हंगामा करने वाले भाजपा नेताओं पर एफआईआर

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी और किराएदार दरोगा के बीच हुई मारपीट मामले में बुधवार को एक और कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सदर कोतवाली में हंगामा करने वाले भाजपा नेताओं पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने यह कार्रवाई डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर की है, जिसमें धारा 144 के उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के एक मोहल्ले में पड़ोसी जिले के भाजपा सांसद की भतीजी के घर किराए पर रहने वाले दरोगा अभय मिश्रा पर सांसद की भतीजी ने मारपीट व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव और विधायक के समर्थकों के साथ दरोगा पर कार्रवाई की मांग को लेकर सदर कोतवाली में धरना दिया था। इस दौरान खूब हंगामा हुआ था। समर्थकों ने कोतवाली में मौजूद आरोपी दरोगा के साथ हाथापाई भी की थी। पुलिस ने दरोगा, उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की थी और मेडिकल करवा कर उसे निलंबित कर दिया था। मंगलवार को दरोगा की पत्नी ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई।

कोतवाली में तैनात दारोगा राजेश पांडेय ने धारा 144 के उल्लंघन में सांसद की भतीजी के पति सहित 10- 12 लोगों के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई होगी।

# ब्लॉक में फंसी राज्यरानी और त्रिवेणी एक्सप्रेस

बरेली कार्यालय


- नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते टोडरपुर स्टेशन पर ब्लॉक
- जंक्शन पर ट्रेनों के इंतजार में परेशान हुए रेल यात्री

**अमृत विचार :** समर सीजन में यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार को आलमनगर-शाहजहांपुर रेलखंड के बीच टोडरपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ब्लाक लिया गया। एक ओर जहां बरेली जंक्शन से चलने वाले चार ट्रेनें निरस्त थीं तो पीछे के स्टेशनों से आने वाली ट्रेनों को देरी से चलाया गया। इस वजह से प्लेटफार्म पर ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे। उधर, त्रिवेणी, राज्यरानी, लोहित एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें ब्लॉक में फंसी नजर आईं।

15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी टनकपुर से 90 मिनट लेट चलाई गई। यह ट्रेन जंक्शन पर 2 घंटा 12 मिनट देरी से पहुंची। वहीं 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ राज्यरानी एक्सप्रेस मेरठ से 120 मिनट चलाई गई, जो यहां दो घंटा देरी से आई। ब्लाक की वजह से 13152 सियालदह एक्सप्रेस 3 घंटा 32 मिनट, 15623 कामाख्या एक्सप्रेस 2 घंटा 44 मिनट की देरी से जंक्शन पर पहुंची। गुरुवार को 15076 टनकपुर-शक्तिनगर 90 मिनट, 12332 जम्मूतवी हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस जम्मूतवी से 65 मिनट, गुरुवार और शुक्रवार को 15044 काठगोदाम लखनऊ एक्सप्रेस काठगोदाम से 65 मिनट देरी से चलाई जाएगी। वहीं, डाउन लाइन पर ट्रेनों को कछुआ चाल से गुजारा जाता रहा।

### यह ट्रेनें आज और कल निरस्त

14235 वाराणसी बरेली एक्सप्रेस,
14307 प्रयागराज संगम-बरेली,
14236 बरेली वाराणसी एक्सप्रेस,
14308 बरेली प्रयागराज एक्सप्रेस




### बरेली से मुंबई जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग

बरेली। समर सीजन शुरू होते ही ट्रेनों में वेटिंग शुरू हो गई है। बरेली से मुंबई जाने वाली ट्रेनों में नो रूम की स्थिति है। इनमें कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। आलम यह है कि वेटिंग का आंकड़ा 100 के पार पहुंच चुका है। वहीं, समर स्पेशल ट्रेनों को लेकर रेलवे की तरफ से कोई सूचना नहीं है। बरेली से मुंबई के लिए सप्ताह में दो ट्रेनों का संचालन किया जाता है। प्रत्येक शुक्रवार को रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस और प्रत्येक शनिवार को बरेली लोकमान्य तिलक टर्मिनस (दादर एक्सप्रेस) ट्रेन का संचालन किया जाता है। रामनगर बांद्रा में जून तक और दादर एक्सप्रेस में मई तक बुकिंग पूरी तरह फुल है। 22976 रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस में पांच अप्रैल को 126, 12 अप्रैल को 87, 19 अप्रैल को 106, 20 अप्रैल को 56, 27 अप्रैल को 72, चार मई को 35, 11 को 33, 18 को 9, 25 मई को 28 और एक जून को 30 वेटिंग दिख रही है। स्लीपर श्रेणी के अलावा ट्रेन की एसी श्रेणियों में भी टिकट की यही स्थिति है। मुंबई के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान आदि जगह जाने वाली ट्रेनों में भी बुकिंग फुल हो चुकी है।

### बरेली-चंदौसी रेल मार्ग पर आज साढ़े नौ घंटे का मेगा ब्लाक

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल के बरेली-चंदौसी रेल मार्ग पर गुरुवार को साढ़े नौ घंटे का मेगा ब्लाक लिया जाएगा। इस वजह से नौ ट्रेनों को संचालन प्रभावित रहेगा। बिशारतगंज और आंवला स्टेशन के बीच पुल संख्या 18 पर पुराने ब्लाक बदलने का काम किया जाएगा। 15529 जन साधारण एक्सप्रेस को डायवर्ट कर बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद के स्थान पर बरेली कैंट-बरेली जंक्शन-मुरादाबाद के रास्ते गुजरा जाएगा। इसके अलावा 12035 दिल्ली पूर्णागीरी जनशताब्दी एक्सप्रेस टनकपुर से 120 मिनट और 12036 टनकपुर पूर्णागीरी जनशताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली से 270 मिनट देरी से चलाई जाएगी। 04304 दिल्ली बरेली पैसेंजर गुरुवार को जंक्शन पर निरस्त रहेगी।

आज यह ट्रेनें निरस्त : 04366 मुरादाबाद बरेली पैसेंजर, 04365 बरेली मुरादाबाद पैसेंजर, 04378 बरेली अलीगढ़ पैसेंजर, 04377 अलीगढ़ बरेली पैसेंजर।


HINDUJA HOUSING FINANCE

## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय : 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट, सैदापेट, चेन्नई-600015
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001

आरआरएम-पंकज सिंह चौधरी-7081828333, आरएलएम-अरुण कुमार सिंह-9506011777, सीआरएम-दीपक कुमार-9839600666 एवं सीएलएम-दीपक सिंह मो. नं. 9453220448

### ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV A) (नियम 8(6))

**हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएचएफएल)** जिसका कॉर्पोरेट कॉर्या : 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट, सैदापेट, चेन्नई - 600015 और शाखा कार्यालयः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001, को बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के तहत। जबकि एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित ऋण खातों/संभाव्य सं. में निम्नलिखित संपत्ति को बेचने के अधिकार के साथ कब्जा कर लिया था। बकाया राशि की वसूली हेतु **'जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है** के आधार पर बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट **https://bankauctions.in/.** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

**ई-नीलामी की तिथि/समयः 02.05.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक**

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 30.04.2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक**

**सम्पत्ति का निरीक्षण की तिथि 27.04.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक**

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ गारंटर(रो) का नाम/ | धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि और राशि | अचल सम्पत्तियां /प्रतिभूति आस्तियों का विवरण | कब्जे की स्थिति और तिथि | आरक्षित मूल्य (आरपी) / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) आरपी का 10 प्रतिशत / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000436 1. दीपक अग्रवाल, (कर्जदार) 2. श्वेता अग्रवाल (सह-कर्जदार) | 29/11/2022 रु. 25,08,147/- और अतिदेय प्रभार एवं अतिरिक्त ब्याज के साथ | प्लॉट भूमि क्षेत्रफल 0.1260 हैक्ट. जोकि रेवेन्यू गाँव कचौली अर्थात खसरा नं. 250 मि, तहसील और जिला बरेली में स्थित, चौहद्दी : उत्तर में - खेत लाल बहादुर, दक्षिण में - शेष भूमि विक्रेता, पूरब में - बड़ा बीआई पास, पश्चिम में - हीरा लाल का खेत | सांकेतिक 27/07/2023 | ₹ 45,50,000/- ₹ 4,55,000/- ₹ 10,000/- |
| | | कुल बकाया रु. 25,08,147/- दिनांक 23.11.2022 तक | भुगतान का प्रकारः- सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में RTGS/NEFT के माध्यम से एचडीएफसी, बैंक खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA436, IFSC कोड:-HDFC0004989 में किया जाएगा। | | |
| 2 | ऋण खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000014 1. श्री ओमेंद्र शर्मा पुत्र इच्छा राम शर्मा (उधारकर्ता) 2. श्रीमती रानी शर्मा पत्नी ओमेंद्र शर्मा (सह-उधारकर्ता) | 22/10/2020 रु. 15,93,062/- और अतिदेय प्रभार एवं अतिरिक्त ब्याज के साथ | प्लॉट बाके नंदौसी तहसील और जिला बरेली में स्थित, क्षेत्रफल 167.22 वर्ग मीटर, चौहद्दीः पूरब में - 10फीट रोड, पश्चिम में - अराजी विक्रेता का हिस्सा, उत्तर में - 36 फीट लिंक रोड, दक्षिण में - 12 फीट रोड़ | 13/08/2021 | ₹ 5,00,175/- ₹ 50,017.5 ₹ 10,000/- |
| | | कुल बकाया रु. 15,93,062/- दिनांक 31.10.2022 तक | भुगतान का प्रकारः- सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में RTGS/NEFT के माध्यम से एचडीएफसी, बैंक खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA14, IFSC कोड:-HDFC0004989 में किया जाएगा। | | |
| 3 | ऋण खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000158 1. श्री रणवीर सिंह पुत्र विजेंद्र पाल सिंह (उधारकर्ता) 2 श्रीमती रजनी जी पत्नी रणवीर सिंह (सह-उधारकर्ता) | 03-09-2022 रु. 6,45,991/- और अतिदेय प्रभार एवं अतिरिक्त ब्याज के साथ | रेवेन्यू गाँव जोहरपुर, अरबन अर्थात खसरा नं. 941/1944/1, तहसील और जिला बरेली में स्थित, लैंडमार्क सी.बी गंज स्टेशन, क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मी., चौहद्दी : पूरब में - प्लॉट, पश्चिम में - 25फीट रोड, उत्तर में - प्लॉट, दक्षिण में - 28फीट रास्ता | 12/12/2023 | ₹ 6,50,484/- ₹ 65,048.4 ₹ 10,000/- |
| | | रु. 6,45,991/- दिनांक 23.08.2023 तक कुल बकाया राशि | भुगतान का प्रकारः- सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में RTGS/NEFT के माध्यम से एचडीएफसी, बैंक खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA158, IFSC कोड:-HDFC0004989 में किया जाएगा। | | |
| 4 | ऋण खाता नं. UP/LKN/BRLY/A000000158 1. श्री रियासुद्दीन पुत्र श्री याकूब (उधारकर्ता) 2. श्रीमती जिनत बेगम पत्नी रियासुद्दीन (सह-उधारकर्ता) | 22/10/2020 रु. 15,16,191/- और अतिदेय प्रभार एवं अतिरिक्त ब्याज के साथ | बिहार मन नगला तहसील और जिला बरेली, खसरा नं. 821, क्षेत्रफल 119.94 वर्ग मी., चौहद्दी : पूरब में - प्लॉट सादिक, पश्चिम में - प्लॉट ज़ैबू निशा, उत्तर में - 10 फीट रोड, दक्षिण में - खेत राम दास, | 13/08/2021 | ₹ 8,74,800/- ₹ 87,480/- ₹ 10,000/- |
| | | कुल बकाया रु. 15,16,191 दिनांक 20.10.2020 तक | भुगतान का प्रकारः- सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में RTGS/NEFT के माध्यम से एचडीएफसी, बैंक खाता सं. HHFLTDUPLKNBRLYA59, IFSC कोड:-HDFC0004989 में किया जाएगा। | | |

**ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तेः -**

1. संपत्ति को **"जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है और बिना किसी दायित्व रहित"** आधार पर बेचा जा रहा है। इस तरह की बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है।
2. संपत्ति / परिसंपत्तियों का विवरण (अर्थात् ई-नीलामी बिक्री नोटिस में निर्दिष्ट सीमा और माप को सुरक्षित लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है और सुरक्षित लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत-बयान या चूक हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। वास्तविक मौजूदा और मापन अलग-अलग हो सकते हैं।
3. सुरक्षित लेनदार द्वारा जारी ई-नीलामी बिक्री नोटिस आम जनता को अपनी बोलियां जमा करने के लिए एक निमंत्रण है और इसे सुरक्षित लेनदार की ओर से कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं माना जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार के साथ शीर्षक विलेखों की प्रतियों का उपयोग करें और बोलियां प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति / परिसंपत्तियों और दावों / देय राशियों के स्वामित्व और वर्तमान स्थिति के बारे में स्वयं की स्वतंत्र पूछताछ / उचित परिश्रम करें जो संपत्ति को प्रभावित करते हैं।
4. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankauctions.in/** के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" या सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा प्रदान की गई नीलामी के माध्यम से होगी, जो नीलामी की पूर्ण प्रक्रिया को ई-नीलामी मंच द्वारा व्यवस्थित और समन्वयित करेगा।
5. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से बोली लगाने के लिए ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी खुद बोली लगाने वाले को सुनिश्चित करनी होगी। सुरक्षित लेनदार/सेवा प्रदाता को इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, स्वयं के सिस्टम क्रैश, बिजली की विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।
6. विवरण, सहायता, प्रक्रिया हेतु तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन बोली लगाने वाले संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोजर, 605ए, छठी मंजिल, मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, अमीरपेट, हैदराबाद - 500038** (संपर्क व्यक्तिः श्री भारती राजू फोन नं. **8142000735**, श्री सुबाराव फोन नं. **8142000061** ईमेलः **subbarao@bankauctions.in**, ईमेल. **bharathi@bankauctions.in** से संपर्क कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम **https://bankauctions.in/** पर पहले से पंजीकृत कर लेना चाहिए और यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त करने के तुरंत बाद ही उसे बदल दें।
7. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को "हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड" के पक्ष में Demand Draft/NEFT/RTGS के माध्यम से आरक्षित मूल्य (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) का 10 प्रतिशत की वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) **30.04.2024** तक या उससे पहले जमा करना होगा।
8. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा हुआ बोली फॉर्म (**https://bankauctions.in/** पर उपलब्ध प्रारूप), हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, द्वितीय तल, 212बी और 212सी, प्लॉट नं. टीसी/जी-2/2 एवं टीसी/जी-5/5, साइबर हाइट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, यू.पी-226010 के प्राधिकृत अधिकारी को 30-04-2024 को सायं 05:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में ईएमडी प्रेषण के साथ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। सीलबंद लिफाफे के ऊपर (जैसा कि ऊपर बताया गया है) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए बोली" लिखा जाना चाहिए।
9. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि की समाप्ति के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उसके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेगा और योग्य बोलीदाताओं के विवरण की पुष्टि करेगा (जिन्होंने आरक्षित मूल्य के ऊपर और ऊपर अपनी बोलियां उद्धृत की हैं और निर्दिष्ट ईएमडी का भुगतान सुरक्षित लेनदार) सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** को ई-नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित तिथि और समय पर केवल उन बोलीदाताओं को ऑनलाइन इंटर-से बोली/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने के लिए सक्षम बनाता है।
10. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से शुरू होगी। परस्पर बोली की प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक "10" मिनट का असीमित विस्तार होगा, अर्थात ई-नीलामी का अंतिम समय स्वचालित रूप से प्रत्येक बार 10 मिनट तक बढ़ाया जाएगा यदि बोली अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर की जाती है।
11. एक बार की गई बोलियों को रद्द या वापस नहीं लिया जाएगा। बोलीदाता को दी गई यूजर आईडी से की गई सभी बोलियां उसके द्वारा अकेले की गई समझी जाएंगी।
12. ई-नीलामी की कार्यवाही बंद होने के तुरंत बाद, सबसे ऊंची बोली लगाने वाला, ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में सफल बोलीदाता के रूप में घोषित होने के लिए प्राधिकृत अधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय कार्यालय हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड - द्वितीय तल, 212बी और 212सी, प्लॉट नं. टीसी/जी-2/2 एवं टीसी/जी-5/5, साइबर हाइट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, यू.पी-226010 को और सेवा प्रदाता दोनों को ई-मेल द्वारा उद्धृत बोली की अंतिम राशि की पुष्टि करेगा।
13. सफल बोलीदाता बिक्री के उसी दिन बोली राशि (ईएमडी सहित) का 25% और शेष बोली राशि का 75% DD/Pay order/NEFT/RTGS/Cheque द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बिक्री की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करेगा।
14. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय के भीतर उपरोक्त निर्धारित राशि के भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
15 सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से बोली राशि की शेष राशि जमा करने के लिए लिखित रूप में और समय दे सकता है।
16. सफल बोलीदाता टीडीएस (बिक्री से बाहर) के लिए बिक्री मूल्य का 1% का भुगतान करेगा और अधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करेगा और ईएमडी को समायोजित करते हुए बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस की ओर 1% की कटौती के बाद) जमा करेगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 कार्य दिवसों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाले ऐसे अन्य विस्तारित समय के भीतर, जिसके गिरने पर बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।
17. नगरपालिका/पंचायत कर, बिजली देय (यदि कोई हो) और किसी अन्य प्राधिकरण देय राशि (यदि कोई हो) का भुगतान सफल बोलीदाता द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र जारी करने से पहले किया जाना है। संपत्ति से संबंधित सभी वैधानिक देय राशि को ध्यान में रखते हुए बोलियां लगाई जाएंगी।
18. सफल बोलीदाता के पक्ष में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र केवल संपूर्ण खरीद मूल्य / बोली राशि जमा करने और सभी करों / शुल्कों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जारी किया जाएगा।
19. कानूनी शुल्क, स्टांप ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और किसी भी प्रकार के अन्य आकस्मिक प्रभार नीलामी खरीदार द्वारा वहन किया जाएगा।
20. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही को स्थगित/रद्द कर सकता है। यदि निर्धारित ई-नीलामी बिक्री को बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 दिन पहले बाद की तारीख में स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।
21. अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद है।
22. बोली प्रस्तुत करने वाले सभी बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया गया माना जाएगा और वे उनके द्वारा बाध्य होंगे।
23. अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी **श्री अरुण कुमार सिंह मो. नं. 9506011777 एवं श्री दीपक सिंह मो. नं. 9453220448** से संपर्क करें।
24. यह प्रकाशन प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उक्त ऋण खाते के ऋणी/बंधक/गारंटरों को उपरोक्त पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में 30 दिनों का नोटिस भी है। -उल्लिखित तिथि/स्थान

स्थान : बरेली
दिनांक 03-04-2024

प्राधिकृत अधिकारी,
हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**विशेष निर्देश/सावधानीः अंतिम मिनट/सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में बोलीदाता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली की विफलता, आदि) के लिए न तो हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जैसे बैक-अप बिजली की आपूर्ति और जो कुछ भी आवश्यक हो, ताकि वे ऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।**

लोकसभा चुनाव में मुद्दों को लेकर अमृत विचार ने जनता से बातचीत की तो पाया कि लोग महंगाई, बेरोजगारी, किसान आंदोलन, चुनावी बांड और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे सवालों को महत्वपूर्ण तो मानते हैं, लेकिन वोट देने के सवाल पर मोदी के मुकाबले दूसरा नेता नहीं होने, राम मंदिर बनने, धारा-370 हटने और विकसित भारत का जिक्र करते हुए प्रदेश में गुंडाराज की जगह कानून का राज स्थापित होने को विमर्श के केंद्र में रख देते हैं। प्रस्तुत है जनता के साथ संवाद में निष्कर्ष का मंथन...

# ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग मुद्दों से भरा भाजपा का बैग



मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग और राम मंदिर के साथ विकसित भारत के लिए भाजपा ने अबकी बार, 400 पार का नारा देकर मोदी 3.0 के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जब मैदान में उतरे तो उन्होंने अपने अंदाज में विपक्षी गठबंधन को पहले परिवारवाद के कठघरे में खड़ा किया फिर दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद अभियान को भ्रष्टाचार पर प्रहार में केंद्रित कर दिया। अपने बीते दो कार्यकाल को ट्रेलर बताते हुए यह तक कह दिया कि आगे और बड़े काम होने हैं। इसके मुकाबले विपक्षी इंडिया गठबंधन पटना, मुंबई और दिल्ली में रैलियां करने के बाद भी मुद्दों के लिहाज से अपना चुनावी अभियान पटरी पर नहीं ला पाया है, तो इसकी बड़ी वजह उसके द्वारा उछाले जा रहे सवाल मुद्दे से ज्यादा मोदी विरोध जैसे हैं, यह आकलन संवाद में 45 फीसदी लोगों ने व्यक्त करते हुए साफ कहा कि इसी कारण दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद गठबंधन ने सहानुभूति लेने की कोशिश तक सिमट गया।

### मुद्दे बनाना और उनसे बने माहौल का फायदा उठाना

- लोगों ने साफ कहा कि चुनाव मुद्दों और उनके जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है, भाजपा और उसके नायक मोदी यह बात भलीभांति जानते हैं, जबकि विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ वैसा कोई चुनावी मुद्दा खड़ा नहीं कर पा रहा है, जिसे हथियार बनाकर भाजपा का विजय रथ रोक सके। यही बात 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत नजर आ रही है।

- मंदिर और विकसित भारत के जयघोष के साथ भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री का लगातार करारा प्रहार
- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, चुनावी बांड व एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल के सवालों पर नहीं हलचल

### महंगाई, बेरोजगारी, किसान और चुनावी बांड को नहीं मिल पा रही धार

- तेजी से आगे बढ़ते चुनावी अभियान और बदलती परिस्थितियों में सीएए, समान नागरिक संहिता, किसान आंदोलन, फसलों की एमएसपी जैसे मुद्दे नेपथ्य में जाते दिख रहे हैं और राष्ट्रवाद से प्रेरित कच्चातिवु द्वीप जैसे मुद्दे फाइलों से बाहर आ गए हैं। इसके मुकाबले विपक्षी गठबंधन के हाथ महंगाई, बेरोजगारी, चुनावी बांड, नेताओं के यहां छापे, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को मुखरता से उठाने में तंग नजर आ रहे हैं।

### कांग्रेस भी गारंटी लाई पर जनता के बीच तक नहीं पहुंच पाई

- भाजपा के अनुसार मोदी की गारंटी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और हाशिए पर पड़े उन कमजोर लोगों के लिए है, जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है। इसके मुकाबले कांग्रेस ने भी अपनी गारंटी पेश कीं, लेकिन उन्हें जनता के बीच ले जाकर परवान नहीं चढ़ा पा रही है।

### बयानों पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच जनता हुई मगन

- मतदान का वक्त जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, जनता की सीधी जरुरत से जुड़े वास्तविक मुद्दों की जगह पर राजनीतिक दलों के निजी हित से पैदा हुए सियासी मुद्दे हावी होते जा रहे हैं। तमाम दलों और उनके नेताओं की ओर से केवल एक-दूसरे पर बयानों से ही आरोप-प्रत्यारोप किया जा रहा है। जनता क्या चाहती है, आम जनता के सामने वास्तविक समस्याएं क्या है, चुनाव को लेकर जनता के मन में क्या चल रहा है, जैसे सवाल टीवी की बहस और सोशल मीडिया से गायब होते जा रहे हैं।

गाजीपुर में यह पहला चुनाव है जब माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का कोई प्रभाव नहीं हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उसकी मौत का कितना, कहां और क्या असर होगा। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सपा-बसपा के अलग-अलग लड़ने का फायदा भाजपा को मिलने की संभावना है।


# गुंडाराज का खात्मा बनाम सहानुभूति

विनय जायसवाल, मऊ


**अमृत विचार।** पूर्वांचल की सबसे चर्चित लोकसभा सीटों में गाजीपुर शामिल है। गाजीपुर को 'लहुरी काशी' यानी छोटी काशी भी कहा जाता है। इसकी वजह काशी की तरह गंगा यहां भी उत्तर वाहिनी हैं। इस शहर को तुगलक वंश के सैय्यद मसूद गाजी ने बसाया था। एशिया में सबसे बड़े अफीम के कारखाने के लिए विख्यात इस शहर ने वामपंथी, दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी या दलित उभार, राजनीति की हर धारा को आगे बढ़ाया है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद इस बार यहां चुनाव और धारदार हो गया है। इसकी वजह यह है कि मुख्तार के भाई मौजूदा सांसद अफजाल अंसारी सपा के टिकट पर मैदान में हैं। पिछला चुनाव वह बसपा से जीते थे। भाजपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। शीर्ष नेतृत्व बदली परिस्थितियों के मद्देनजर जिताऊ नाम पर मंथन कर रहा है, जबकि बसपा किसी मजबूत यादव चेहरे की तलाश में है। गाजीपुर में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है।

### बेटा दावेदार पर चौंका सकते मनोज सिन्हा बृजेश सिंह, अलका राय के भी नाम


गाजीपुर लोकसभा सीट पर अगर अंसारी परिवार का दबदबा है तो भाजपा का भी आधार कम नहीं है। वर्तमान में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की यहां अच्छी पैठ मानी जाती है। वह तीन बार इस सीट से सांसद रहे हैं, हालांकि 2019 में चुनाव हार गए थे। इस बार भाजपा से उनके बेटे अभिनव सिन्हा दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि तेलंगाना की राज्यपाल सौंदर्यराजन की तरह पद से इस्तीफा देकर मनोज सिन्हा भी मैदान में उतर सकते हैं। पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय का नाम भी दावेदारों में लिया जा रहा है, तो सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर यहां से बृजेश सिंह को चुनाव लड़ाने के लिए सीट अपने खाते में मांग रहे हैं।



### 2019 का जनादेश




### 2014 का जनादेश




- वर्तमान सांसद अफजाल अंसारी गाजीपुर से पहली बार 2004 और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे।
- पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा-सपा का गठजोड़ होने से उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनोज सिन्हा को एक लाख से ज्यादा वोटों से हरा दिया था।

2004 में पहली बार और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे
**अफजाल अंसारी**



### गाजीपुर में निकल रहीं टोलियां

- गाजीपुर में अफजाल अंसारी और उनका परिवार क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहा है। उनके समर्थन में मुस्लिम युवाओं के साथ यादव मतदाताओं की टोलियां सुबह ही क्षेत्रों में निकल जाती हैं और लोगों को यह बताने में जुटी हैं कि उनके अपने मुख्तार अंसारी की हत्या हुई है। परिवार का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इसका बदला चुनाव में अफजाल को जिताकर लेना है। अफजाल को उम्मीद है कि मुख्तार की मौत से उपजी सहानुभूति उन्हें जीत दिलाएगी, जबकि भाजपा नेतृत्व यह मानता है कि मोदी की गारंटी, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थी और गुंडाराज खात्मे के साथ अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के दम पर इस कठिन सीट पर भी जीत हासिल करने में दिक्कत नहीं आएगी।

### यहां हर दल को मिलती रही जीत

- गाजीपुर सीट पर सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस सभी दल चुनाव जीत चुके हैं। 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस जीती थी, इसके बाद लगातार दो चुनावों में भाकपा ने लाल झंडा फहराया। 1977 में जनता पार्टी के गौरीशंकर पांडेय जीते। 1980 व 1984 के बाद कांग्रेस यहां जीत दर्ज नहीं कर सकी।
- 1996 में पहली बार इस सीट पर भाजपा के मनोज सिन्हा जीते लेकिन 1998 में सपा के ओमप्रकाश सिंह ने सीट भाजपा से छीन ली, हालांकि भाजपा ने 1999 में पुन: मनोज सिन्हा पर यकीन किया और वह जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इसके बाद लगातार दो चुनावों में सपा का कब्जा रहा।
- 2014 की मोदी लहर में मनोज सिन्हा ने यहां भी कमल खिला दिया। लेकिन 2019 में भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा।

### राजभर व निषाद साथ आने से भाजपा के लिए अनुकूल माहौल

- इस बार चुनाव में सपा के साथ कांग्रेस है तो भाजपा के साथ राजभरों की नुमाइंदगी करने वाले सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और निषाद, बिंद, केवट का प्रतिनिधित्व करने वाले वाली निषाद पार्टी है। यहां राजभर और निषाद मतदाता जिधर जाते हैं उसका पलड़ा भारी हो जाता है। हालांकि यादवों की सर्वाधिक संख्या है इसके बाद दलित, राजभर और मुस्लिम मतदाता हैं।

### पांच में चार विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधान सभाओं में किसी पर भी भाजपा का कब्जा नहीं है। सैदपुर, गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जमनिया विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है जबकि जखनिया सीट पर सुभासपा का विधायक है। 2022 के चुनाव में इस सुभासपा का सपा के साथ गठबंधन था। लेकिन अब वह भाजपा के साथ खड़ी है।



**जीतेंगे बाजी** बेंगलुरु नार्थ से भाजपा की उम्मीदवार शोभा कारनदलाजे के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकारों ने कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया।

# एमपी में उमा भारती घर बैठीं स्मृति ईरानी संभालेंगी मोर्चा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नामांकन में नहीं पहुंची उमा भारती
- विधान सभा चुनाव से नाराजगी, अब मध्य प्रदेश में स्टार प्रचारक भी नहीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की कथित भितरघात का जवाब देने के लिए भाजपा हाई कमान ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तैयार किया है। वह प्रदेश में उन स्थानों पर जाएंगी जहां उमा के अंर्तविरोध से पार्टी को नुकसान की आशंका है। इसकी शुरुआत स्मृति ने बुधवार को खजुराहो संसदीय क्षेत्र से कर दी। वहां प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नामांकन में जब उमा भारती ने आने में असमर्थता जताई तो दिल्ली से स्मृति ईरानी को पहुंचना पड़ा। उमा भारती खजुराहो से चार बार सांसद रह चुकी हैं। अब भाजपा केंद्रीय कार्यालय ने मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में स्मृति ईरानी का चुनाव कार्यक्रम तैयार कर दिया है। गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उमा भारती की खामोशी को ध्यान में रखते हुए उनको हाई कमान ने स्टार प्रचारकों की सूची से भी हटा दिया है।



स्मृति ईरानी।



उमा भारती।

### खजुराहों में उमा के वर्चस्व की परीक्षा

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उमा भारती के वर्चस्व की परीक्षा उनके अपने संसदीय क्षेत्र खजुराहो से हो जाएगी। यहां पर भाजपा अच्छी स्थिति में है। पार्टी को पता चला है कि खजुराहो से इंडिया गठबंधन ने ऐन वक्त पर अपना जो प्रत्याशी बदला है उसके पीछे भी उमा भारती की महिला, पिछड़ा वर्ग की राजनीति है। इसी के तहत यह कुप्रचार किया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा की एकमात्र तेजतर्रार महिला नेता (उमा) को किस तरह दरकिनार किया जा रहा है। गठबंधन में मध्य प्रदेश की 29 में खजुराहो सीट सपा को मिली है। सपा ने पहले भोपाल के डा. मनोज यादव को टिकट दिया था। लेकिन दो दिन बाद ही बदलकर बुंदेलखंड निवाड़ी की पूर्व विधायक मीरा यादव को उतार दिया, ताकि यह संदेश लोगों तक पहुंचाया जाए कि विपक्ष ने पिछड़ा वर्ग से महिला को टिकट दिया है। अब पूरे चुनाव को सवर्ण बनाम पिछड़ा वर्ग में बदलने की योजना है। इस क्षेत्र में विधानसभा की सभी सीटें भाजपा के पास है। इसलिए शर्मा का पलड़ा फिलहाल भारी है। पिछली बार भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने राज नगर के पूर्व विधायक नाती राजा की पत्नी कविता सिंह को टिकट दिया था। लेकिन वह भारी अंतर से चुनाव हार गई थीं।

# कांग्रेस के लिए बंजर हो चुकी हमीरपुर सीट, छोड़ी उम्मीद

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कभी हमीरपुर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस की तूती बोलती थी, लेकिन 1989 के बाद असर खत्म हो गया। 1996 में कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे सुनील शास्त्री को चुनावी मैदान उतार कर वापसी की कोशिश की, लेकिन जनता ने नकार दिया। अब तो पार्टी ने मान लिया है कि यहां उसका जनाधार रसातल में पहुंच गया है। यही वजह है कि सपा से गठबंधन में सीट उसी के पास है।

कांग्रेस की विजय यात्रा की शुरुआत 1952 में मन्नूलाल द्विवेदी की जीत से हुई। अगले दो चुनाव भी कांग्रेस के ही खाते में रहे। 1967 में कांग्रेस के मन्नूलाल द्विवेदी चुनाव हार गए। 1971 में स्वामी ब्रह्मानंद चुनाव जीते। आपातकाल की विरोधी लहर का खामियाजा 1977 में कांग्रेस को यहां भी भुगतना पड़ा। लेकिन 1980 में कांग्रेस फिर इस सीट पर काबिज हो गई। 1984 में भी परचम फहराने में कामयाब रही। इसी के बाद से ऐसी फिसली कि वोट प्रतिशत में तेजी के साथ गिरावट आई और चुनाव दर चुनाव में पार्टी चारों खाने चित हो गई। वर्ष 1999 में वोट प्रतिशत घटकर मात्र 1.52 रह गया।

हालांकि 2004 में गंगा चरण राजपूत व 2009 में सिद्ध गोपाल साहू ने अपने दम पर कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ाया। तब गंगा चरण को 18.49 प्रतिशत व सिद्ध गोपाल साहू को 23.93 फीसद वोट मिले। 2014 और 2019 में कांग्रेस से प्रीतम सिंह किसान चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें एक बार 4.05 व 10.66 फीसद वोट ही मिल सके। लगातार पिछले नौ लोकसभा चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। इस दल के ज्यादातर नेता व कार्यकर्ता अपनी निष्ठा बदल कर दूसरे दलों का दामन थाम चुके हैं। ऐसे में पार्टी का संगठन भी कमजोर हो चुका है।

लखनऊ लोकसभा सीट

2019 में भाजपा के राजनाथ सिंह ने शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम को तीन लाख 47 हजार वोटों से हराया था

# मुलायम ने जेल में रखा हाथ, रविदास ने नहीं छोड़ा साथ

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** देश की हॉट सीट में लखनऊ भी एक है। यहां से रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक रविदास मेहरोत्रा हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है लेकिन सपा उम्मीदवार की स्थानीय स्तर पर पकड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है। लखनऊ सीट पर 5वें चरण में चुनाव होना है इसके लिए 20 मई को वोटिंग होगी।

लखनऊ लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से विधायक बने थे। वह कॉलेज के दिनों से राजनीति में सक्रिय हैं। जमीनी संघर्ष वाले नेता माने जाते हैं। उनके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी है। वह 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने का रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं। रविदास खुद कहते हैं कि उन्हें जनता की आवाज उठाने के चक्कर में अक्सर जेल जाना पड़ा। रविदास ने केकेसी विद्यालय से पहली बार छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। उनकी मुलायम सिंह यादव से जेल में मुलाकात हुई। इसके बाद रविदास ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुलायम सिंह यादव का करीबी गिने जाने के कारण सपा सरकार में उन्हें अहम विभाग सौंपे गए थे। पिछले विधानसभा चुनावों में रविदास मेहरोत्रा ने मोदी-योगी लहर के बावजूद लखनऊ मध्य से भाजपा प्रत्याशी को 10 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। वह पहली बार 1989 में जनता दल के टिकट पर लखनऊ पूर्वी से विधायक बने थे। साल 2012 में लखनऊ मध्य से सपा के टिकट पर चुनाव जीता। लेकिन अखिलेश सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद वह 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से हार गए थे। अब अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव का टिकट देकर उन्हें राजनाथ की जीत की हैट्रिक तोड़ने का लक्ष्य सौंपा है।



- 251 बार जेल जा चुके सपा प्रत्याशी विधायक रविदास मेहरोत्रा के सामने राजनाथ का रथ रोकने की चुनौती
- पांच बार अटल बिहारी सांसद रहे, एक बार लालजी टंडन अब 2014 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह

### हैट्रिक मारने से नहीं चूकेंगे राजनाथ सिंह

इस सीट पर साल 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा की जो जीत का झंडा गाड़ा, वह अब तक लहरा रहा है। तब से सपा और कांग्रेस ने कितने ही प्रत्याशियों को लखनऊ से लड़ाया, लेकिन भाजपा इस सीट पर अजेय है। लखनऊ पूर्व पीएम और भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि रहा है। पांच बार अटल बिहारी बाजपेयी यहां से सांसद रहे। एक बार लालजी टंडन और 2014, 2019 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह सांसद हैं। इस बार राजनाथ के लिए मौका जीत की हैट्रिक लगाने का है।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 3 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया था। लखनऊ की आबादी इस समय 50 लाख गिनी जाती है। 2019 के आंकड़े के अनुसार लखनऊ में कुल 19 .37 लाख वोटर थे। 2024 में लखनऊ जिले में मतदाताओं की संख्या 39 लाख 53 हजार हो गई है। इसमें पुरुष 20 लाख 82 हजार हैं और साढ़े 18 लाख महिला वोटर हैं।

### पश्चिमी और मध्य विधान सभा में बढ़त से सपा को इस बार जीत का भरोसा

- लखनऊ सीट पर पिछले चुनाव में राजनाथ सिंह ने 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे, जबकि सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा, जो शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी हैं, को मात्र 2 लाख 85 हजार वोट मिले थे। राजनाथ ने 3 लाख 47 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। पिछले लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट पर लगभग 55 फीसदी वोटिंग हुई थी। यहां तीसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी, जिसके आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1 लाख 80 हजार 11 वोट मिले थे।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को भी मारे या न मारे, मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।


## संपादकीय

# श्रमिकों की सुरक्षा

गाजा में चल रहे युद्ध के बीच इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है। इजराइल में प्रशिक्षित मजदूरों की कमी का सामना कर रहे निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के मकसद से भारत के 60 से ज्यादा कामगारों का पहला जत्था इजराइल पहुंच गया है। आने वाले दिनों में और भारतीयों को इजराइल रवाना किया जाएगा। लगभग नौ मिलियन लोगों का देश इजराइल कृषि, निर्माण और देखभाल जैसे क्षेत्रों में विदेशी श्रम पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इजराइल-हमास युद्ध के बीच यह आवश्यकता और भी जरूरी हो गई है जिसमें 7 अक्टूबर से गाजा में लगभग 27,000 लोग और इजराइल में लगभग 1200 लोग मारे गए हैं। श्रमिकों की कमी ने इजराइल के निर्माण उद्योग को विशेष रूप से बड़ा झटका दिया है। फलस्तीनी केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार युद्ध से पहले इजराइल में काम करने वाले 150,000 से अधिक फलस्तीनियों में से दो-तिहाई निर्माण कार्य में थे। निर्माण श्रमिकों की कमी इतनी गंभीर है कि अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के लगभग आधे निर्माण स्थल अब बंद हो गए हैं। इसके बाद वहां कामगार संकट के मद्देनजर इजराइल व भारत की सरकारों (जी 2 जी) के बीच हुए समझौते के तहत श्रमिक इजराइल गए हैं। अभी 10 हजार कामगारों को भी जल्द ही भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

इस बीच विपक्षी दल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि युद्ध प्रभावित इजराइल में नौकरियों के लिए भर्ती अभियान दर्शाता है कि देश बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और गरीबी के दौर से गुजर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को वर्ष 2024 में बेरोजगारी में वैश्विक वृद्धि का पूर्वानुमान है। वास्तव में दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत अपने लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है। युद्ध लंबा चलने की स्थिति में भारतीय मजदूरों को इजराइल भेजने का प्रस्ताव इस तथ्य को स्थापित करेगा कि मौजूदा सरकार में रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में गंभीरता की कमी है। उधर ट्रेड यूनियन उत्प्रवास अधिनियम के उल्लंघन का हवाला देते हुए श्रम संगठन इस रोजगार अभियान को चुनौती दे रहे हैं। भारत से गए श्रमिकों को 1.37 लाख रुपये (6,100 इजरायली शेकेल) का मासिक वेतन देने का वादा किया गया है। आवश्यकता है कि इजराइल में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर विचार करते हुए मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल और आकस्मिक योजनाएं स्थापित करके भेजे गए श्रमिकों की सुरक्षा एवं उनके हित को प्राथमिकता दें। आजीविका के लिए जान जोखिम में डालने वाले श्रमिकों की सुरक्षा हमारे लिए प्रमुख चिंता का विषय है।

# आखिर अधिसंख्य लोग क्यों वोट नहीं डालते


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 18 वीं लोकसभा को चुनने का उत्सव शुरू हो चुका है। यह एक चिंता की बात है कि लोकतंत्र का मूल आधार जो 'लोक' है, वह लगभग एक तिहाई वोट डालने ही नहीं आता। गणित के नजरिए से देखें तो देश की सत्ता संभालने वाला दल कभी भी बहुमत आबादी का प्रतिनिधित्व करता नहीं। जानकर अचंभा होगा कि अभी तक 10 बार केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी, लेकिन किसी भी बार सत्ताधारी दल को पचास फीसदी वोट नहीं मिले।

2019 के चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या लगभग 91 करोड़ थी। मतदान हुआ 97.4फी सदी। सबसे बड़े दल बीजेपी को इसमें से मिले 37.7 फीसदी वोट अर्थात् कुल पंजीकृत मतदाताओं का महज 30 फीसदी। भला हो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का वरना पहले गलत तरीके से मतदान के कारण देशभर में इतने वोट तो अवैध होते थे जिनकी संख्या दो लोकसभा क्षेत्रों के बराबर होती थी। हालांकि अब 'कोई भी पसंद नहीं' अर्थात् नोटा है।

यह विचारणीय है कि क्या वोट न डालने वाले 33 फीसदी लोगों की निगाह में चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार या मौजूदा चुनाव व्यवस्था नालायक थी या फिर वे मतदान से सरकार चुनने की प्रक्रिया के प्रति उदासीन हैं? जिन परिणामों को राजनैतिक दल जनमत की आवाज कहते रहे हैं, वास्तव में वह बहुसंख्यक मतदाता की गैरभागीदारी का परिणाम होता है। जब कभी मतदान कम होने की बात होती है तो प्रशासन व राजनैतिक दल अधिक गर्मी या सर्दी होने, छुट्टी न होने जैसे कारण गिनाने लगते हैं।

यदि पिछले आंकड़ों को देखें तो अभी तक छह बार मतदान 60 फीसदी के पार गया है जिसमें बीते दो चुनाव- 2014 में 66.44 और 2019 में 67.40 के अलावा लोकतंत्र कि रक्षा के लिए लड़ा गया 1977 का चुनाव है जिसमें 60.49 फीसदी वोट पड़ा। फिर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश की एकता-अखंडता पर खतरा दिखा और 64.1 प्रतिशत वोट देने निकले। उसके बाद बोफोर्स का हाल हुआ और मतदान 61.96 हुआ। फिर 1998 में बदलाव



के लिए वोट देने वाले 61.97 फीसदी रहे। 16 वीं लोकसभा के चुनाव के वक्त भी आम लोग महंगाई, भ्रष्टाचार से हलाकांत थे सो मतदान का प्रतिशत तब तक का सर्वाधिक रहा। ये आंकड़े बताते हैं कि जब देश की जनता को अपने गुस्से का इजहार करना होता या चुनाव असली मुद्दों पर लड़ा जाता है तो वह वोट डालने जरूर आती है।

मूल सवाल यह है कि आखिर इतने सारे लोग वोट क्यों नहीं डालते हैं? सर्वाधिक पढ़ा-लिखा, संपन्न और धनाढ्य, जागरूक और सक्रिय कहा जाने वाला देश की राजधानी का दक्षिणी इलाका हो या सटे हुए गाजियाबाद व गुरुग्राम के बहुमंजिला अपार्टमेंट, सबसे कम मतदान यहीं होता है। यही नहीं देश के सर्वाधिक साक्षर राज्य के 'देश के पहले पूर्ण साक्षर जिले' एर्नाकुलम में महज 46 फीसदी लोग ही मतदान केंद्र तक आए। यह विचारणीय है कि पढ़े-लिखे लोगों को राजनीतिक दल और सरकार के अधिक मतदान के अभियान आकर्षित क्यों नहीं कर पाते? ऐसा तो नहीं कि यह वर्ग मानता है कि राजनीतिक दलों के लिए चुनाव महज सत्ता हड़पने का साधन व इसमें जनता साध्य मात्र हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े स्तर पर वैचारिक प्रतिबद्धता से पड़े हुए दल-बदल भी लोगों का मतदान के प्रति मन खट्टा करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है, जो कि कहते हैं कि नागनाथ और सांपनाथ में से किसी एक को चुनने बेहतर है कि किसी को भी मत चुनो। 'कोई नृप हो हमें का हानि' या 'हमारे एक वोट से क्या होना है' या फिर 'वोट देने पर हमें क्या मिलेगा? कुछ नहीं! फिर हम अपना समय क्यों खर्च करें?' ऐसा कहने वालों की भी बड़ी संख्या है। मतदाताओं की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो रही है। इसकी तुलना में नए मतदाता केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ी है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना जटिल है और उससे भी कठिन है अपना मतदाता पहचान पत्र पाना। उसके बाद चुनाव के लिए पहले अपने नाम की पर्ची जुटाओ, फिर उसे मतदान केंद्र में बैठे एक कर्मचारी को देकर एक कागज पर दस्तखत या अंगूठा लगाओ। फिर एक कर्मचारी आपकी अंगुली पर स्याही लगाएगा। एक कर्मचारी ईवीएम शुरू करेगा, उसके बाद आप बटन दबाकर वोट डालेंगे। वीवीपेट के कारण सात सेकेंड मतदाता इंतजार करेगा। पूरी प्रक्रिया में दो-तीन मिनट लग जाते हैं। प्रत्येक मतदाता केंद्र पर एक हजार से अधिक व कहीं-कहीं दो हजार तक मतदाता हैं। यदि एक मतदाता पर दो मिनट का समय आंके तो एक घंटे में अधिकतम 30 मतदाता होंगे। इसके चलते मतदाता केंद्रों के बाहर लंबी-लंबी लाईनें लग जाती हैं। देश में 40 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे हैं, जो कि 'रोज कुआं खेद कर रोज पानी पीते' हैं। यदि वे महज वोट डालने के लिए लाइन में लगकर समय लगाएंगे तो दिहाड़ी मारी जाएगी और शाम को घर का चूल्हा नहीं जल पाएगा।

मतदान कम होने का एक कारण देश के बहुत से इलाकों में बड़ी संख्या में महिलाओं का घर से न निकलना भी है। महिलाओं के लिए निर्वाचन में आरक्षण की मांग कर रहे संगठन महिलाओं का मतदान बढ़ाने के तरीकों पर न तो बात करते हैं और न ही प्रयास। इसके अलावा जेल में कैद विचाराधीन कैदियों और अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनकी देखभाल में लगे लोगों, चुनाव व्यवस्था में लगे कर्मचारियों, किन्हीं कारणों से सफर कर रहे लोग, सुरक्षाकर्मियों व सीमा पर तैनात जवानों के लिए मतदान की माकूल व्यवस्था नहीं है। इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास होती है। हालांकि अब बुजुर्ग और कई आने श्रेणियों के लिए डाक मतदान और घर जा कर वोट डलवाने की योजना आई है, लेकिन यह निहायत राजनीतिक दलों के हितों के अनुरूप चुनिंदा लोगों तक ही सीमित है। कुछ सालों पहले चुनाव आयोग ने सभी राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक में प्रतिपत्र मतदान का प्रस्ताव रखा था। इस प्रक्रिया में मतदाता अपने किसी प्रतिनिधि को मतदान के लिए अधिकृत कर सकता है। इस व्यवस्था के लिए जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता में संशोधन करना जरूरी है। संसद में बहस का आश्वासन देकर उक्त अहम मसले को टाल दिया गया।

यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं। यानी जीतने वाला क्षेत्र का नहीं, किसी जाति या धर्म का प्रतिनिधि होता है। यह चुनाव लूटने के हथकंडे इस लिए कारगर हैं, क्योंकि हमारे यहां चाहे एक वोट से जीतो या पांच लाख वोट से, दोनों के ही सदन में अधिकार बराबर होते हैं। यदि कुल मतदान और जीत के अंतर के हिसाब से इलाके की जन सुविधा, मंत्री बनाना आदि तय होने लगे तो प्रतिनिधि न केवल मतदाता सूची में लोगों के नाम जुड़वाएंगे, बल्कि अधिक मतदान के लिए प्रेरित भी करेंगे।

राजनैतिक दल कभी नहीं चाहेंगे कि मतदान अधिक हो, क्योंकि इसमें उनके सीमित वोट-बैंक के अल्पमत होने का खतरा बढ़ जाता है। कोई भी दल चुनाव के पहले घर-घर जाकर मतदाता सूची के नवीनीकरण का कार्य करता नहीं और बीएलओ पहले से ही कई जिम्मेदारियों में दबे सरकारी कर्मचारी होते हैं। हमारा लोकतंत्र भी एक ऐसे अपेक्षाकृत आदर्श चुनाव प्रणाली की बाट जोह रहा हैं जिसमें कम से कम सभी मतदाताओं का पंजीयन हो और मतदान तो ठीक तरीके से होना सुनिश्चित हो सके।


यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं।

## प्रसंगवश

# धर्म और धर्म संस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं

कार्ल मार्क्स ने अपने देशकाल में कहा था कि धर्म अफीम है। सुस्त बनाता है, अकर्मण्य बनाता है। वैसे ही जैसे अफीम के नशे में आदमी सुस्त और प्रमाद में डूब जाता है। स्पष्ट है कि लेनिन ने अकेला यह वाक्य तो कहा नहीं होगा, इसके आगे-पीछे और वाक्य भी होंगे। वह अवतरण भी होगा, पूरा वक्तव्य भी होगा और उस वक्तव्य का समग्र परिवेश भी होगा।

समग्र परिवेश से विच्छिन्न करके वाक्य का वही अर्थ नहीं रह पाता, जो वक्ता का अभीष्ट था। देशकाल से विच्छिन्न करके इस वाक्य को नए- नए मुल्लाओं ने शाश्वत समझ लिया, जैसे वह किसी धर्मग्रंथ का वाक्य हो और आस्था-विश्वास के कारण उस पर सवाल उठाना अधर्मी, नास्तिक या काफिर बन जाने जैसा हो तो उन लोगों ने इस अफीम के नशे से दूर रहने का उपदेश किया। सेक्यूलर स्टेट की बात थी कि राज्य किसी एक पंथ या मजहब को स्वीकार नहीं करेगा, सर्वधर्म समभाव के सिद्धांत का अनुसरण करेगा, लेकिन उन लोगों ने कमर कस ली कि वे व्यक्ति व्यक्ति के स्तर तक धर्मनिरपेक्षता या उनके अनुसार नास्तिकता को लागू करके ही दम लेंगे। उन लोगों का सत्ता के सूत्र से तो संबंध था, किसी न किसी पद पर विराजमान थे, लेकिन लोकजीवन से उनका संपर्क बन ही नहीं सका ताकि अपने सिद्धांत को लेकर लोगों से विमर्श कर सकें। अपनी बात समझा सकें और दूसरों की बात समझ सकें। बस एक ही रट थी कि धर्म अवैज्ञानिक है। वे समझ रहे थे कि उनकी किताबें हैं तो लोग उनको महापुरुष समझेंगे। उनके तर्कों को अकाट्य मान लेंगे। धर्म के व्यापक रूप का अध्ययन वे करते भी क्यों? वे तो सब कुछ जान चुके थे।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिणाम यह हुआ कि निहित-स्वार्थ के द्वारा धर्म की जो कुत्सित व्याख्या हो रही थी, वह और भी अधिक तेजी के साथ होने लगी। धर्म और धर्मसंस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं। कृष्ण ने इन्द्र पूजा को चुनौती क्यों दी थी? बुद्ध और महावीर ने, क्यों धर्म की अभिनव व्याख्या की? कबीर, नानक ने उन रूढ़ियों को क्यों चुनौती दी? क्यों खड़े हुए? सूफी संतों ने शरीयत पर सवाल क्यों खड़ा कर दिया? दयानंद, विवेकानंद, अरविंद और महात्मा गांधी ने धर्म की व्याख्या क्यों की? ये बातें उनके कोर्स में ही नहीं थीं। परिणाम धर्म का मंच उन लोगों के पास चला गया अथवा चला जाने दिया गया, जो अपने धर्मग्रंथ को भी पढ़ पाने की योग्यता से वंचित हैं। कैसे-कैसे स्वामी, मठाधीश, महंत, भगवान, बापू, अवतार, रहीमराम टाइप गुरु उग आए। शास्त्र के ऐसे-ऐसे व्याख्याता, सामने आए, जो शुद्ध उच्चारण भी नहीं कर सकते। रसगुल्ला खाओ, कृपा आना शुरू हो जाएगा। कोटि-कोटि प्रणाम। अंधे अंधा ठेलिया दोनों कूप पड़ंत। दोनों ओर अतिवाद है। मरकजी मौलाना कह रहा था न। मौलाना ही क्या? बाकी जगहों पर भी हाल वैसा ही है। देश में ही नहीं। संसार में, धर्म के नाम पर धर्मसंस्थाओं का बोलबाला है। कुछ खलीफाओं ने तो धर्म को आतंक ही बना दिया है। नीम-हकीम खतरे जान, नीम मुल्ला खतरे ईमान। विश्व धर्मसंसद बैठे और कहे कि यह धर्म की कुत्सित व्याख्या है। यह अधर्म है। धर्म मनुष्यता है। दया, करुणा धर्म हैं। धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो। विश्व का कल्याण हो।

धर्म और धर्म-संस्था अथवा धर्म के तंत्र के अंतर को जानना आवश्यक है। दोनों में आकाश-पाताल का अंतर है। विश्व के किसी धर्म-पंथ को देख लीजिए। वैभव के बीच महलों में रहने वाला पोप ईसा मसीह का प्रतिनिधि कैसे हो सकता है? क्या सामान्य मुल्ला मुहम्मद साहब के विवेक का प्रवक्ता माना जा सकता है?

क्या सामान्य ग्रंथी गुरु नानक या गुरु तेग बहादुर अथवा गुरु गोविंद सिंह जैसा है? क्या सामान्य जैनमुनि को महावीर वर्धमान माना जा सकता है? क्या महास्थविर को महात्मा बुद्ध कह सकते हैं? क्या शंकर-पीठ का महंत आदिशंकराचार्य की प्रतिमूर्ति है? ईसा मसीह और पोप का अंतर बुद्ध और महास्थविर का अंतर, महावीर और मुनि का अंतर, मुहम्मद साहब और मुल्ला का अंतर, गुरु नानक और ग्रंथी का अंतर, कबीर और कबीरमठ के महंत का अंतर, आदिशंकराचार्य और पीठस्थ महंत का अंतर धर्म और धर्म के तंत्र का अंतर है। एक धर्म है और दूसरा धर्मसंस्था?

# राजनीति में पांव जमाने को पैसा बड़ी शर्त


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं।

राजनीति में पांव जमाने के लिए पैसा सबसे बड़ी शर्त है। इसमें धन बल के साथ दबंग छवि भी अब जरूरी लगती। देश में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में सरकार का संचालन जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा होता है। किसी भी सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव आवश्यक है। यदि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता रहेगी, तभी राष्ट्र मजबूत होगा।

संविधान निर्माताओं का यही मानना था इसीलिए बहुत सारे ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जो लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। आम नागरिक भी इसी बात से वास्ता रखता है, परंतु राजनीति के गिरते स्तर पर ही नहीं, लोकतंत्र के निर्वहन में ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है। संविधान ने इस संस्था को पूर्ण अधिकार दिए हैं ताकि यह निष्पक्ष चुनाव करा कर लोकतंत्र को जीवित रख सके। कहा जा सकता है कि संविधान का अनुच्छेद 324 निर्भय और निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने हेतु चुनाव आयोग के लिए कुंड के समान है, जो इस संस्था को तमाम अधिकारों से संपन्न कर मजबूती प्रदान करता है, परंतु बहुधा देखा जाता है कि सशस्त्र बलों की तैनाती के बावजूद पोलिंग बूथ पर बाहुबल का प्रयोग और बाहरी तत्वों का अवैधानिक हस्तक्षेप रहता है, जो निःसंदेह संविधान की आत्मा को कुरेदने वाली गतिविधियां हैं।

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद और लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे लोगों का जमाना तो अब रहा नहीं कि तनख्वाह भी पूरी नहीं लेंगे, सादा खाना खाएंगे, अपने टिकट पर यात्रा करेंगे और रात को तख्त के बिस्तर पर सो जाएंगे। आज तो ऐसा नेता निरा बेवकूफ कहलाएगा। अपने ही घर में उसकी कोई कद्र नहीं होगी। बाहर तो पूछिए मत। सबसे बड़ी बात, राजनीति में प्रवेश करने के लिए कोई निर्धारित शैक्षिक योग्यता नहीं। अक्षर ज्ञान ही काफी है। आपराधिक चरित्र हो तो भी चलेगा, बल्कि अच्छा दौड़ लेगा।

अपने कार्यकाल में अकूत संपति जमा करके ये आने वाली कई पुश्तों का भलाकर जाते हैं। वोट मांगने तो आते हैं, उसके बाद पांच साल तक नजर नहीं आते। क्या कभी देखा उस नेता को दोबारा पैदल चलते हुए, जो आपके घर-आंगन में वोट मांगने पैदल चलकर आया था? काले शीशे वाली गाड़ियों में जब इनकी सवारी निकलती है तो आप पहचान भी नहीं पाएंगे। पहचान भी गए तो रोकने या बात करने की हिम्मत नहीं कर पाएंगे। घोषणापत्र के जो पर्चे घर घर बांट जाते हैं, वह बाद में किसे याद रहते हैं। हां बेवकूफ सी जनता जरूर इन्हें दराज या अलमारी में संभाल कर रखती है कि जब नेताजी जीत जाएंगे तो यह सारे वादे पूरे करेंगे और अगर नहीं करें तो उन्हें यह पर्चे दिखाएंगे। जनता पांच साल किसी तरह इंतजार करती है और सत्ता परिवर्तन का सपना देखती है। उसे लगता है कि लोकतंत्र में पांच साल बाद दूसरी लहर आएगी और सत्ता बदल जाएगी जो उसकी दुखती रगो का इलाज करेगी। मगर नामभर के लिए सत्ता जरूर बदल जाती है, पर शासकीय कार्य प्रणाली वही रह जाती है। उनका आचार व्यवहार पहले वालों से इतना मिलता है कि यकीन मानिए कुछ भी नहीं बदलता।

जनता पांच साल के लिए फिर निरीहता का आवरण ढक लेती है और ये सत्ता के सुघड़ दावेदार कछुए के मानिंद अपने सुरक्षा कवच के भीतर अगले पांच साल के लिए सबकी नजरों से दूर सुरक्षित। अपवाद हर जगह होते हैं। राजनीति में भी हैं। कुछ कर्मठ राजनीतिज्ञ जनता के बीच रहने वाले, उसके दुख दर्द को समझने वाले भी आपको इन्हीं लोगों के बीच में मिल जाएंगे पर बेहद कम। जिन राजनेताओं को जनता सिर माथे पर बैठाती है, माई बाप समझती है, उनका गैर जिम्मेदाराना व्यवहार समझ नहीं आता।

क्या आपको आता है? तमाम वादे और दावे कर वोटरों को लुभाया जाता है और चुनाव के बाद वही ढाक के तीन पात आखिर मतदाता होने पर गर्व कैसे महसूस करे कोई नागरिक? उम्मीद है कि हम आगामी लोकसभा चुनाव में बुद्धि और विवेक से अपने मतदान का प्रयोग करेंगे और चुनी गई सत्ता के द्वारा वायदे पूरे न होने पर सवाल करने में भी पीछे नहीं हटेंगे। इसी में लोकतंत्र का सार निहित है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान और नियम से ऊपर उठे लोग

फलों के भंडारण और ट्रांसपोर्ट के सेक्टर में क्रांति आ चुकी है। बिक्री के वास्ते पूरा संसार फल के ठेलों पर मुहैया है। ब्राजील का आम, चीन का ड्रैगन फ्रूट, न्यूजीलैंड की किवी, इंग्लैंड की स्ट्रॉबेरी। साल के किसी भी महीने कोई भी फल खाया जा सकता है।


अशोक पांडे
हल्द्वानी

एक जमाना था कि दांत में बीज न फंसता तो अमरूद का सड़ा निकलना तय हुआ करता था। अब फोम की जाली लगा अमरूद आता है। उसमें बीज ही नहीं होता और मीठा इस कदर कि कई दफा शक होने लगता है कि अमरूद के नाम पर कोई फिरंगी फल खरीद लाए हैं। इस वाले अमरूद ने कौड़ियों के दाम मिल जाने वाले उस नितांत स्थानीय फल की मिट्टी पलीद कर दी है जिसके बारे में ज्ञानरंजन और मार्केज कहानियां और वीरेन डंगवाल कविताएं लिखा करते थे। सेबों को चमकाने में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला मोम इस्तेमाल किया जाता है।

चाकू से उसे खुरचे जाने वाला वीडियो सबने कम से कम एक बार जरूर देखा होगा, लेकिन सेब के बाजार में सबसे सनसनीखेज चीज है सेबों पर लगे स्टिकर। थोड़ी सी रिसर्च की तो पाया इनको लेकर कड़े अंतर्राष्ट्रीय मानक बने हुए हैं। इन स्टिकर्स पर बारकोड छपे होने चाहिए और वह भी अलग-अलग तरीके के। उसे ऑर्गेनिक तरीके से उगाया गया है और उसकी जेनेटिक इंजीनियरिंग कर पाना संभव न हो तो बारकोड पांच संख्याओं का होगा और 9 से शुरू होगा। 8 से शुरू होने वाला बारकोड बताएगा कि सेब को ऑर्गेनिक तरीके से उगाया तो गया है, लेकिन उसकी जेनेटिक्स में कृत्रिम तरीके से सुधार किया हुआ है। चार अंकों वाले कोड बताते हैं कि फल को उगाने में पारंपरिक कीटनाशकों या केमिकल्स का इस्तेमाल हुआ है। इन स्टिकर्स की भी अलग-अलग किस्में हैं। इसके अलावा स्टिकर्स में लगने वाली सामग्री को बायो डिग्रेडेबल भी होना चाहिए।

हम विज्ञान और नियम से ऊपर उठे हुए लोग हैं। इसलिए दुनिया का कोई भी नियम हम पर लागू नहीं होता। बायो डिग्रेडेबल और ऑर्गेनिक-फॉर्गेनिक के चक्कर में हम पड़ते ही नहीं। हमने पहले से ही अपना स्टीकर तैयार कर रखा है-'बेस्ट क्वालिटी'। इस स्टिकर के चिपकाने भर से ही सारे पाप धुल जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# भयानक जल संकट की आहट

पानी का संकट साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है, जो क्षेत्र कुछ दशक पहले तक पानी से भरपूर थे, वहां से भी पानी के अभाव की खबरें मिलने लगी हैं। यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया की एक बड़ी आबादी पानी के संकट का सामना करेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ की एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वर्ष 2050 तक दुनिया भर में लगभग तीन अरब लोग ऐसे होंगे, जो पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे होंगे। अनुमान है कि इसकी सबसे ज्यादा मार भारत में ही पड़ेगी। हाल ही में आई उक्त रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने एक विस्तृत अध्ययन के बाद कहा है कि नदियां इतनी दूषित हो चुकी होंगी कि उन का पानी मानव और वन्य जीवों सभी के लिए ही 'असुरक्षित' हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु विज्ञान पर काम करने वाली समिति द्वारा जारी उक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि साल में कम से कम एक महीना ऐसा होता है जब दुनिया की लगभग आधी आबादी जल संकट का सामना करती है। रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती मांग और ग्लोबल वार्मिंग वैश्विक स्तर पर पानी की सप्लाई के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इसके साथ ही जल प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या है जिसके कारण जल संकट का खतरा और भी बढ़ता जा रहा है।


दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वैज्ञानिकों का मानना है कि अभी हमारे पास विकल्प हैं और स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। अतः हमें समय रहते स्थिति को शीघ्र सुधारने के लिए गंभीरता से प्रयास आरंभ कर देने चाहिए। पानी में नाइट्रोजन प्रदूषण को रोकने के विषय में वैज्ञानिकों का मानना है कि पानी की स्थिति को खराब होने से रोका जा सकता है और कुछ हद तक उसे बेहतर भी बनाया जा सकता है। इसके लिए ज्यादा सक्षम खाद का इस्तेमाल करना होगा और शाकाहार को प्रोत्साहित करना होगा तथा अधिकतर वैश्विक जनसंख्या को जल संसाधन की सुविधाओं से जोड़ना होगा। दुनियाभर में पानी का संकट विकराल रूप धारण करता जा रहा है। लगभग आठ अरब वाली हमारी प्यारी धरती पर लगातार जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है। परिणाम स्वरूप पानी की खपत भी बढ़ रही है।

अध्ययन बतलाते हैं कि फिलहाल कृषि क्षेत्र पानी की सबसे ज्यादा खपत करता है। विश्व में मौजूद मीठे जल का 70 फीसदी हिस्सा कृषि में खर्च होता है। पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भूजल का ज्यादा से ज्यादा दोहन हो रहा है। इसी कारण दुनियाभर के भूजल भंडार में हर साल 100-200 घन किलोमीटर की कमी आ रही है। यह बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण अब प्रतिवर्ष दुनिया के कुछ भाग बाढ़ का शिकार हो रहे हैं तो कुछ गंभीर सूखे का सामना कर रहे हैं।

तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने पर नमी सात फीसदी बढ़ती है। नमी बढ़ने का अर्थ है कि असमय तेज वर्षा, बाढ़, भूस्खलन, फसलों की बर्बादी और पेयजल का दूषित होना। स्पष्ट है कि आज एक भयानक जल संकट की आहट स्पष्ट सुनाई दे रही है। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए हम सभी का दायित्व है कि हम अपने और अपनी भावी पीढ़ियों के सुंदर और सुखमय भविष्य के लिए जल को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

# बुच्ची धारणाएं

लगभग दो हफ्ते गए, सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने भारतीय शेयर बाजार की महीनों चलती रैली पर अपना विचार दिया कि वह रैली, जो छोटी और मध्यम पूंजी की कंपनियों के स्टॉक्स के बाजार मूल्य में बेतहाशा बढ़त के चलते रही, एक बुलबुले की तरह है, जो कभी भी फूट जा सकता है। श्रीमती बुच के इस ऑब्जर्वेशन पर शेयर बाजार की भयानक प्रतिक्रिया देखी गई और स्टॉक्स के मूल्य मुंह के बल गिर गए। हजारों निवेशकों ने खरबों की पूंजी गंवा दी। लगने लगा कि विदेश में प्रवृत्त मंदी का असर भारत में भी आ फैला। ब्रिटिश अर्थशास्त्री जेएम केंस ने कहा था कि बड़े लोगों के कथन का बहुत गहरा प्रभाव होता है, तब जब वे सही बात कहें और तब भी जब कि वे गलत बात कह दें।


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब श्रीमती बुच ठहरीं सेबी की चेयरपर्सन और सेबी है शेयर बाजार की नियामक संस्था। येषां निमेषणोन्मेषे जगतां प्रलयोदयौ (उनकी पलकें मुंदती तो फना होती है/पलकें खुलती तो चमन बन के निखरती दुनियां)। तो उनके कथन का गंभीर अर्थ लिया बाजार ने। बेतरीके की बिकवाली शुरू हुई। म्युचल फंड वालों की घिग्घी बंध गई। निवेशक पिट गए, हताश, लेकिन शेयर बाजार ने घायल नाग की तरह पलटवार हमला किया और फिर से जबर्दस्त तेजी लौट आई। अब श्रीमती बुच ने अपना बयान बदल लिया है। उन्होंने कहा है कि छोटे और मध्यम दर्जे की कंपनियां इतना अच्छा कर रही हैं कि विदेशी निवेशक उन पर लट्टू हैं। भारतीय पूंजी बाजार में वे जबर्दस्त निवेश कर रहे हैं। मतलब, यह रैली बुलबुला नहीं है। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि हालांकि विदेशी पूंजी अपने घर में आती हुई मंदी से डर गई है। अतः वह भारतीय शेयर बाजार में पनाह ले रही है।

काबिल-ए-गौर बात है कि विदेशी पूंजी भारत के उद्योगों में निवेश करने में रुचि नहीं ले रही है, परंतु भारत के शेयर बाजार में रुचि ले रही है। इसका अर्थ है कि विदेशी पूंजी वास्तविक विनियोग करने की मंशा नहीं रखती। उनकी रुचि अल्पकालीन है। उनकी रुचि भारत की विकासशीलता में न होकर केवल फायदा लूटने में है। मतलब यह भी है कि अगर उनके अपने देश की स्थिति में सुधार हुआ तो विदेशी पूंजी भारत को दगा देने में देर नहीं करेगी। यह स्थिति चिंतनीय है। यह भी मजेदार बात है कि बड़ी पूंजी वाली कंपनियों के स्टॉक्स सर झुकाए, नैनन में नीर लिए, गुमसुम खड़े हैं। यह भी भूलना नहीं है कि भारत में इलेक्शन होने वाला है। पूंजी बाजार से इसके गहरे ताल्लुकात हैं। मंदी का असर चुनाव पर पड़ेगा और भारत के भविष्य पर भी।

## अफजाल अंसारी की अपील पर सुनवाई टली

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार गाजीपुर के पूर्व बसपा सांसद अफ़ज़ाल अंसारी के मामले में हाईकोर्ट बार एसो. के चुनाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अगले सप्ताह सुनवाई की संभावना है। सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष होनी थी। कोर्ट ने मुख्य रूप से कहा कि पक्षों को मुकदमे की अगली सुनवाई पर रहना आवश्यक है। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में अंसारी को गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गाजीपुर के मुहम्मदाबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज मुकदमे में 29 अप्रैल 2023 को 4 साल की सजा सुनाई थी।

# भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही, प्रतिबंधित दिवसों की समय-सारिणी निर्धारित कर दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार, किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य व जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराया जाना आवश्यक है। प्रथम चरण का मतदान दिवस 19 अप्रैल को है, प्रतिबंधित दिवस 18 व 19 अप्रैल है। द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 25 व 26 अप्रैल है। तृतीय चरण के लिए प्रतिबंधित दिवस छह व सात मई है। चतुर्थ चरण के प्रतिबंधित दिवस 12 व 13 मई, पांचवे चरण के लिए प्रतिबंधित दिवस 19 व 20 मई, छठवें चरण के लिए प्रतिबंधित दिवस 24 व 25 मई और सातवें चरण के लिए प्रतिबंधित दिवस 31 मई व एक जून निर्धारित है।

## बसपा ने लखनऊ से सरवर मलिक को उतारा

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए बसपा ने बुधवार को तीसरी सूची जारी कर दी। दर्जन भर प्रत्याशियों की सूची में दो मुस्लिम नेता भी शामिल हैं। लखनऊ से सरवर मलिक, मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान और उन्नाव से अशोक कुमार पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है। मैनपुरी में डिंपल यादव के सामने डॉ.गुलशन देव शाक्य को उतारा गया है। मथुरा सीट पर प्रत्याशी बदल दिया गया है। बसपा ने राज्य की 80 में 36 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिये हैं।

### लोकसभा चुनाव में टिकट कटने व उनके रोने पर नाराजगी जताई

# संघमित्रा का रोना ओछी हरकत: स्वामी प्रसाद

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**




**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने बेटी व भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य के लोकसभा चुनाव में टिकट कटने व उनके रोने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यह ओछी हरकत है। टिकट कटने पर उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।

पत्रकारों के सवालों के जवाब में मौर्य ने कहा कि पार्टी टिकट काटती है तो भी इस पर किसी को रोने का अधिकार नहीं है। वह इस तरह की राजनीति को पसंद नहीं करते। राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। उन्हें अपने पिता से सबक लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी भी पद की चिंता नहीं की। बसपा से लेकर भाजपा व बाद में सपा से विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा देने में उन्होंने देरी नहीं की। उन्होंने कहा कि यह दलितों, पिछड़ों व महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई है। विचार की लड़ाई है। संघमित्रा के उनकी पार्टी में शामिल होने के संभावना के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह बदायूं से सांसद हैं, अपने भविष्य का फैसला खुद करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से लग रहा था कि भाजपा उनका टिकट काटेगी।

मालूम हो कि संघमित्रा मौर्य बदायूं से सांसद हैं, पर इस बार भाजपा ने उनका टिकट काट कर दुर्विजय सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। बदायूं में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में वह मंच पर फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। हालांकि, खुद संघमित्रा ने इसका खंडन किया। उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि उनकी आंखों में आंसू का राजनीतिक अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि उनके बगल में राज्यमंत्री गुलाब देवी उन्हें राजा दशरथ की कहानी सुना रही थीं। कहानी सुनते-सुनते कुछ भावनात्मक पल आया, जिसकी वजह से आंसू आ गए थे।

## सार-संक्षेप

### सात जिलों के महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध लखनऊ सहित सात जनपदों के कई महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली हैं। रजिस्ट्रार ने महाविद्यालयों को रिक्त पद भरने के निर्देश दिए हैं। समय पर पद न भरने वाले महाविद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली और उन्नाव के कई जनपदों के महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। सीतापुर जनपद के श्रीकृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में बीबीए, बीसीए, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषय के प्रवक्ताओं की कमी है। सीतापुर के खैराबाद स्थित बीएस एजूकेशनल महाविद्यालय में सहा प्राचार्य का पद रिक्त है। इसे भरने के लिए आवेदन मांगे गए हैं।


### मॉडल पर दर्ज है दो करोड़ हड़पने की रिपोर्ट

**कानपुर, अमृत विचार :** लखनऊ के एक प्रोडक्शन हाउस मालिक के खिलाफ नजीराबाद थाने में दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराने वाली मॉडल अपने ही जाल में फंसती नजर आ रही है। बुधवार को पुलिस को जानकारी हुई कि गंभीर आरोप लगाने वाली मॉडल के खिलाफ लखनऊ के पीजीआई थाने में प्रोडक्शन हाउस मालिक ने पहले ही धोखाधड़ी कर दो करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करा रखी है। नजीराबाद थानाक्षेत्र निवासी कारोबारी की बेटी ने पुलिस को बताया था कि लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले हेमंत कुमार राय श्रेया इंटरटेनमेंट और प्रोडक्शन कंपनी के मालिक है। आरोप है कि हेमंत कुमार ने तीन-चार एल्बम में काम दिलाने के नाम पर उससे दुष्कर्म किया। नजीराबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को पुलिस को जानकारी हुई मॉडल के खिलाफ लखनऊ के पीजीआई थाने में दो करोड़ की धोखाधड़ी की रिपोर्ट पहले से दर्ज है।

### भक्ति पथ पर लग रहे रंग-बिरंगे कैनोपी

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को तेज धूप से बचाने के लिए भक्ति पथ से हनुमानगढ़ तक आकर्षक रंगीन कपड़ों से छायादार कैनेपी लगाए जा रहे हैं। मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बुधवार को संयुक्त रूप से रामपथ और भक्ति पथ का निरीक्षण किया। श्रृंगारघाट बैरिया से हनुमानगढ़ तक जाने वाले मार्ग पर भीड़ नियंत्रण के लिए अटैम्ड बैरियर और चार लाइनों में रेलिंग लगाई जाने की व्यवस्था को सात अप्रैल तक पूरा करने का निर्देश दिया है। हनुमान गढ़ी के प्रमुख साधु संतों से भी मुलाकात कर मंदिर परिसर में बढ़ाये जाने वाले व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंडलायुक्त ने बताया कि भक्ति पथ पर धूप से बचाव के लिए एक समान ऊंचाई पर पर्दों से कैनोपी को तैयार कर रहे हैं। जो देखने में वह सुंदर भी लगे और धूप से श्रद्धालुओं का बचाव करे। चार से पांच दिन में पूरे मार्ग को कैनेपी से ढक दिया जाएगा।

### नागरिकता को लेकर भ्रम पैदा कर रहा विपक्ष : राजनाथ



**गाजियाबाद, एजेंसी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को विपक्षी दलों पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में मुस्लिम समुदाय में भ्रम पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत में रहने वाला कोई भी मुसलमान अपनी नागरिकता नहीं खोएगा। गाजियाबाद में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भाजपा जाति, पंथ और धर्म के आधार पर राजनीति नहीं करती, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए दृढ़ है। उन्होंने कहा कि हमने कहा था कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम एक नागरिकता कानून बनाएंगे। और मैं आपको बताना चाहता हूं कि (2014 में) गृह मंत्री बनने के बाद मैंने प्रधानमंत्री से बात करके यह प्रक्रिया शुरू की थी लेकिन राज्यसभा में स्पष्ट बहुमत नहीं होने के कारण यह विधेयक वहां पारित नहीं हो सका था, जबकि लोकसभा में यह पारित हो गया था। सिंह ने कहा कि बाद में जब अमित शाह गृह मंत्री बने तो उन्होंने यह जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली और विधेयक संसद के दोनों सदनों में पूर्ण बहुमत से पारित हुआ।

### योगी ने अति आत्मविश्वास से बचने की दी सलाह

**वाराणसी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां रोहनिया स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री की रिकॉर्ड जीत के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया। मुख्यमंत्री का पूरा जोर बूथ मजबूती पर था। योगी ने यहां कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री को विजय मिलेगी, इसमें किसी को संदेह नहीं है। मत प्रतिशत बढ़ेगा, इसमें भी संदेह नहीं है, लेकिन अति आत्मविश्वास सदैव घातक होता है। अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ पर एक साथ इकट्ठा होकर बैठें और रणनीति तय करें कि इस बूथ क्षेत्र में कितने घर हैं। उनसे संपर्क करें। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन से साझा करें।

# मानवाधिकार आयोग में मुख्तार अंसारी की मौत पर रिपोर्ट दर्ज

## सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की पहल पर दर्ज हुआ मामला

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार:** मुख्तार अंसारी की मौत के मामले पर बवाल अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक ओर सीजेएम के आदेश पर न्यायिक और जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले की मजिस्ट्रेटीयल जांच की जा रही है, वहीं इस मामले पर सेवानिवृत्त आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की पहल पर मानवाधिकार आयोग में भी रिपोर्ट दर्ज हो गयी है। हालांकि मानवाधिकार आयोग के समक्ष जेल अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। मंडल कारागार में निरुद्ध पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की 28 मार्च की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

मौत के बाद जहां प्रशासनिक अमला सकते में आ गया, वहीं समाजसेवी संगठनों से लेकर राजनीतिक दलों तक ने माफिया की मौत पर संदेह जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। मुख्तार के परिजनों ने भी जेल प्रशासन पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया था। इससे पहले मुख्तार ने बाराबंकी की अदालत में वकील के जरिए प्रार्थनापत्र देकर जेल प्रशासन पर भोजन के साथ स्लो प्वाइजन देने का गंभीर आरोप लगाया था। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेज कर मौत के हालातों की बिंदुवार जांच कराने की मांग उठाई थी। शिकायत में ठाकुर ने कहा था कि जब मुख्तार और उसके परिजन हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगा रहे थे और मुख्तार लगातार अपनी तबीयत खराब होने की बात कह रहा था तो उसे अस्पताल में रखकर समुचित उपचार मिलना चाहिए था, जबकि मौत के दो दिन पहले बीमार होने पर प्रशासन उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती तो कराया लेकिन उपचार के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया।

### मुख्तार की मौत पर दो जांच कमेटियां सक्रिय

मंडल कारागार में बंद रहे माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर गठित दो जांच कमेटियां सक्रिय हो गई हैं। जहां एक ओर सीजेएम भगवान दास गुप्ता के आदेश पर नामित न्यायिक जांच अधिकारी एसीजेएम प्रथम गरिमा सिंह और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के आदेश पर नामित मजिस्ट्रेटीयल जांच अधिकारी अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने मंडल कारागार पहुंचकर जांच तेज कर दी है। दोनों ही अधिकारी लगभग दो घंटे जेल के अंदर मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो एसीजेएम प्रथम गरिमा सिंह और ने जेल पहुंचकर जेल प्रशासन की मौजूदगी में जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद जेल के स्टाफ से पूछताछ की। जेल में स्थित मुख्तार की बैरक नंबर 16 को पहले ही सील किया जा चुका है, ताकि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न की जा सके। वहीं मजिस्ट्रेटीयल जांच अधिकारी एडीएम राजेश कुमार ने भी अपनी जांच तेज करते हुए जेल पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। एडीएम ने सार्वजनिक सूचना जारी करके 15 अप्रैल तक संबंधित व्यक्तियों से लिखित, मौखिक अभिकथन, साक्ष्य या बयान प्रस्तुत करने को बुलाया है।

## कांग्रेस में नकुल दुबे का टिकट कटा, दो प्रत्याशियों की घोषणा

**लखनऊ, अमित विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की दो सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए। इसमें पूर्व मंत्री नकुल दुबे का टिकट काट दिया गया है। सीतापुर लोकसभा सीट से नकुल दुबे के स्थान पर राकेश राठौर को प्रत्याशी घोषित किया गया है, जबकि मथुरा से मुकेश धनगर को प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस अब तक 14 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अमेठी, रायबरेली व प्रयागराज सीट पर अभी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है। अमेठी व रायबरेली सीट पर संशय बरकरार है। हालांकि, रायबरेली से प्रियंका गांधी व अमेठी से राहुल गांधी को प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है। कांग्रेस के अब तक घोषित प्रत्याशियों में सहारनपुर से इमरान मसूद, अमरोहा से दानिश अली, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलंदशहर से शिवराम वाल्मीकि, मथुरा से मुकेश धनगर, कानपुर से आलोक मिश्रा, वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आदि शामिल हैं।

# लंबे समय से गायब डॉक्टरों पर सरकार हुई नरम

**राज्य ब्यूरो,लखनऊ**

- नदारद 742 डॉक्टरों में कुछ को बर्खास्त कर मामला ठंडे बस्ते में

**अमृत विचार :** डॉक्टरों की कमी का दंश झेल रहे स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने में राज्य सरकार के भी हाथ पांव फूलने लगे हैं। विभागीय निर्देशों को ठेंगा दिखाकर, पांच साल से ज्यादा समय से नदारद रहने वाले 742 डॉक्टरों में मुश्किल से पांच दर्जन डॉक्टरों को बर्खास्त कर भय दिखाने का माहौल बनाया, मगर डॉक्टरों के रुख में बदलाव नहीं हुआ। जिसके बाद शासन ने कार्रवाई के हथियार को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन का कहना है डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई रोकी नहीं गई है, समय आने पर निर्णय लिया जायेगा।

मनमानी करने वाले डॉक्टरों पर लगाम लगाने के लिए शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे हजारों डॉक्टरों को नोटिस भेजनी शुरू की, कई-कई नोटिस का जवाब न देने वाले, पांच साल से ज्यादा अवधि से गायब 742 डॉक्टरों की सूची शासन को भेज दी। शासन स्तर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा समय-समय पर दो-दो, चार-चार डॉक्टरों को सूचीबद्ध कर बर्खास्त तक कर दी गई। संदेश देने का प्रयास किया कि यह बेअंदाज डॉक्टरों के प्रति सरकार सख्त है और अगर जल्द ही ज्वाइन नहीं किया तो बर्खास्त करने से गुरेज नहीं करेगी। मगर, इन डॉक्टरों पर कोई असर नही हुआ, विभाग की स्थितियां आज भी जस की तस बनी हुई हैं। लिहाजा शासन ने ही मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। विभागीय सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में सरकारी डॉक्टरों की घोर कमी है, नए डॉक्टर आ नहीं रहें हैं, मुंहमांगे दाम पाने के बाद भी ज्वाइन नहीं कर रहें हैं। अगर, नदारद डॉक्टरों को भी बर्खास्त कर दिया तो कागजों में डॉक्टरों की संख्या और कम हो जायेगी। मुद्दा राजनैतिक बन सकता है, इसलिए सरकार ने चुप्पी साध ली है।

## डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** बीस लाख रुपए की जीएसटी रिफ़ंड करने के एवज में दो लाख रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य धनेंद्र कुमार पांडेय की जमानत अर्जी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव ने खारिज कर दिया है। अभियुक्त को विजिलेन्स टीम ने पिछले माह रिश्वत की रकम लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। अदालत के समक्ष सरकारी वकील महेश कुमार त्रिपाठी एवं कमल अवस्थी ने बताया कि आरोपी धनेंद्र कुमार पांडेय एक्सपोर्ट कंपनी आर्डेम डाटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि से बीस लाख रुपए का जीएसटी लौटाने की एवज में दो लाख रुपए की घूस मांग रहा था। कंपनी के अधिकारियों ने आरोपी की शिकायत विजिलेंस के एसपी डॉ अरविंद चतुर्वेदी से की थी जिस पर आरोपों की जांच करने के बाद विजिलेंस टीम ने वाणिज्य कर कार्यालय से आरोपी को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया था।

## परिणामों की घोषणा के 30 दिनों के भीतर दाखिल चुनाव याचिका ही स्वीकार्य

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक चुनाव याचिका पर विचार करते हुए कहा कि चुनाव याचिका चुनाव में असफल उम्मीदवार या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा दाखिल की जा सकती है, जिसका नामांकन पत्र चुनाव में खारिज कर दिया गया हो या वार्ड के किसी निर्वाचक द्वारा भी दाखिल की जा सकती है। निर्वाचक को चुनाव याचिका दाखिल करते समय यह ध्यान रखना होता है कि चुनाव के परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर चुनाव याचिका दाखिल की जाए, अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो याचिका पोषणीय नहीं मानी जाएगी। इसके साथ ही अगर शिकायतकर्ता संबंधित वार्ड का निर्वाचक नहीं है और वह विपक्षी की अयोग्यता को सिद्ध करने में सफल होता है तब ऐसी स्थिति में चुनाव याचिका स्वीकार करने योग्य होगा। वर्तमान मामले में याची द्वारा कथित तौर पर जनहित याचिका दाखिल कर बताया गया है कि विपक्षी द्वारा नामांकन फार्म और चुनावी सामग्रियों में खुद को डॉक्टर के रूप में दर्शाया गया है, जिस कारण वह पार्षद के रूप में संबंधित वार्ड में निर्वाचित हो गया है। विपक्षी नगर पंचायत, सिसौली, मुजफ्फरनगर में 4 मई 2023 को सभासद चुना गया था। अतः उनका नामांकन और चुनाव निरस्त किया जाए। हालांकि विपक्षी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची को उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 62 के प्रावधानों के तहत चुनाव याचिका दायर करनी चाहिए थी और वह निर्धारित समय के भीतर दाखिल नहीं की गई है, इसलिए वर्तमान याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, जबकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि चुनाव याचिका केवल चुनाव में उम्मीदवार द्वारा दाखिल की जा सकती है और किसी ग्रामीण के द्वारा नहीं। इस दृष्टि से वर्तमान याचिका सुनवाई योग्य है, लेकिन मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की पीठ ने राजीव कुमार की याचिका को आधारहीन मानते हुए खारिज कर दिया।

## वर्ग पहेली-29

**बाएं से दाएं**

3.1. जिसपर पूर्ण रूप से प्रभाव पड़ा हो 2. तर-बतर, लतपथ 3. भीगा, गीला 4. अभिभूत, ओतप्रोत, अभिपन्न।

5. रास्ते का खाना और ख़र्च, मार्ग व्यय, पाथेय।

6.1. आधारस्वरूप 2. जड़ से संबंध रखने वाला 3. बिलकुल प्रारंभिक 4. नींव या बुनियाद के रूप में होने वाला।

9.1. गली, मार्ग 2. चित्रशाला 3. चित्रों की पंक्ति 4. चित्रांकित दीवार या पट्ट।

10.1. सिर या किसी अंग का बाल साफ़ करना, मूंड़ा जाना 3. ठगा जाना।

**ऊपर से नीचे**


1.1. एक प्रकार का आभूषण जो बांह में पहनते हैं, बाज़ूबंद, केयूर 2. कवच 3. ज़िरहबख़्तर।

2.1. औषधियों से बना वह गाढ़ा और चिकना लेप जो घाव आदि पर लगाया जाता है 2. घाव की दवा। (मु.) -लगाना : राहत पहुंचाना।

4.1. रज़ामंद होने की अवस्था या भाव, राज़ी-ख़ुशी, सहमति 2. स्वीकृति, मंज़ूरी।

7.1. हाथी के पांव को बांधने का सिक्कड़, आंदू 2. बेड़ी।

8.1. पोई नामक पौधा 2. पोई नामक पौधे की पत्ती।



### वर्ग पहेली -28 का हल




## सुडोकू -108

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

### सुडोकू -107 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 16.14 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 20.12 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दूसरों की निंदा करने से बचें। जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर रखें। व्यवसाय में नए ऑर्डर मिल सकते हैं, जो आपके लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं।

**वृष** — आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। संतान की गतिविधि से आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के सहकर्मियों के साथ परेशानी होगी।

**मिथुन** — आज परिवार का सहयोग न मिलने से कुछ काम रुक सकते हैं। बड़े भाई-बहनों को लेकर परेशानी होगी। भावुक होकर कोई बड़ा निर्णय न लें। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए। अपनी दिनचर्या को असंतुलित न होने दें।

**कर्क** — आज अनावश्यक चिंता न करें। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। आप भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। आप समझदारी से उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको शिक्षा में काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह** — आज राजनीतिक व्यक्तियों को मान-सम्मान मिलेगा। सूझ-बूझ के साथ मामलों को सुलझा लेंगे। नजदीकी मित्र आपका काफी अच्छा सहयोग करेंगे जिसके कारण आप तनाव मुक्त महसूस कर सकते हैं।

**कन्या** — आज दांपत्य संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। खानपान में लापरवाही न करें। वाणी में संयम अवश्य रखें। अनचाही यात्रा करने से आपको बचना चाहिए। अपरिचित लोगों के कारण नुकसान हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बढ़ेगा।

**तुला** — आज माता से सलाह लेना आपके लिए लाभकारी होगा। विवाहेतर संबंधों से स्वयं को दूर रखें। महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज नए संपर्कों का लाभ उठाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन के लिए जा सकते हैं। आप काफी सहज महसूस करेंगे। व्यापार में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**धनु** — आज जॉब में आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। वैवाहिक संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। मानसिक दबाव से छुटकारा मिलेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है।

**मकर** — आज प्रियजनों के साथ हास्य-विनोद में शाम बिताएंगे। व्यापार की प्रगति से हर्षित होंगे। परीक्षा परिणामों में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार का माहौल सौहार्दपूर्ण रहने वाला है। जॉब में उच्च पद मिल सकता है।

**कुंभ** — आज पुरानी यादों को लेकर मन व्यथित होगा जिसके कारण आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें। दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित रहेगी। वाणी में कटुता के कारण रिश्तों में दरार आ सकती है।

**मीन** — आज मूल्यवान वस्तु उपहार में मिल सकती है। आप परेशान लोगों की मदद करने की कोशिश करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर रहेंगे। व्यवसाय में आपकी आय में बढ़ोतरी होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा — दोपहर : 12.00
मजाल — रात : 07.00

&pictures
धड़क — सुबह : 10.54
साइलेंस ... — रात : 08.00

SONY PIX
लाइफ — सुबह : 11.25
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

ZEE CINEMA
क्रांति — सुबह : 08.45
बीवी हो तो ऐसी — रात : 07.20

colors CINEPLEX
कल हो न हो — सुबह : 07.57
फिर हेरा फेरी — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टकला बीवी से पूछता है- कैसा लग रहा हूं?
बीवी- अजी छोड़ो भी
टकला- अरे बता ना
बीवी- अजी रहने दो अब मैं क्या बताऊं
टकला - अरे बता भी तुझे मेरी कसम अरे बता भी तुझे मेरी कसम
बीवी - ऐसे लग रहे हो जैसे फटे हुए मौजे से अंगूठा बाहर निकल आया हो।

बैंक मैनेजर- ये कैसे हस्ताक्षर हैं?
संजू- यह हस्ताक्षर मेरी दादी के हैं
बैंक मैनेजर- ऐसे अजीब हस्ताक्षर? नाम क्या है उनका?
संजू- जलेबी बाई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 890।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1880, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1800, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1655, जय जवान 1465, सचिन 1630, सूरज 1490, अवसर 1690, राग गोल्ड 1725, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1745, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1740, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12900, अरहर पटका मोटा 13200, अरहर कोरा मोटा 13600, अरहर पटका छोटा 13900-14300, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

# नई सरकार वाणिज्य नियमों को करे आसान

## पहले 100 दिन के लिए जीटीआरआई ने दी सलाह, निर्यात को बढ़ावा देने पर दे ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ई-वाणिज्य नियमों को आसान करने, शुल्क वापसी योजना का नकद वितरण, एक राष्ट्रीय व्यापार तंत्र की स्थापना और भारत के व्यापार समझौतों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करना नई सरकार के 100 दिन का एजेंडा होना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि प्रमुख फलों और सब्जियों के उत्पादों के लिए तंत्र का पता लगाने के वास्ते ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का सुझाव दिया गया है।

ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी एक उन्नत डेटाबेस तंत्र है जो एक व्यावसायिक नेटवर्क के भीतर पारदर्शी जानकारी



साझा करने की अनुमति देता है। रिपोर्ट में विशेष आर्थिक क्षेत्रों को छूट के आधार पर घरेलू बाजार में सामान बेचने की अनुमति देना और दवा सामग्री, सौर सेल, ईवी बैटरी और मोबाइल फोन घटकों जैसे महत्वपूर्ण आयात के लिए चीन पर निर्भरता को कम करने आदि का भी सुझाव दिया गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा-पहले 100 दिन (एक नई सरकार के लिए) शासन और नीति की दिशा निर्धारित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं...। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होगा और मतों की गिनती चार जून को की जाएगी। चुनाव सात चरण में होने हैं।

शोध संस्थान ने यूरोपीय जलवायु विनियमन के प्रतिकूल प्रभावों का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने; गठबंधन बनाने, डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) में बेहतर परिणामों के लिए साझेदारी को मजबूत करने; डब्ल्यूटीओ कानून कितने भेदभावपूर्ण हैं और उनमें बदलाव की जरूरत है इस बात पर प्रकाश डालने और विनिर्माण योजनाओं में प्रोत्साहनों का मानकीकरण करने आदि के सुझाव दिए। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि राष्ट्रीय व्यापार तंत्र (एनटीएन) सभी आवश्यक दस्तावेजों तथा सूचनाओं को ऑनलाइन जमा करने को केंद्रीकृत करने के अलावा, सीमा शुल्क, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), शिपिंग कंपनियों, बंदरगाह और बैंक के साथ अलग-अलग बातचीत की आवश्यकता को समाप्त करने के अलावा सभी निर्यात-आयात संबंधी अनुपालन को ऑनलाइन सक्षम करने में मदद करेगा। श्रीवास्तव ने एनटीएन की वकालत करते हुए कहा कि विशिष्ट विभागों पर केंद्रित मौजूदा प्रणालियां तेजी से विकसित नहीं होती और व्यापक प्रक्रियाओं को भी कुशलतापूर्वक नहीं संभाल पाती। उन्होंने कहा है कि नई व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत तैयार एनटीएन भारत के लिए आवश्यक है।

## दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन बढ़ाकर 6 जून की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन आगे बढ़ाकर 6 जून कर दी है। आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस में बुधवार को इस संदर्भ में संशोधन किये गये। विभाग ने बोलीदाताओं के लिए नकदी को सुगम बनाने के लिए बैंक गारंटी और बयाना राशि जमा की गारंटी भी कम कर दी है। नोटिस संशोधन के अनुसार, लोकसभा परिणामों की घोषणा के बाद लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख 20 मई से बदलकर 6 जून कर दी गई है। परीक्षण के तौर पर नीलामी अब 13 और 14 मई के बजाय 3 जून को होगी। सरकार मोबाइल सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। विभाग ने पश्चिम बंगाल सर्किल में 900 मेगाहर्ट्ज बैंड में नीलामी के लिए ब्लॉक की संख्या भी घटाकर 44 कर दी है।

# सरकार ने 1,000 टन काला नमक चावल के निर्यात पर शुल्क हटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अभी तक निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था
- काला नमक गैर-बासमती चावल की है एक किस्म

सरकार ने छह निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल की किस्म के निर्यात पर शुल्क हटा दिया है। अभी तक काला नमक चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार से प्रभावी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मंगलवार को निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसके निर्यात पर पहले प्रतिबंध था। चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा



शुल्क केंद्रों के माध्यम से अनुमति दी गई है। ये केंद्र वाराणसी एयर कार्गो; जेएनसीएच (जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस), महाराष्ट्र; सीएच (कस्टम हाउस) कांडला, गुजरात; एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) नेपालगंज रोड; एलसीएस सोनौली; एवं एलसीएस बरहनी हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 78,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52,900-53,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 68,800 |
| चांदी आभूषण | 76,800। |

# फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गौतम अडाणी वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर पहुंचे

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के प्रमुख मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। 'फोर्ब्स' की दुनिया के अरबपतियों की सूची में अंबानी शीर्ष 10 में आ गए हैं। वह दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में फैला हुआ है।



फोर्ब्स के अनुसार, अंबानी (66) की संपत्तियां 116 अरब डॉलर की हैं। इससे पिछले साल यानी 2023 में उनकी संपत्तियों का मूल्य 83.4 अरब डॉलर था। गौतम अडाणी दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं और वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 84 अरब डॉलर है। 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट जारी होने के बाद एक समय उनकी संपत्ति 2022 के 90 अरब डॉलर से घटकर 47.2 अरब डॉलर रह गई थी। अडाणी समूह ने हालांकि सभी आरोपों का खंडन किया था।

## सोना तेजी के साथ 69,200 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

# भारत जल्द ही बनाएगा अपना पहला वाणिज्यिक कच्चा तेल रणनीतिक भंडारण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सरकार ने उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई का किया गठन

दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत जल्द ही कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का



गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए निर्माण शामिल हैं।

# राष्ट्रीय

## वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

# संविधान को नष्ट करने का प्रयास कर रही आरएसएस

**वायनाड (केरल), एजेंसी**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को 'नष्ट करने की कोशिश' का आरोप लगाया।

राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिल




राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रोड शो निकाला। • एजेंसी

भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी रिटर्निंग अधिकारी भी हैं।

## मल्लिकार्जुन खरगे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है।

## अकाली नेता की आईएएस बहू ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता सिकंदर सिंह मलूका की पुत्र-वधू और पंजाब कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच अपना इस्तीफा दिया है। परमपाल 2011 बैच की आईएएस अधिकारी थीं। वह इस साल अक्टूबर में सेवानिवृत्त होने वाली थीं। ऐसी अटकलें हैं कि परमपाल भाजपा के टिकट पर बठिंडा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। मलूका अकाली दल के वरिष्ठ नेता हैं और अकाली सरकार में शिक्षा मंत्री का पद भी संभाल चुके हैं। सिद्धू वर्तमान में पंजाब राज्य औद्योगिक निगम की प्रबंध निदेशक थीं।

# भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता और मुक्केबाज विजेंदर सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ओलंपिक पदक विजेता ने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना

मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। अप्रैल 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने वाले सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है।

पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिण दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में विजेंदर सिंह ने केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



पार्टी में शामिल होने पर विजेंदर सिंह का रामवीर सिंह बिधूड़ी ने स्वागत किया।

भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने दावा कि जब खिलाड़ियों को हित की बात सामने आएगी तो वह 'पहले वाला विजेन्दर' ही रहेंगे और गलत को गलत तथा सही को सही कहेंगे। उन्होंने कहा, आज भाजपा में शामिल हुआ हूं। एक तरह से घर वापसी हो रही है। 2019 में चुनाव लड़ा था।

## एक नजर

### भाजपा नेता सुशील कुमार ने कैंसर से पीड़ित होने की दी जानकारी

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बताया कि उन्हें छह माह पहले ही कैंसर से पीड़ित होने की बात पता चली है और वह पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे। सुशील मोदी (72) को भाजपा ने राज्य के लिए अपने स्टार प्रचारकों में शामिल किया था और अपनी चुनाव घोषणापत्र समिति का सदस्य नियुक्त किया था। सुशील मोदी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा, ''मैं पिछले छह महीने से कैंसर से जूझ रहा हूं। मुझे लगता है कि अब लोगों को यह जानकारी देने का वक्त आ गया है। मैं लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा।

### ओडिशा के मल्कानगिरि में विस्फोटक जब्त

**मल्कानगिरि।** ओडिशा के मल्कानगिरि जिले में बुधवार को भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ से लगी राज्य की सीमा पर कालीमेला थानांतर्गत दयालतुंग गांव में एक जंगल के निकट 12 बारूदी सुरंग और जिलेटिन की 190 छड़ बरामद कीं हैं।

# न्यायालय ने अजित पवार नीत राकांपा से जारी विज्ञापनों का मांगा ब्योरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**घड़ी चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से उसके आदेश के अनुपालन के तहत समाचार पत्रों में डिस्क्लेमर (दावा अस्वीकरण) के साथ जारी किए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में राकांपा (अजित पवार गुट) को इस 'डिस्क्लेमर' के साथ प्रचार करने का निर्देश दिया था कि पार्टी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से जारी विज्ञापनों का विवरण देने को कहा। दरअसल, शरद पवार गुट ने आरोप लगाया था कि अजित पवार गुट अदालत के 19 मार्च के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-रोहतगी, आप इस संबंध में (अपने मुवक्किल से) जानकारी हासिल कीजिए कि इस आदेश के बाद कितने विज्ञापन जारी हुए। यदि वह (अजित पवार) इस प्रकार का बर्ताव कर रहे हैं तो हमें इस पर



फैसला करना पड़ेगा। किसी को भी जानबूझकर हमारे आदेश का गलत मतलब निकालने का अधिकार नहीं है। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 19 मार्च को इस अदालत ने तर्कों के साथ एक आदेश पारित किया था, जिसमें उनसे (अजित पवार धड़े से) अखबारों में यह विज्ञापन जारी करने को कहा गया था कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटन का मामला अदालत में विचाराधीन है और उन्हें इस चिह्न के इस्तेमाल की अनुमति इस आधार पर दी गई है कि यह शीर्ष अदालत के अंतिम फैसले के अधीन होगा। सिंघवी ने कहा-अब, उन्होंने निर्देश का अनुपालन नहीं किया है और उनके द्वारा बिना 'डिस्क्लेमर' के विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने इस अदालत के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, जिसमें इस आदेश में छूट दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

# बिना समय गंवाए जांच एनआईए को सौंपने का आदेश

**कोलकाता, एजेंसी**

**दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा का मामला**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उत्तरी दिनाजपुर जिले के दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार से एकल पीठ के आदेश का पालन करने को कहा।

एकल पीठ ने दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा की घटना में दो युवकों की मौत और अन्य के घायल होने की घटना की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का निर्देश दिया था।

मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एनआईए को जांच स्थानांतरित करने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए एकल पीठ के आदेश पर कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने राज्य को बिना समय बर्बाद किए जांच एनआईए को स्थानांतरित करने के एकल पीठ के आदेश को लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि राज्य की अपील पर फैसले के अनुरूप इसका क्रियान्वयन होगा।

## बीजापुर में करीब 12 घंटे तक चली मुठभेड़ 13 नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के घने जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगभग 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत 13 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता के लिए सराहना करते हुए, इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को 10 नक्सलियों के शव बरामद किए थे।

# धनखड़ ने 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता की दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार श्री धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ लेने वालों में बिहार से भाजपा की धर्मशीला गुप्ता, बिहार से ही राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और संजय यादव , गुजरात से भाजपा के गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, हरियाणा से भाजपा के सुभाष चंद्र बराला, हिमाचल से भाजपा के हर्ष महाजन, कर्नाटक से कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, एमपी से डॉ. एल मुरूगन, एमपी से कांग्रेस के अशोक सिंह, महाराष्ट्र से कांग्रेस के चंद्रकांत हंडोरे,महाराष्ट्र से ही भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी और यूपी से भाजपा की साधना सिंह शामिल हैं।

# इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार और परिवार बचाओं गठबंधन: नड्डा

**झालावाड़ (राजस्थान), एजेंसी**

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान की जनसभा में लगाया आरोप

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार बचाओं और परिवार एवं पार्टी बचाओं गठबंधन करार देते हुए आरोप लगाया है कि इसके नेताओं को देश से कोई लेना देना नहीं हैं और ये केवल परिवार एवं पार्टी बचाने में लगे है, इससे ज्यादा कुछ नहीं हैं जबकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने में लगी है।

नड्डा बुधवार को यहां लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन दो ही चीजों का गठबंधन हैं, एक तो भ्रष्टाचार बचाओं और दूसरा परिवार एवं



पार्टी बचाओं गठबंधन। उन्होंने कहा कि इसमें परिवार की पार्टियां जिसमें अध्यक्ष, पार्लियामेंटरी बोर्ड, जनरल सेक्रटरी आदि में परिवार के लोग और यह गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन हैं। उन्होंने कहा कि इसके नेताओं ने ऐसी कोई जगह नहीं छोड़ी जहां घोटाला और भ्रष्टाचार नहीं किया हो। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के द्वारा शराब घोटाला करने सहित कई नेताओं द्वारा घोटाला करने का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता सोनियां गांधी एवं राहुल गांधी बेल पर हैं, केजरीवाल जेल में हैं और गठबंधन के आधे नेता जेल में हैं और आधे नेता बेल पर हैं।

## स्वतंत्र, शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराएं अधिकारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को यहां राज्यों और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा चुनावों और कुछ राज्यों की विधान सभा के चुनावों की इस समय चल रही प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए। आयोग ने बैठक के बाद कहा कि सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों और केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी भाग लिया। कुमार ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 03 | 06 |

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | −0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | −0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | −1.423 |

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।

# कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से रौंदा

## सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने जड़े अर्धशतक, कोलकाता के वैभव व वरुण ने तीन-तीन विकेट झटके



सुनील नरेन

**विशाखापटनम, एजेंसी**

सुनील नरेन के 85 रन और अंगकृष रघुवंशी की 54 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से हरा दिया है।

273 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिल्टस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में पृथ्वी शॉ 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद मिचेल मार्श और अभिषेक पोरेल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय कप्तान ऋृषभ पंत और डेविड वॉर्नर के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। वॉर्नर 13 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ऋृषभ पंत ने 25 गेंदों में पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 55 रनों की पारी खेली। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने 32 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाये। अक्षर पटेल खाता भी नहीं खोल सके। सुमित कुमार सात रन, रसिख सलाम एक रन और एनरिक नॉर्टजे चार रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ढ़ेर हो गई। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी हार है। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने तीन-तीन विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। सुनील नरेन और आंद्रे रसल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 273 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में कोलकता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

- **दिल्ली कैपिटल्स की ओर से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 55 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 54 रनों की पारी खेली**

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता के लिए फिल सॉल्ट और सुनील नरेन की सलाम जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नॉर्टजे ने फिल सॉल्ट को 18 रन पर आउट कर कोलकाता को पहला झटका दिया। इसके बाद आईपीएल में पर्दापण कर रहे अंगकृष रघुवंशी ने सुनील नरेन के साथ दूसरे विकेट के 104 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी करते हुए 27 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाते हुए अपना पहला अर्धशतक लगाया। वहीं सुनील नरेन ने 39 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 85 रन ठोक डाले। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल ने 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की सहायता से 41 रन बनाये। रिंकू सिंह ने आठ गेंदों में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 26 रन ठोके। रमनदीप सिंह दो रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर पांच रन और मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। खेल के दौरान दिल्ली को धीमे ओवर रेट के कारण और एक अतिरिक्त फील्डर दायरे अंदर करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने तीन विकेट लिये। इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। खलील अहमद और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।

### कोलकाता 272/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 | 12 | 4/0 |
| सुनील नरेन का पंत बो मार्श | 85 | 39 | 7/7 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 | 27 | 5/3 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 | 19 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 | 11 | 0/2 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 | 08 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 05 | 02 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 02 | 02 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4−0−43−1, इशांत 3−0−43−2, नॉर्टजे 4−0−59−3, रसिख 3−0−47−0, सुमित 2−0−19−0, अक्षर 1−0−18−0, मिचेल 3−0−37−1

### दिल्ली 166/10

17 .2 ओवर, अतिरिक्त : 16

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर बो स्टार्क | 18 | 13 | 2/1 |
| पृथ्वी शॉ का चक्रवर्ती बो वैभव | 10 | 07 | 2/0 |
| मिशेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल का नरेन बो वैभव | 00 | 05 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 55 | 25 | 4/5 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो चक्रवर्ती | 54 | 32 | 4/4 |
| अक्षर पटेल का मनीष बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0/0 |
| सुमित कुमार का मनीष बो नरेन | 07 | 06 | 0/1 |
| रशिक धर सलाम का सॉल्ट बो वैभव | 01 | 05 | 0/0 |
| एनरिक नॉर्टजे का श्रेयस बो रसेल | 04 | 06 | 0/0 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मिशेल स्टार्क 3−0−25−2, वैभव अरोड़ा 4−0−27−3, आंद्रे रसेल 1.2−0−14−1, सुनील नरेन 4−0−29−1, वरूण चक्रवर्ती 4−0−33−3, वेंकटेश अय्यर 1−0−28−0

## खेल डायरी

### बेंगलुरु मैराथन में दौड़ेंगे 96 वर्ष के दत्तात्रेय

**बेंगलुरु।** 96 वर्ष के एन एस दत्तात्रेय 28 अप्रैल को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु 2024 मैराथन में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज धावक होंगे। वह पहले भी इस रेस में हिस्सा ले चुके हैं। पांच साल पहले लंबी दौड़ में पदार्पण करने वाले दत्तात्रेय कई मैराथन और वॉकाथन में प्रतिभागी रह चुके हैं। उन्होंने कहा,''पहली मैराथन के बाद ही मुझे लगा कि मैं इसमें जारी रख सकता हूं। मैंने फिट रहने के लिये शुरूआत की थी और जल्दी ही यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गया। अगर आपके पास अपार दौलत है लेकिन आप उसे भोग नहीं सकते तो क्या फायदा। स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, पैसा नहीं।''

### रोनाल्डो की सऊदी अरब में एक और हैट्रिक

**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8−0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है। उन्होंने शनिवार को अल नासर की अल ताई पर 5−1 से जीत के दौरान भी हैट्रिक बनाई थी। वह अभी तक लीग में 29 गोल कर चुके हैं और इस मामले में शीर्ष पर काबिज हैं। अल नासर लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21−13, 22−20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर के खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी। अनमोल को इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में कजाकिस्तान की कामिला स्मगुलोवा से वॉकओवर मिला।

### टी20 शृंखला में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 शृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे।

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कथित उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म की

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को कहा कि उसने एक पुरूष कर्मचारी द्वारा महिला कर्मचारी के उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म कर दी है क्योंकि कथित पीड़िता और दूसरा पक्ष मामले को आगे नहीं बढाना चाहते थे। पिछले सप्ताह एआईएफएफ मुख्यालय की एक महिला कर्मचारी ने पुरूष सहकर्मी द्वारा उत्पीड़न की मौखिक शिकायत की थी लेकिन कोई औपचारिक आरोप नहीं लगाया था । एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि आंतरिक शिकायत समिति जांच आगे बढाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि कथित पीड़िता और अन्य पक्ष मामले को आगे खींचना नहीं चाहते लिहाजा जांच खत्म की जाती है ।

## निकहत, लवलीना समेत अन्य मुक्केबाज तुर्की में लेंगे प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले विश्व चैंपियन निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन समेत भारतीय मुक्केबाज तुर्की में विशेष शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत तुर्की में प्रशिक्षण शिविर में निकहत और लवलीना के साथ शामिल होंगी। मुक्केबाजों को दो कोच और एक फिज़ियो भी उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निकहत और लवलीना ने पिछले वर्ष एशियन गेम्स 2023 में आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए मुक्केबाजी में भारत के लिए कोटा हासिल किया था।

# चोटिल शिवम मावी आईपीएल से हुए बाहर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एचएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोटिल होने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट में यह नहीं बताया कि चोट कहां लगी है। उन्होंने कहा, “मैं टूर्नामेंट को बहुत याद करूंगा। मैं यहां पर चोट के बाद आया था और सोचा था कि अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से चोटिल होने की वजह से मुझे टूर्नामेंट छोड़ना होगा।”



उन्होंने कहा, “क्रिकेटर को इसके लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना पड़ता है। अगर आपको चोट लगी है तो आपको यह देखने की जरूरत है कि वापसी के लिए क्या किया जा सकता है, आपको किन चीजो का ख्याल रखना है।” उन्होंने कहा, “हमारी बहुत अच्छी टीम है, मैं टीम के लिए बाहर से चीयर करूंगा और उम्मीद है कि हम जीतेंगे।” एलएसजी ने मावी की जगह किसी अन्य का चयन नहीं किया है। टीम के पास अभी मैट हेनरी, शमार जोसेफ, मोहसिन खान, मयंक यादव, यश ठाकुर, अरशद खान और युद्धवीर सिंह जैसे तेज गेंदबाज हैं।

## मुस्तफिजुर रहमान का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। सीएसके के लिए शुरुआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था।

# श्रीलंका ने दूसरा टेस्ट जीत क्लीन स्वीप किया

**चट्टोग्राम (बांग्लादेश), एजेंसी**

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा।

श्रीलंका ने इससे पहले टी20 शृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे शृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए थे।

- **श्रीलंका ने इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टी20 शृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी**




# आलिया भट्ट के लिए कंगना रनौत के खिलाफ क्यों खड़े हो गए थे रणदीप हुड्डा?

**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा की गिनती उन एक्टर्स में होती है जो बेबाकी से अपनी बात रखते हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके बयान से किसी को क्या फर्क पड़ने वाला है। वह हमेशा सही के साथ खड़े रहना पसंद करते हैं। साल 2019 में वह आलिया भट्ट का सपोर्ट करने के लिए कंगना रनौत के खिलाफ खड़े हो गए थे। आलिया और रणदीप ने एक साथ फिल्म ‘हाईवे’ में काम किया था। कंगना ने आलिया को मीडियोकर एक्टर बताया था, उस वक्त के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा है कि आलिया को बेवजह टारगेट किया गया था। सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में रणदीप ने आलिया के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात की। कंगना की बात पर आलिया को सपोर्ट करने को लेकर भी उन्होंने बताया। रणदीप ने कहा, “हाईवे के वक्त मेरा आलिया के साथ एक सच्चा रिश्ता बन गया था। मुझे नहीं पता कि आलिया की तरफ से भी ऐसा था या नहीं। वो उसकी मर्जी है। मैं सिर्फ अपनी बात कहूंगा। मैंने देखा है उसे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हुए। मैं दिल से उसके साथ खड़ा था क्योंकि उसे बिना वजह टारगेट किया जा रहा था।” कंगना के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा, “अपने साथी कलाकारों या अपने साथ काम करने वालों या अपनी बिरादरी को उन चीज़ों पर निशाना बनाना जो आपको लगता है कि आपको नहीं मिलीं, भले ही मुझे लगता है कि आपको इस इंडस्ट्री से बहुत कुछ मिला है, यह बिल्कुल अशोभनीय है। मुझे लगा कि मुझे यह करना चाहिए और मैंने यह किया।”





# जब प्रोड्यूसर बोला- ‘तेरे ऊपर कोई पैसा नहीं लगाएगा’

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के एक्टर विक्रांत मैसी को विधु चोपड़ा के निर्देशन में बनी 12वी फेल से एक्टर को अलग ही पहचान मिली है। उन्हें फिल्मफेयर 2024 का बेस्ट एक्टर क्रिटिक्स अवार्ड मिला। विक्रांत मैसी आज 3 अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम आपको एक्टर के स्ट्रगल के दिनों का एक किस्सा बताने जा रहे हैं, जो शायद ही आपको बता होगा। एक्टर ने अपने 17 साल के करियर में टीवी सीरियल्स से बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया। हालांकि एक्टर को उनके करियर के शुरूआती दिनों में प्रोड्यूसर कास्ट नहीं करते थे। विक्रांत मैसी ने अपने एक इंटरव्यू में स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कहा था कि “बहुत से ऐसे प्रोड्यूसर हैं, जिनके पास जब मैं काम मांगने जाता था तो वह कहते थे कि अगर वो फिल्म में होंगे तो कोई पैसा नहीं लगाएगा। मुझे पता है कि तू ये करेगा तो बहुत अच्छा करेगा लेकिन जब मैं तेरा नाम आगे पुश करूंगा न तो कोई पैसा नहीं लगाएगा।” एक्टर ने आगे कहा कि “जब फिल्मों में काम करना शुरू किया, सब लोग फर्राटेदार अंग्रेजी में बात कर रहे होते थे और तब अंग्रेजी में मेरा हाथ काफी तंग था। टीवी एक्टर को फिल्म वाले बहुत जलील करते हैं।”

# तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने, लाल जोड़े में नाचती दिखीं

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बीते काफी समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर ली है। हालांकि शादी की कोई फोटोज सामने नहीं आई हैं। वहीं एक्ट्रेस ने भी इस पर अभी तर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जो तापसी की शादी का बताया जा रहा है। हालांकि, वीडियो को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक्ट्रेस दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। एंट्री के दौरान एक्ट्रेस डांस करती हुई दिखाई दे रहीं हैं। वहीं मैथियास स्टेज पर उनका इंतजार करते नजर आ रहे हैं। तापसी दुल्हन के लुक में काफी प्यारी लग रही हैं। एक्ट्रेस ने लहंगा-साड़ी छोड़ अनारकली सूट पहना है। उन्होंने सुर्ख लाल जोड़ा पहना, जिसे लाल चूड़ा, सुनहरे कलीरे और ब्लैक सनग्लासेस के साथ स्टाइलिश टच दिया है। एक्ट्रेस जीत सिंह और चित्रा सिंह के गाने ‘कोठे ते आ माहिया’ पर डांस करते हुए आती हैं और फिर पहले तो वह दूल्हा बने मैथियास को गले लगाती और फिर जयमाला पहनाती हैं। इसके तापसी और मैथियास एक-दूजे संग जमकर ठुमके लगाते हैं। वीडियो के आखिरी शॉट में मैथियास को फूलों से सजी साइकिल पर बैठे दिखाया गया है। एक्ट्रेस ने पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी की है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

# प्राकृतिक आपदा के लिए धन नहीं दे रहा केंद्र, कोर्ट का रुख किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र के विरुद्ध शीर्ष कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर प्राकृतिक आपदा राहत कोष को रोकने का आरोप लगाया है। साथ ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया है।

याचिका में स्टालिन सरकार ने आरोप लगाया है कि प्राकृतिक आपदाओं के लिए केंद्र से मिलने वाला धन उसके लिए जारी नहीं किया जा रहा है। साथ ही इसमें तमिल सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ और चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के लिए केंद्र को 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान करने का निर्देश देने का आग्रह किया। इतना ही नहीं याचिका में केंद्र को अंतरिम उपाय के रूप में दो हजार करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

इससे पहले, कर्नाटक सरकार ने भी केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसने यह आरोप लगाया था कि केंद्र सूखे की स्थिति से निपटने के लिए उसे वित्तीय सहायता नहीं दे रहा है। इसने यह निर्देश देने की मांग की थी कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से धन जारी किया जाए।

# तेलंगाना: केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 5 की मौत

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** संगारेड्डी जिले के चंदुर गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जहां पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


बता दें कि यह आग एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में लगी है, काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। हदनूर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि केमिकल फैक्ट्री एसबी ओरेगनिक्स प्रा. लि. में विस्फोट से आग लग गई। इस घटना में पांच की मौत हो गई है। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने अग्निशमन के अधिकारियों को बचाव कार्य और आग पर काबू पाने का आदेश दिया। उन्होंने दुर्घटना में घायलों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का भी निर्देश दिया है।

# चुनाव में डीपफेक से लड़ने को प्लेटफॉर्म नए टूल व नीति ला रहे

*इस साल भारत समेत दुनिया के 50 फीसदी से भी अधिक लोग मतदान करने वाले हैं। हालांकि एआई और डीपफेक जैसी चुनौती के आने के बाद चुनाव सुचारू रूप से करा पाना सभी देशों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। हालिया समय में चुनाव प्रचार में एआई डीपफेक का इस्तेमाल कर सिंथेटिक इमेज, डीपफेक ऑडियो और वीडियो बनाना काफी सस्ता और आसान हो गया है। इसी कारण अमेरिका सहित दुनिया भर के उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का व्यापक रूप से उपयोग और दुरुपयोग किया जा रहा है।*

## गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना सबसे बड़ी समस्या

एआई जनरेटेड गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना बड़ी समस्या बन रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह तकनीक भारत समेत बाकी देशों के लोकतंत्र को कमजोर कर सकते हैं। चुनाव में डीपफेक और एआई जनरेटेड सामग्री पर लगाम लगने के लिए भारत और अमेरिका में बड़ी तैयारियां की जा रही हैं। ओपनएआई और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने ऐसे खतरों से निपटने के लिए नितिगत बदलाव किए हैं। चैट जीपीटी के स्वामित्व वाली ओपन एआई 'वॉयस इंजन' के साथ डीपफेक से लड़ेगा। वॉयस इंजन, एक टेक्स्ट-टू-स्पीच मॉडल है जो सिंगल 15 सेकंड ऑडियो से किसी की भी नेचुरल आवाज को प्रोड्यूस कर सकता है।



## ओपनएआई ने किए कई बदलाव

चुनावों में 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया' को कमजोर करने से रोकने के लिए ओपनएआई ने अपनी जेनरेटिव एआई-आधारित तकनीकों जैसे चैटजीपीटी, डल-ई में कई बदलाव किए हैं। इसमें इस प्लेटफॉर्म से उत्पन्न सामग्री का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसकी सक्रिय निगरानी शामिल है। नई नीति के तहत अब जो आवाजें एआई- जनरेटेड हैं वो बताने के लिए ओपनएआई वाध्य होगा। कोई भी व्यक्ति नेता के नाम से चैटबॉट नहीं बना सकेगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने जैसे सवालों का रिस्पॉन्स अब चैटबॉट नहीं देगा।

## फेक इमेज और डीपफेक के लिए नई नीति

यूजर्स को एआई द्वारा उत्पन्न इमेज का पता लगाने में मदद करने के लिए ओपन एआई काम करेगा। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग के अनुसार, मेटा अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई डीपफेक या एआई-जनरेटेड इमेज को 'इमेजिन्ड विद एआई' के रूप में लेबल करना शुरू करेगा, ताकि उनमें और मानव-जनित सामग्री के बीच अंतर किया जा सके। हालिया समय में मेटा ने स्टेबल सिग्नेचर नामक एक अदृश्य वॉटरमार्किंग तकनीक विकसित की है, जो वॉटरमार्किंग को किसी हटाने से रोकेगा।

## रेगुलेशन में सभी मंत्रालयों की हो भागीदारी

देश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की निगरानी के लिए जरूरी सिस्टम तैयार करने पर गंभीर विचार चल रहा है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सदस्यों से मिलकर बनी कमेटी ने सिफारिश की है कि इसके लिए एक अंतर मंत्रालयीन कमेटी का गठन हो। पिछले माह सौंपी गई सिफारिश में कहा गया है कि यह काम सरकार से जुड़ी सभी मंत्रालय मिलकर करें। इलेक्ट्रानिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ केंद्र के हर मंत्रालय को निगरानी तंत्र में कोई न कोई भूमिका दी जाए। बता दें, बाजार नियामक सेबी एल्गोरिदेमिक ट्रेडिंग करने वाली कंपनियों को तब तक ही प्रोप्रिएटर टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की अनुमति देता है, जब तक वे कुछ गलत न करें।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप से तबाही गगनचुंबी इमारतें जमींदोज, नौ की मौत

## 25 साल बाद आया 7.4 तीव्रता का भूकंप, 700 से ज्यादा लोग घायल, मोदी ने जताया दुख

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

ताइवान के हुलिएन में 25 साल बाद बुधवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप ने तबाही मचा दी। कई इमारतें जमींदोज हो गई है, जबकि कई 45 डिग्री के कोण पर झुक गईं। राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए पूरे द्वीपीय देश में रेल सेवा प्रभावित हो गई है। हालांकि, पूर्व में जारी सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। आपदा में नौ लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं 50 से ज्यादा लोगों लापता हैं।

सीएनएन ने राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी (एनएफए) का हवाला देते हुए बताया कि द्वीप के पूर्वी तट पर आए शक्तिशाली भूकंप के बाद पूरे ताइवान में कम से कम 77 लोग फंस गए हैं। अधिकारियों ने फंसे हुए लोगों की स्थिति के बारे में विस्तार से नहीं बताया लेकिन कहा कि बचाव अभियान जारी है। एनएफए के अनुसार, घायलों में से 132 लोग भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। भूकंप के बाद के झटकों की वजह से भूस्खलन की 24 घटनाएं हुई हैं तथा 35 सड़कें, पुल और सुरंगे क्षतिग्रस्त हुई हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान में बुधवार को 25 वर्षों में सबसे शक्तिशाली भूकंप आया, जब द्वीप के पूर्वी तट पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, तो इमारतें ढह गईं। बता दें, सुनामी की चेतावनी के कारण एयरलाइंस और हवाईअड्डों को उड़ानें निलंबित करनी पड़ीं। हालांकि, बाद में फिर से शुरू कर दिया गया। आपदा से पूरे द्वीप में 125 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, क्षतिग्रस्त इमारतों में से लगभग आधी इमारतें भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। हुलिएन काउंटी के मजिस्ट्रेट सू चेन-वेई ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, काउंटी में चार इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं। तीन इमारतों के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि नौ मंजिला यूरेनस बिल्डिंग में खोज और बचाव अभियान जारी है।





7.4 तीव्रता से आए भूकंप से 45 डिग्री के कोण पर झुकी इमारत, वहीं मलबे में पीड़ितों की तलाश करते बचावकर्मी।

## लोगों के प्रति एकजुटता पर ताइवान के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी का जताया आभार



ताइवान के राष्ट्रपति साई इंग-वेन ने बुधवार को चुनौतीपूर्ण समय में समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। ताइवान के उपराष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का समर्थन इस कठिन समय में ताइवान के लोगों के लिए ताकत का स्रोत है। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया और देश के लोगों के प्रति भारत की एकजुटता व्यक्त की थी। मोदी ने एक्स पर लिखा, आज ताइवान में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं।

# कानून उल्लंघन पर 5 गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए रद

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने विदेशी अनुदान के दुरुपयोग और अन्य कारणों का हवाला देते हुए उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पांच जानेमाने गैर सरकारी संगठनों के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद कर दिए हैं।

जिन एनजीओ के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस (सीएनआई-एसबीएसएस), वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएचएआई), इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी (आईजीएसएसएस), चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन (सीएएसए) और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया (ईएफओआई) शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है।

# न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खुफिया एजेंसियों की दखलअंदाजी के आरोपों पर बोले पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश

पाकिस्तान की न्यायपालिका इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि न्यायपालिका की आजादी पर किसी भी तरह के हमले को विफल किया जाएगा।

उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया कि न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की पूर्ण अदालत सुनवाई करेगी। दरअसल, मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने दावा किया कि उन्हें धमकी भरे पत्र मिले और इन पत्रों में मादक पदार्थ भेजा गया था। इन न्यायाधीशों ने सीजेपी को पत्र लिखा था। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसादुक हुसैन जिलानी ने खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता से खुद को अलग कर दिया था। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान ने कहा, सरकार ने पूरी ईमानदारी से मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया था। लेकिन सोशल मीडिया और वकीलों ने उस आयोग की आलोचना की। वह चाहते थे कि अदालत मामले की सुनवाई करे। सीजेपी ईसा ने कहा कि वह अपने संस्थान की आजादी को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं। सीजेपी ने कहा, अगर न्यायपालिका की आजादी पर किसी तरह का हमला होता है, तो मैं (न्यायपालिका का बचाव करने में) सबसे आगे रहूंगा और निश्चित तौर पर मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े रहेंगे और हम कभी भी दखलंदाजी को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, यह संभव है कि हम अगली सुनवाई में एक पूर्ण अदालत का गठन कर सकते हैं।

# सीमा पार आतंकवाद का कोई भी कृत्य बर्दाश्त नहीं

अस्ताना, एजेंसी



- कजाकिस्तान में आयोजित एससीओ बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है।

इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। डोभाल ने कहा सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दोहरे मानदंडों से दूर रहने और उन लोगों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो आतंकवाद के प्रायोजक, वित्तपोषक और मददगार हैं। अफगानिस्तान में आतंकवाद की निरंतर मौजूदगी सुरक्षा स्थिति पर गहरा चिंता का विषय है।

## एक नजर

### अमृतसर में हवाला रैकेट का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) अमृतसर ने बुधवार को हवाला रैकेट का पर्दाफाश किया। संयुक्त टीम ने पास से हेरोइन और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च 2024 को बीएसएफ के खुफिया तंत्र को अमृतसर जिले के एक सीमावर्ती गांव में नशीले पदार्थों के साथ एक तस्कर की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली, फिर संयुक्त टीम के ऑपरेशन दौरान अमृतसर में पर्यटक स्थल 'साडा पिंड' के बाहर एक और संदिग्ध को पकड़ा। युवक ने पूछताछ के दौरान हवाला रैकेट और पाकिस्तान से तस्करों को हस्तांतरित करने का जुर्म कबूल लिया है। दोनों तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाद में उन्हें जिला अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल, अमृतसर भेज दिया।

### कर्नाटक: दो साल का बच्चा बोरवेल में गिरा, बचाव अभियान जारी

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के इंदी तालुका के लाचयान गांव में बुधवार को दो साल का बच्चा 16 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया। बोरवेल से बच्चे की रोने की आवाज सुनी तो आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि बचाव अभियान जारी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, शाम करीब 6:30 बजे बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था, अचानक से बोरवेल गिर गया। उन्होंने कहा-राजस्व अधिकारी, तालुक पंचायत के सदस्य और अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए पाइप गिराए हैं। बचाने का प्रयास जारी है।

### यमन में सेना और हूती के बीच संघर्ष, 21 लोगों की मौत

**अदन।** यमन के दक्षिणी प्रांत लाहज में बुधवार को सेना और हूती समूह के बीच हुए संघर्ष में 21 लोग मारे गए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया है कि, मोर्चे पर सेना और हूती आतंकवादियों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। जहां सेना और हूती आतंकवादियों की बीच गोलाबारी हुई। इस गोलीबारी में कमांडर सहित 12 जवानों की मौत हो गई और अन्य आठ घायल हो गए। इस बीच नौ हूती आतंकवादी मारे गए और 15 से अधिक घायल हुए हैं। यमन में दो अक्टूबर 2022 से हालात बहुत नाजुक बने हुए हैं। जब संयुक्त राष्ट्र ने छह महीने के संघर्ष विराम को बढ़ाने और यमन सरकार की हूती आतंकवादियों से निपटने की विफलता की घोषणा की थी। बता दें, लड़ाकों ने 2014 में सना पर कब्जा कर लिया था।

## भक्तों का सैलाब..

अबूधाबी। अबूधाबी में बने मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक महीने के दौरान 3.5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। बता दें, इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसे एक मार्च को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। हर शनिवार और रविवार को 50 हजार के करीब लोग पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना है कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम 7.30 बजे स्वामीनारायण घाट पर गंगा आरती होती है। इसका निर्माण गंगा और यमुना के पवित्र जल से किया गया है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की ओर से लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबूधाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान के 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है।




# ब्राजील में 40 करोड़ रु. में बिकी भारतीय नस्ल की गाय

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में गायों की औसत कीमत 11 हजार रुपये या इससे अधिक है, लेकिन ब्राजील में एक गाय 40 करोड़ रुपये में बिकी है। पशुओं की नीलामी में इसे नया रिकॉर्ड बताया जा रहा है। गाय आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की 'वियाटिना-19 एफआइवी मारा इमोविस' नाम की नस्ल की है।

ब्राजील में नीलामी के दौरान इसे 48 लाख डॉलर में खरीदा गया। सफेद फर और कंधों पर विशिष्ट बल्बनुमा कूबड़ वाली यह गाय भारत की मूल निवासी है। ब्राजील में इस नस्ल की काफी डिमांड है। नस्ल का वैज्ञानिक नाम 'बोस इंडिकस' है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह भारत के ओंगोल मवेशियों की वंशज है, जो अपनी मजबूती के लिए जानी जाती है। यह खुद को पर्यावरण के हिसाब से ढाल लेती है। यह नस्ल पहली बार 1868 में जहाज से ब्राजील भेजी गई थी। साठ के दशक में कई और गायों को वहां ले जाया गया था।

ओंगोल नस्ल के मवेशी काफी गर्म तापमान में भी रह सकते हैं। इनका उपापचय (मेटाबॉलिज्म) मजबूत होने से इनमें किसी तरह का इंफेक्शन नहीं होता। ब्राजील में जमकर गर्मी होती है। इसलिए वहां यह गाय काफी पसंद की जाती है।

# इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों की मौत पर भड़के बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में मंगलवार को इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों के मारे जाने पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह क्रोधित हैं, यह घटना हृदय विदारक है।

मारे गए राहतकर्मी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के लिए सेवा कार्य करते थे और ये बेघर फिलिस्तीनियों तक भोजन पहुंचाने के कार्य में लगे थे। हमले के बाद इजराइल ने उस पर खेद जताया और जांच की बात कही है। बाइडन ने कहा है कि हमले के संबंध में इजराइल की जांच जल्द पूरी होनी चाहिए, इसमें हमला करने वालों की जिम्मेदारी निश्चित होनी चाहिए और इस जांच को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

विज्ञान | आठ अप्रैल तक जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा

# विश्व में 1988 के बाद तेजी से हुई प्रकाश प्रदूषण की वृद्धि

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक यानी साप्ताहिक स्याह आकाश शुरू हो गया है। आठ अप्रैल तक दुनियाभर में यह सप्ताह अंधेरे के प्रति जागरूकता और मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा।

1988 के बाद से दुनिया में बहुत तेजी से प्रकाश प्रदूषण में वृद्धि हुई है। भले की भारत मे इस इस सप्ताह को लेकर जागरूकता नही है, लेकिन कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक अंधेरी और प्राकृतिक रात का विश्वव्यापी उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इंटरनेशनल डार्क-स्काई एसोसिएशन (आईडीए) की स्थापना का उद्देश्य मानव जनित प्रकाश प्रदूषण को रोकना है। इसकी अनिवार्यता खगोलीय अध्ययन में प्रकाश द्वारा पड़ने वाले व्यवधान को कम करना है। नए आंकड़े के अनुसार प्रकाश प्रदूषण मानव जनसंख्या वृद्धि की दोगुनी दर से बढ़ रहा है।

दुनिया भर में 80 प्रतिशत लोग प्रकाश-प्रदूषित आकाश के नीचे रहते हैं। इसीलिए आईडीए ने एक अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक की स्थापना की है, जो 3 से 8 अप्रैल को पड़ता है। यह सप्ताह स्याह रहेगा। जिसमें कई तरह के खगोलीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस सप्ताह सितारों और नक्षत्रों की महत्ता को समझने का मौका मिलेगा।

इस सप्ताह को लेकर आईडीए ने अपील है कि सभी लोग अंधेरी रात के आसमान की हमारी साझा विरासत की रक्षा और जश्न मनाने के लिए वैश्विक डार्क स्काई आंदोलन में शामिल होंगे। डार्कस्काई इंटरनेशनल ऐसे समाधानों को बढ़ावा देता है और लोगों को आउटडोर प्रकाश को कम करने की अपील करता है।



स्याह रात में मिल्की वे का शानदार नजारा।

## एरीज के वैज्ञानिकों ने भी की अपील

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी कहते हैं कि ब्रह्मांड की खोज खबर के लिए किए जा रहे अनुसंधानों में प्रकाश प्रदुषण बड़ी समस्या के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिसे कम करना बेहद जरूरी है। इस दिशा में दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस मुहीम में देश का हर व्यक्ति सहयोग करे।

# बाइडन-ट्रंप ने चार और राज्यों में जीते प्राइमरी चुनाव, फिर होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आसानी से चार और राज्यों में अपनी-अपनी पार्टियों के प्राइमरी चुनाव पर जीत दर्ज की है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में फिर से दोनों के बीच कांटे का मुकाबला होगा।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी ने दो अप्रैल को चार राज्यों न्यूयार्क, कनेक्टिकट, रोड आइलैंड और विसकन्सिन में प्राइमरी चुनाव आयोजित किए। इन चुनावों में ट्रंप को 75 प्रतिशत से अधिक और बाइडन को 80 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए।

हालांकि, ये प्राइमरी चुनाव अब औपचारिकता भर हैं, क्योंकि बाइडन और ट्रंप अपनी-अपनी पार्टियों से नामांकन की पात्रता पहले ही हासिल कर चुके हैं। दोनों ही आवश्यक डेलीगेट का समर्थन पा चुके हैं। चार राज्यों के ताजा चुनाव के बाद ट्रंप के पास अब 1860 डेलीगेट और बाइडन के पास 3,030 डेलीगेट का समर्थन है। राष्ट्रपति प्रत्याशी बनने के लिए उनके नामांकन की पुष्टि जुलाई में मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन और अगस्त में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में की जाएगी। ट्रंप ने मिशिगन में मंगलवार को अवैध आप्रवासियों को 'जानवर' बताकर विवाद खड़ा कर दिया था।



## जज, गवाह व कर्मियों के खिलाफ नहीं बोल पाएंगे ट्रंप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हश मनी मामले में परेशानियां बढ़ गई हैं। ट्रंप के आपराधिक मामले की सुनवाई का नेतृत्व करने वाले जज ने गैग ऑर्डर का दायरा बढ़ा दिया है। जज जुआन मर्चन ने कहा कि ट्रंप अब मेरे परिवार, मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन बैग के अलावा गवाहों, अभियोजकों, अदालत के कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ बात नहीं कर सकेंगे।